राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 18 जून 2026
वर्ष 07, अंक 251, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बच्चे को काला कहने पर हुआ खूनी संघर्ष, महिला की मौत शिकायत पर पुलिस नहीं करती है कार्वाई...02

महिला आयोग सदस्य ने सीएचसी गौरा का किया निरीक्षण, मरीजों से जाना स्वास्थ्य सेवाओं का हाल..10

# पटना में हाईवोल्टेज ड्रामा! खान सर पर दर्ज नहीं हुई एफ़.आई.आर.

**● पटना के कोचिंग विवाद से खान सर मुश्किलों में हैं. अब रौशन आनंद के भाई प्रिंस यादव की संदिग्ध मौत में खान सर के सामने नहीं मुसीबत आ सकती है।**





प्रिंस यादव की मौत मामले को लेकर बुधवार देर शाम को पटना में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला है. भाई प्रिंस की मौत मामले में खान सर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने रौशन आनंद थाने गए थे. जब कई घंटे बीत जाने के बाद खान सर के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो रौशन आनंद ने धरने पर बैठने की चेतावनी दी. उन्होंने कहा कि जब तक एफआईआर दर्ज नहीं होती, मैं यही धरने पर बैठूंगा. मौके पर भारी जुटी हुई है. मीडिया से बातचीत में रौशन आनंद ने कहा कि मुझे साजिश के तहत जेल भेज दिया गया. मेरे भाई की हत्या हो गई. किसके दबाव में एफ़.आई.आर. दर्ज नहीं हो रही है. यह कदमकुआं थाने की पुलिस बतायेगी।

**'पुलिस गोली मार दे, पर यहीं बैठेंगे'**

रौशन आनंद ने कहा कि अगर आज स्नद्धक्रदर्ज नहीं होती है तो हम यहीं बैठेंगे. हमको पटना पुलिस गोली मार दे, लेकिन हम यहीं बैठेंगे. रसूख का इस्तेमाल किया जा रहा है. ऊपरी दबाव के कारण मेरा एफ़.आई.आर. दर्ज नहीं किया जा रहा है. मुझे पूरे भारत के शिक्षकों और छात्रों के समर्थन की जरूरत है. रौशन ने कहा कि थाना प्रभारी एफ़.आई.आर. करने से मना किया। SSP को फोन किया, उनसे बात नहीं हो पाई, IG से मिलने गए, लेकिन मुलाकात नहीं हुई।

**शिकायत में रौशन ने क्या कहा?**

प्रिंस यादव के भाई रौशन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दावा नहीं, पूरा विश्वास है कि फैसल खान उर्फ खान, डॉ. रामाशंकर प्रसाद और कन्हैया कुमार सिंह व अन्य लोगों ने गहरी साजिश रचकर मेरे भाई प्रिंस की हत्या कर दी. शिकायत में रौशन आनंद ने कहा कि इन अपराधियों को गिरफ्तार कर सजा दिलाई जाए. जिससे हमारे परिवार की न्याय में निष्ठा बनी रही.

**रौशन आनंद बोले- प्रिंस की मौत साजिश थी**


जेल से छूटते ही रौशन आनंद ने कहा कि उसके भाई प्रिंस की हत्या की गई है. रौशन ने भाई की हत्या का आरोप खान सर पर लगाया था. रौशन ने दावा किया कि फैजल खान (खान सर) ने उनके भाई की हत्या करवाई और मुख्य आरोपी अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है. ज्ञान बिंदु कोचिंग संस्थान के निदेशक रौशन आनंद ने आरोप लगाया कि उनके भाई प्रिंस यादव की मौत आकस्मिक नहीं, बल्कि एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी। रौशन आनंद ने प्रिंस यादव की मौत की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच की मांग की. ताकि घटना के पीछे छिपी असली साजिश का पर्दाफाश हो सके. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि खान ग्लोबल स्टडीज में हुई गोलीबारी और तोड़फोड़ की घटना के बारे में सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक होने के बाद कहानी बदल गई।

**रविवार को नेपाल के होटल में मिला था प्रिंस का शव**

बता दें कि रौशन आनंद के भाई प्रिंस यादव की 3 दिन पहले नेपाल के एक होटल में संदिग्ध हाल में मौत हो गई थी. प्रिंस का नेपाल के बीरतनगर के एक होटल के कमरे से रविवार को शव मिला. जिसके बाद बीते दिनों हुआ कोचिंग विवाद और गहरा गया. प्रिंस यादव पर बीते दिनों खान सर के कोचिंग पर हुए फायरिंग मामले में केस दर्ज था। जानकारी के अनुसार, खान ग्लोबल स्टडीज में 2 जून को हुई तोड़फोड़ और पत्थरबाजी की घटना के बाद दर्ज एफआईआर में प्रिंस यादव को पहले ही आरोपी बनाया गया था। कोचिंग संस्थान हिंसा मामले में रौशन आनंद को 3 जून को गिरफ्तार किया गया था और जमानत मिलने से पहले वे लगभग 12 दिनों तक न्यायिक हिरासत में रहे।

# छात्रों का दमन करता है एजुकेशन सिस्टम कोटा में स्टूडेंट्स से बोले राहुल गांधी

**● राहुल गांधी ने कोटा में छात्रों से संवाद करते हुए भारतीय शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि यह सिस्टम छात्रों के सपनों का दमन करता है, उन्हें सीमित विकल्प देता है. राहुल ने पेपर लीक और NEET जैसी परीक्षाओं में छात्रों से ली जा रही भारी फीस को अपराध बताया, जो लाखों युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रहा है।**



पेपर लीक के खिलाफ आज राहुल गांधी शिक्षा की नगरी कहे जाने वाले राजस्थान के कोटा शहर पहुंचे हैं. इस कार्यक्रम से पहले राहुल गांधी ने कहा था कि हर पेपर लीक, हर रद्द परीक्षा, हर अधूरी भर्ती - सिर्फ़ सिस्टम की विफलता नहीं, लाखों सपनों पर प्रहार है. उन्होंने छात्रों से कहा, 'आइए, मिलकर एक ऐसी हुंकार बनें जिसे अनसुना करना नामुमकिन हो. कोटा से शुरुआत - फिर देश के हर कोने तक.' राहुल गांधी के इस आह्वान पर हजारों की तादाद में छात्र कोटा के दशहरा मैदान उन्हें सुन्ने पहुंचे हैं। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए अपने संबोधन में कहा, 'राहुल गांधी ने कहा आज में कोई पॉलिटिकल बात नहीं करूंगा, मैं भाजपा कांग्रेस और किसी मुद्दे पर बात नहीं करने आया, सिर्फ आपके मुद्दे पर बात करूंगा. कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4000 किलोमीटर चला लाखों युवा मुझे मिले, बहुत सारे सवाल थे. बहुत सारे लोगों से सवाल पूछे थे, किसी ने कहा कोई इंजीनियर बनना चाहते हैं कोई लॉयर बनना चाहता है.' राहुल गांधी ने कहा बस 5 ऑप्शन ही, जो सिस्टम छात्रों को बनाना चाहता है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि मैंने उनसे पूछा कि सच बताओ तुम्हारे दिल में क्या है. सच्चाई यह थी कि कोई एक्टर बनना चाहती थी कोई डांसर बनना चाहती थी, कोई एस्ट्रोलॉजर बनना चाहती थी. मैंने उनसे सवाल किया कि आप में से कितनी लड़कियां पायलट बनना चाहती है, एक भी लड़की ने हां नहीं कहा. इसके बाद राहुल ने बताया कि उन्होंने अपने पायलट से कहा कि चार-पांच लड़कियों को हेलीकॉप्टर में ले जाइए, लड़कियां हेलीकॉप्टर में गई और जैसे ही वापस आई, तो मैंने पूछा क्या करना चाहती हो, तो उन्होंने कहा कि हम पायलट बनना चाहती हैं. राहुल ने बताया कि हमारा जो सिस्टम है वह युवाओं के सपने पूरा नहीं करना चाहता है। राहुल गांधी ने ये बातें तब कही जब वह छात्रों के साथ मंच पर संवाद कर रहे हैं. स्टेज पर सिर्फ राहुल और स्टूडेंट्स थे और कोई भी नेता नहीं थे. स्टेज पर सौम्या मीणा, सानिया गुप्ता और जीशान अलम. राहुल गांधी ने डेटा देते हुए कहा कि सरकार NEET के अलावा अलग-अलग एग्जाम के जरिए छात्रों से इतना पैसे ले लेती है, जितना वह 5 मंत्रालयों में डालती है. फिर भी परिक्षाओं में गड़बड़ियां होती हैं. राहुल गांधी ने कहा, 'देश में बढ़ते कॉम्पिटिशन और सीमित संसाधनों की वजह से आज 22 लाख नीट (NEET) स्टूडेंट्स के पेरेंट्स से लूट की जा रही है. शिक्षा का यह व्यापार क्राइम है।' राहुल गांधी कहते हैं, 'मेरा मकसद आपको हतोत्साहित करना नहीं है, क्योंकि आपको सपने देखने चाहिए. और मुझे पूरा भरोसा है कि आप सफल होंगे, लेकिन मैं इस देश को यह बताना चाहता हूं कि आप बहुत मुश्किल हालात का सामना कर रहे हैं. इसीलिए हमने वह दुखद घटना देखी. यह ऐसा तनाव नहीं है, जिससे हमारे बच्चों को गुजरना पड़े और असल में यही वह मुख्य संदेश है जो मैं इस बैठक के जरिए पहुंचाना चाहता हूं।'

## संक्षिप्त ख़बरें

### ई रिक्शा की छिनैती का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** असलहे की नोंक पर ईरिक्शा की छिनैती व मारपीट को लेकर पीड़िता ने लालगंज कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज थाना क्षेत्र के पूरे लेदई देवापुर निवासी संतोष पाण्डेय की पुत्री प्रियंका पाण्डेय ने बुधवार को पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी शादी बीते वर्ष 2025 में पूरे लेदई देवापुर निवासी जितेन्द्र मिश्र के साथ हुई। पीड़िता का कहना है कि उसका पति आये दिन उसे प्रताड़ित करता था।तहरीर में कहा गया है कि आरोपी पति द्वारा पीड़िता के पिता पर दबाव बनाकर लोन के जरिए एक ईरिक्शा खरीदा गया। बीती बारह जून को उसका पिता ईरिक्शा लेकर रानीगंज बाजार गया था। तभी आरोपी पति व दो अन्य ने तमंचे की नोंक पर बाजार से कुछ दूर पहले उसका ईरिक्शा छीन लिया। घटना की जानकारी पीड़िता के पिता ने रानीगंज पुलिस चौकी को दी। आरोप है कि इससे नाराज होकर शाम को घर आकर पति ने प्रियंका की पिटाई कर दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर दोषियो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कैलिया थाना पुलिस ने चोरी के जेवरात बरामद कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**कोंच (जालौन)**- चोरी की घटना का खुलासा करते हुए कैलिया पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही चोरी किए गए जेवरात बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष कैलिया अवनीश कुमार ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी रामकुमार निवासी ग्राम किशुनपुरा थाना कैलिया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से चोरी किया गया एक मंगलसूत्र, मनचली पांच लाकेट, एक चांदी का बिछुआ, हाफ पेटी, पायल, चार जोड़ी चांदी की बिछिया, कछुआ छाप चांदी की अंगूठी व 790 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि चोरी गई संपत्ति की शत-प्रतिशत बरामदगी कर ली गई है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार उरई भेज दिया गया।

# बिगत 4 माह से फरार पूर्व बीएसए शालिनी श्रीवास्तव दिल्ली से गिरफ्तार

**● आत्महत्या दुष्प्रेरण मामले में 25 हजार की थी इनामी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के बहुचर्चित मामले में फरार चल रही 25 हजार रुपये की इनामी पूर्व बीएसए शालिनी श्रीवास्तव को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। करीब छह माह से अधिक समय से पुलिस को चकमा दे रही अभियुक्ता को गुलरिहा पुलिस ने नई दिल्ली से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर गोरखपुर लाया है। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा के नेतृत्व में गठित टीम ने यह सफलता हासिल की। कार्रवाई के दौरान उपनिरीक्षक मदन मोहन मिश्रा व उनकी टीम ने अभियुक्ता शालिनी श्रीवास्तव पत्नी सौरभ कुमार सिन्हा निवासी आनंद नगर, बड़ी काली मंदिर, थाना कोतवाली, जनपद बलिया को नई दिल्ली से गिरफ्तार किया।

मामला थाना गुलरिहा में दर्ज मुकदमा संख्या 141/2026 से जुड़ा है। पुलिस के मुताबिक 22 फरवरी 2026 को एक महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी पति को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। साथ ही उसे झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियां दी जा रही थीं। मानसिक उत्पीड़न और दबाव से परेशान होकर उसके पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले की जांच के बाद पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण समेत अन्य गंभीर धाराओं तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

जांच के दौरान शालिनी श्रीवास्तव का नाम सामने आने पर पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार ठिकाने बदल रही थी, जिसके चलते पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। लंबे समय से फरार चल रही अभियुक्ता की तलाश में विभिन्न स्थानों पर दबिश दी जा रही थी। आखिरकार तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने नई दिल्ली में उसका सुराग लगा लिया और उसे गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। इस गिरफ्तारी को गोरखपुर पुलिस की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में आगे की विवेचना और विधिक कार्रवाई जारी है।

### ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन का होगा विस्तार, यात्रियों को मिलेंगी नई सुविधाएं

**भदोही।** गोपीगंज स्थित ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर जल्द ही यात्रियों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। प्लेटफार्म संख्या एक के विस्तारीकरण तथा अतिरिक्त प्लेटफार्म शेल्टर निर्माण के कार्यों को स्वीकृति मिल गई है और दोनों परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। यह जानकारी केंद्रीय राज्य मंत्री (रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग) ने भदोही सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद को भेजे गए पत्र के माध्यम से दी है। सांसद ने 16 दिसंबर 2025 को लोकसभा में नियम-377 के अंतर्गत ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या एक के विस्तार और अतिरिक्त शेल्टर निर्माण की मांग उठाई थी। रेल मंत्रालय की ओर से बताया गया है कि प्लेटफार्म संख्या एक के विस्तारीकरण का कार्य स्वीकृत हो चुका है तथा इसकी निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं यात्रियों को गर्मी और वर्षा से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से प्लेटफार्म संख्या एक एवं दो पर अतिरिक्त प्लेटफार्म शेल्टर निर्माण को भी मंजूरी दे दी गई है। सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद ने कहा कि लंबे समय से रेल यात्रियों द्वारा प्लेटफार्म संख्या एक के विस्तार और पर्याप्त शेल्टर की मांग की जा रही थी। वर्तमान में शेल्टर की कमी के कारण यात्रियों को गर्मी और बारिश के दौरान काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# खेत की मेड़ तोडने का विरोध करने पर किसान परिवार पर हमला

**» कुल्हाड़ी, लाठी-डंडों से मारपीट; बहू समेत तीन घायल, सात आरोपियों पर मुकदमा दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम डोंगराखुर्द में खेत की मेड़ तोडने का विरोध करना एक किसान परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि दबंगों ने एक राय होकर किसान, उसके बेटे और बहू पर कुल्हाड़ी, लाठी-डंडों तथा लात-घूसों से हमला कर दिया। घटना में तीनों घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एक ही परिवार के सात नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम डोंगराखुर्द निवासी मुलू पुत्र छत्ता अहिरवार ने बताया कि 13 जून की शाम करीब पांच बजे उनका पुत्र सोनू अपने खेत पर गया था। आरोप है कि उसी समय गांव का विनोद पुत्र बटुवा बरार अपने ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहा था। जुताई के दौरान ट्रैक्टर से मुलू के खेत की मेड़ टूट गई। जब सोनू ने मेड़ तोडने का विरोध किया तो विनोद कथित रूप से गाली-गलौज करने लगा। विरोध बढने पर आरोपी के परिवार के अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंच गए और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बताया कि विनोद, मिथुन पुत्र विनोद बरार, अशोक पुत्र बटुवा बरार तथा अशोक के पुत्र हीरा, करन, हरिश्चंद्र और गोविंद ने मिलकर सोनू पर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने लाठी, डंडों और कुल्हाड़ी से मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया। बेटे को बचाने के लिए जब मुलू और उनकी बहू अर्चना पत्नी सोनू अहिरवार मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। घटना में तीनों को चोटें आई। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके की ओर बढ़े, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। घटना के बाद घायल परिजन थाना मड़ावरा पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी विनोद, मिथुन, अशोक, हीरा, करन, हरिश्चंद्र और गोविंद के खिलाफ बीएनएस की धारा 191(2), 115(2), 352, 351(2), 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज की है।

# गुटखा मांगने पर दलित युवक से मारपीट, पिता को भी पीटा

**● जातिसूचक शब्द कहकर किया अपमान**

**दो आरोपियों पर एससी/एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम मिर्चवारा में गुटखा मांगने को लेकर हुए विवाद में एक दलित युवक और उसके पिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि दुकानदार और उसके पिता ने लोहे की रॉड से युवक पर हमला कर दिया तथा बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पिता को भी पीट दिया। इतना ही नहीं, आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध एससी/एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मिर्चवारा निवासी प्यारेलाल उर्फ हल्के अहिरवार पुत्र गम्पे अहिरवार ने बताया कि 14 जून की शाम लगभग आठ बजे उनका पुत्र संजीव अनोर गांव के अनोर तिराहे स्थित एक दुकान पर राजश्री गुटखा लेने गया था। आरोप है कि दुकान संचालक आकाश उर्फ छोटू पुत्र कमलेश कुशवाहा ने बिना किसी कारण के संजीव के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आकाश उर्फ छोटू तथा उसके पिता कमलेश कुशवाहा पुत्र धनसिंह कुशवाहा कथित रूप से आक्रोशित हो गए और दुकान में रखी लोहे की रॉड से संजीव के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि दोनों ने युवक को जमीन पर पटककर लोहे की रॉड से हमला किया, जिससे उसे चोटें आई। पुत्र की आवाज सुनकर जब वह मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। इस दौरान उन्हें शरीर में अंदरूनी चोटें आई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकले। आरोप लगाया गया है कि जाते समय आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर पीड़ित परिवार को अपमानित किया तथा भविष्य में जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने आरोपी आकाश उर्फ छोटू एवं कमलेश कुशवाहा के विरुद्ध बीएनएस की धारा 352, 115(2), 351(3) और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1)(द), 3(1)(घ) एवं 3(2)(व्ही.ए.) के तहत भी कार्रवाई की गई है।

### एन.एच.-44 पर रेलिंग निर्माण के विरोध में ग्रामीणों का चक्काजाम, घंटों बाधित रहा यातायात

**ग्राम रोंडा के सामने 30 फीट रास्ता छोडने की मांग, प्रशासन के आश्वासन पर समाप्त हुआ प्रदर्शन**

**ललितपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 (एनएच-44) पर ग्राम रोंडा के सामने रेलिंग (सेफ्टी गार्ड) लगाए जाने के विरोध में बुधवार को ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। अचानक हुए प्रदर्शन के चलते हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और यातायात घंटों प्रभावित रहा। बाद में प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा ग्राम रोंडा के पास हाईवे के डिवाइडर एवं दोनों ओर सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग लगाने का कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि निर्धारित स्थान पर पूरी तरह रेलिंग लगा दी गई तो गांव का मुख्य आवागमन मार्ग बंद हो जाएगा, जिससे हजारों ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम रोंडा से मन्नू पेट्रोल पंप की ओर लगभग दो किलोमीटर तक तथा झांसी की दिशा में करीब एक किलोमीटर तक सड़क पार करने के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है।

# अपर नगर मजिस्ट्रेट ने स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से अपर नगर मजिस्ट्रेट ने बुधवार को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, वार्डों की स्थिति, चिकित्सा उपकरणों के रख-रखाव, कर्मचारियों की उपस्थिति तथा पार्किंग व्यवस्था का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर मजिस्ट्रेट ने अस्पताल परिसर में कई स्थानों पर नालियों की साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वच्छ वातावरण बनाए रखना प्राथमिकता होनी चाहिए, जिससे मरीजों एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपकरणों के उचित रख-रखाव और समय-समय पर उनकी जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक उपकरण पूरी तरह कार्यशील अवस्था में रहने चाहिए, ताकि मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। अपर नगर मजिस्ट्रेट ने विभिन्न विभागों के ड्यूटी चार्ट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी सूची को अद्यतन रखने तथा उसे निर्धारित स्थानों पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ड्यूटी चार्ट के सुव्यवस्थित होने से कार्यों की जवाबदेही सुनिश्चित होती है और मरीजों को समय पर सेवाएं प्राप्त होती हैं।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में अनाधिकृत पार्किंग की समस्या भी सामने आई। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने तथा पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में अवैध एवं अनियंत्रित पार्किंग के कारण मरीजों और एम्बुलेंस के आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है, इसलिए इस समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रशासन के अधिकारी एवं संबंधित विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अपर नगर मजिस्ट्रेट को अस्पताल की व्यवस्थाओं और सुधारात्मक कार्यों की जानकारी भी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### पशुपालकों को मिलेगा मुफ्त चारा बीज मिनीकिट, 120 लाभार्थियों का होगा चयन

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**प्रतापगढ़।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया है कि खरीफ 2026-27 के लिए राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम (रा0यो0) के अंतर्गत निःशुल्क चारा योजना शुरू की गई है। योजना के तहत जनपद में 120 पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें उन्नत किस्म के चारा बीज मिनीकिट निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे पशुओं के लिए गुणवत्तापूर्ण हरे चारे का उत्पादन बढ़ाया जा सके।योजना के अंतर्गत ज्वार, लोबिया, मक्का सहित अन्य चारा फसलों के बीजों का मिनीकिट प्रति लाभार्थी 0.1 हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।योजना में उन पशुपालकों को प्राथमिकता दी जाएगी जो कम से कम दो दुधारू पशु पालते हों तथा चारा उत्पादन के लिए पर्याप्त भूमि और सिंचाई की सुविधा रखते हों। लघु एवं सीमांत किसानों, पशुपालकों, स्वयं सहायता समूहों, एनजीओ तथा गौशाला संचालकों को भी प्राथमिकता के आधार पर चयनित किया जाएगा। स्थायी एवं अस्थायी गोआश्रय स्थलों, नंद बाबा दुग्ध मिशन तथा अन्य विभागीय योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों को भी वरीयता दी जा सकती है।

### दुकान लगाने को लेकर हुई मारपीट, दो जख्मी



**बस्ती।** बस्ती जिले के रुधौली थाना क्षेत्र के ग्राम बभनी मिश्र निवासी अखिलेश, विंदेश पुत्र वंश बहादुर, जो केशवापुर चौराहे पर दुकान लगाते हैं, के साथ दुकान लगाने को लेकर विवाद हो गया। पीड़ित पक्ष के अनुसार, अमित कुमार एवं राकेश कुमार पुत्र लोकई निवासी ग्राम गुनवाखोर, थाना दुधारा, जनपद संतकबीर नगर से पहले कहासुनी हुई, जिसके बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया।

आरोप है कि दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ने पर विपक्षियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें अखिलेश और विंदेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ितों ने यूपी-112 पर सूचना देकर पुलिस से सहायता मांगी, लेकिन आरोप है कि कई घंटे बीत जाने के बावजूद न तो पुलिस मौके पर पहुंची और न ही एम्बुलेंस उपलब्ध हो सकी। पीड़ित पक्ष का कहना है कि बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपितों की तलाश का प्रयास किया, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। घायलों ने संबंधित थाने में शिकायती पत्र देकर आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की सहायता मिल जाती तो घायलों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराया जा सकता था।

### महाराणा प्रताप के आदर्शों को किया नमन, हर्षोल्लास के साथ मनाई जयंती

**महरौनी।** वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महरौनी द्वारा नगर के बानपुर चौराहे स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम उत्साह एवं श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके अद्वितीय त्याग, पराक्रम और मातृभूमि के प्रति समर्पण को स्मरण किया। उपस्थित लोगों ने 'महाराणा प्रताप अमर रहें' के गगनभेदी नारों के साथ वीर शिरोमणि को श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महान योद्धा थे जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने स्वाभिमान और स्वतंत्रता से कभी समझौता नहीं किया। उनका जीवन संघर्ष, साहस और राष्ट्रप्रेम की अनुपम प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने युवाओं से महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के बताए मार्ग पर चलने तथा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया।

## बच्चे को काला कहने पर हुआ खूनी संघर्ष, महिला की मौत शिकायत पर पुलिस नहीं करती है कार्रवाई

● पुलिस के ढीले रवैया के कारण महिला की गई जान बच्चों के सर से उठा मां का साया विलख रहे बच्चे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले की पुलिस इस तरह निष्क्रिय हो गई है शिकतों पर अमल नहीं करती है और नया ही कंप्लेंट लिखती है जिसके कारण क्षेत्र में घटनाएं बढ़ रही हत्याएं हो रही पुलिस के ढीले रवैया के कारण गई महिला की जान परिवार और बच्चोंसे उठा मां का साया बस्ती जिले में पुलिस दे लगाम हो चुकी है इन पर कार्रवाई होना लाजरी है जिस तरह परशुरामपुर थाना क्षेत्र में निलंबित किए गए पुलिसकर्मी इस तरह हर थाने पर जो कई सालों से जमा पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई होना चाहिए। ताजा मामलारुधौली थाना क्षेत्र के बभनी मिश्रा गांव के महुआ बैरियहवा में मंगलवार को पड़ोसियों के बीच चल रहा विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। बच्चों को काला कहने को लेकर पिछले तीन दिनों से चल रहे तनाव के बीच हुई कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया और चाकू लगने से एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार, महुआ बैरियहवा निवासी खुशनुमा पत्नी मोहम्मद रईस और माजिदा पत्नी मोहम्मद अयूब (लगभग 40 वर्ष) का घर अगल-बगल है। ग्रामीणों के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से दोनों परिवारों के बीच बच्चों को लेकर विवाद चल रहा था। मंगलवार की शाम फिर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान खुशनुमा अपने घर से चाकू लेकर आई और माजिदा के पेट में वार कर दिया।

चाकू लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन और ग्रामीण आनन-फानन में घायल महिला को संतकबीरनगर जनपद के सेमरियावां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी रुधौली कुलदीप सिंह यादव ने भी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से पूछताछ की और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच पिछले तीन दिनों से विवाद चल रहा था और मंगलवार सुबह भी मामले की शिकायत थाने में की गई थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते प्रभावी हस्तक्षेप किया गया होता तो शायद यह घटना टाली जा सकती थी। हालांकि पुलिस अधिकारियों की ओर से इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस सतर्क है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## हॉर्मूज हमले में जान गंवाने वाले शिवानंद चौरसिया का पार्थिव शरीर आज पहुंचेगा देवरिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** जिले के सुरौली गांव निवासी शिवानंद चौरसिया का पार्थिव शरीर बुधवार शाम करीब चार बजे गोरखपुर एयरपोर्ट पहुंचेगा। 10 जून को हॉर्मूज क्षेत्र में हुए अमेरिकी मिसाइल हमले की चपेट में आने से उनकी मृत्यु हो गई थी। विदेश में आवश्यक कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद मंगलवार को उनका पार्थिव शरीर भारत के लिए रवाना किया गया। जानकारी के अनुसार, गोरखपुर एयरपोर्ट पर प्रशासनिक अधिकारियों और परिजनों की मौजूदगी में पार्थिव शरीर प्राप्त किया जाएगा, जिसके बाद एंबुलेंस से उनके पैतृक गांव सुरौली लाया जाएगा।

शिवानंद चौरसिया सुरौली थाना क्षेत्र के सुरौली गांव के निवासी थे और सिंगापुर की एक कंपनी में फिटर के पद पर कार्यरत थे। उनकी मृत्यु की सूचना मिलने के बाद से परिवार और पूरे गांव में शोक का माहौल है। पिछले सात दिनों से परिजन उनके पार्थिव शरीर के भारत पहुंचने का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दे रहे हैं। परिजनों ने पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से लगातार प्रयास किए थे। गांव में अंतिम दर्शन के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और पुलिस को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। परिजनों के अनुसार, गांव पहुंचने के बाद शिवानंद चौरसिया के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। शिवानंद चौरसिया के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है और ग्रामीण उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने की तैयारी कर रहे हैं।

### जुताई के पैसे मांगने पर किसान से मारपीट, महिला समेत तीन पर मुकदमा

**बकाया मजदूरी मांगने पर विवाद, गाली-गलौज कर दी जान से मारने की धमकी**

**ललितपुर।** खेत की जुताई के बकाया रुपये मांगना एक किसान को महंगा पड़ गया। थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम बूचा में मजदूरी के पैसे मांगने पर तीन लोगों ने कथित रूप से किसान के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। आरोपियों ने पीड़ित को दोबारा पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर महिला सहित तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बूचा निवासी अनेक पुत्र तुलाराम लोधी ने बताया कि उसने अपने ट्रैक्टर से गांव के ही अज्जू पुत्र हरचरन बुनकर के खेत की जुताई की थी। जुताई का कार्य पूरा होने के बाद भी उसे मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया था। 9 जून की दोपहर करीब दो बजे वह गांव में स्थित शिवराज की दुकान के सामने से गुजर रहा था। इसी दौरान उसकी मुलाकात अज्जू से हुई। अनेक ने जब अपने बकाया रुपये मांगे तो आरोपी कथित रूप से नाराज हो गया और विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि मौके पर मौजूद अज्जू, विक्की पुत्र राकेश बुनकर तथा श्रीमती ललितपुर बाई पत्नी हरचरन बुनकर ने मिलकर अनेक के साथ गाली-गलौज की।

## पात्र लाभार्थियों को मिले योजना का लाभः विजय लक्ष्मी गौतम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** विकसित भारत संकल्प सम्मेलन 2026 प्रबुद्ध सम्मेलन रतनसेन इंटर कालेज बांसी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग उ0प्र0 सरकार विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रबुद्ध सम्मेलन का कार्यक्रम हो रहा है। प्रधानमंत्री ने 2014 के बाद से हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का काम किया है। पूरे देश में 12 वर्षों में किए गए कार्यों को शिविर के माध्यम से लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।विश्व को करुणा अहिंसा और शांति का संदेश देने वाले गौतम बुद्ध की यह धरती है। बिना किसी भेदभाव के सभी को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। पात्र लाभार्थियों को आवास, सम्मान निधि, निःशुल्क राशन, दिया जा रहा है।कार्यक्रम को विधायक जय प्रताप सिंह, विधायक विनय वर्मा, अध्यक्ष जिला पंचायत शीतल सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा दीपक मौर्या ने संबोधित किया। मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने कार्यकम में मौजूद जनप्रतिनिधियों को अंग वस्त्र, बुके देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राम कुमार कुंवर, प्राचार्य शिवपति डिग्री कॉलेज शोहरतगढ़ अरविंद सिंह व अन्य लोगों द्वारा अपने विचार व्यक्त किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रजत कुमार चौरसिया, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गरेला खदान में हादसा मजदूर की मौत, दो घायल, अवैध खनन पर उठे गंभीर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के मादौन-कपासी इलाके में स्थित गरेला खदान में हुए एक हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दो अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में संचालित कथित अवैध खनन गतिविधियों तथा मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्राम मादौन निवासी निवासी अशोक पुत्र अजुद्दी सहरिया खदान में मजदूरी कर रहा था। इसी दौरान कार्यस्थल पर हुए हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि लोहे की सरिया लगने से उसे गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के अनुसार हादसे में दो अन्य मजदूर भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। आरोप है कि संबंधित ठेकेदार द्वारा घायलों का निजी स्तर पर उपचार कराकर उन्हें चुपचाप उनके घर भेज दिया गया। हालांकि इस संबंध में प्रशासन या पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मादौन, कपासी, हरदारी और आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध खनन का कार्य संचालित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि खदानों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जाती है और मजदूरों से जोखिम भरे माहौल में काम कराया जाता है। ऐसे में हादसों की आशंका लगातार बनी रहती है। मृतक के परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच, पोस्टमार्टम कराए जाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने भी क्षेत्र में चल रहे कथित अवैध खनन की उच्चस्तरीय जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों एवं ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग उठाई है। घटना के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा मामले की जांच के बाद ही हादसे के वास्तविक कारणों तथा जिम्मेदार लोगों की भूमिका स्पष्ट हो सकेगी।

### माउमाफी में छापेमारी के दौरान 3000 किलो लहन नष्ट

**ललितपुर।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री में संलिप्त तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा बड़ी मात्रा में लहन नष्ट किया गया। आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम माउमाफी में अवैध मद्य निष्कर्षण के अडडों को चिन्हित कर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मौके से 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। इसके अलावा जमीन में गाड़कर रखे गए ड्रमों को निकलवाते हुए लगभग 3000 किलोग्राम लहन (शराब बनाने हेतु तैयार सामग्री) को नष्ट कराया गया। छापेमारी के दौरान रचना कबूतरा एवं भूमि कबूतरा नामक दो महिला अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कोतवाली ललितपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसके बाद संयुक्त टीम ने ग्राम रजवारा में दबिश देकर देशराज नामक अभियुक्त को 5 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

### अवैध निर्माण का आरोप, तहसीलदार ने जांच के दिये आदेश




**लालगंज, प्रतापगढ़।** चकबंदी में गांव होने के बावजूद क्षेत्रीय लेखपाल पर विपक्षियो से मिलीभगत कर पीड़ित ने अवैध निर्माण कराए जाने का आरोप लगाया है। प्रकरण में तहसीलदार ने चकबंदी के लेखपाल से स्थलीय जांच के जरिए आख्या तलब की है। उदयपुर थाना क्षेत्र के राजापुर निवासी नटवर लाल सोनी पुत्र जीतलाल ने एसडीएम को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि उसका गांव चकबंदी प्रक्रिया के अधीन है। इसके बावजूद राजस्व विभाग के लेखपाल द्वारा उसकी आबादी की जमीन पर विपक्षी से मिलीभगत कर गलत आख्या एसडीएम को दी गयी है। लेखपाल के आख्या के आधार पर विपक्षियों द्वारा पुलिस की सह पर अवैध निर्माण का आरोप लगाया गया है। तहसीलदार गरिमा वर्मा ने चकबंदी विभाग के लेखपाल को स्थलीय जांच कर आख्या दिए जाने का निर्देश निर्गत किया है।

## 10 करोड़ रुपये के कथित फर्जी लोन का मामला, जांच शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जिले के बरहज क्षेत्र में एक युवक के नाम पर लगभग 10 करोड़ रुपये का कथित फर्जी लोन लेने का मामला सामने आया है। बड़कागांव निवासी देवेश मिश्रा ने जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी को शिकायती पत्र देकर मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। पीड़ित के अनुसार, उनके नाम से 'डीएम इंटरप्राइजेज' नामक एक फर्जी कंपनी बनाकर करोड़ों रुपये का ऋण प्राप्त किया गया। देवेश मिश्रा का कहना है कि उन्होंने कभी कोई कंपनी संचालित नहीं की और न ही किसी प्रकार का जीएसटी पंजीकरण कराया है।

मामले का खुलासा तब हुआ जब बरहज तहसील के लेखपाल ने सहायक सूचना आयुक्त के निर्देश पर उनकी चल-अचल संपत्तियों का विवरण मांगा। नोटिस मिलने के बाद उन्हें पहली बार अपने नाम पर लिए गए कथित फर्जी लोन की जानकारी हुई।

शिकायत के बाद जिला प्रशासन और पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक स्तर पर बैंक और जीएसटी पंजीकरण प्रक्रिया में संभावित अनियमितताओं की भी जांच की जा रही है।




यह देखा जाएगा कि केवाईसी और अन्य दस्तावेजों का सत्यापन किस आधार पर किया गया तथा जीएसटी रजिस्ट्रेशन के दौरान आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन हुआ या नहीं। थानाध्यक्ष विशाल उपाध्याय ने बताया कि इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। देवेश मिश्रा ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। यह मामला पहचान की चोरी और वित्तीय धोखाधड़ी का गंभीर उदाहरण माना जा रहा है, जिसकी जांच के बाद ही पूरे प्रकरण की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी।

## अंतरराज्यीय लूट गिरोह का भंडाफोड़, एक लाख का इनामी समेत चार बदमाश गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस ने एक अंतरराज्यीय लूट गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए कुख्यात शुभम पंडित गैंग से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 11 लाख रुपये नकद, तीन देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में एक लाख रुपये का इनामी बदमाश भी शामिल है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुनील, जोगिंदर उर्फ मुकेश, गुलजार और अभिषेक उर्फ चिट्टा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में कई गंभीर आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। इनमें से तीन आरोपी उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद में दर्ज सशस्त्र लूट के मामले में वांछित थे, जबकि दो आरोपी हरियाणा के फरीदाबाद में दर्ज रंगदारी के मामले में भी फरार चल रहे थे। पुलिस के मुताबिक 19 अप्रैल 2026 की रात सामलखा निवासी एक चांदी कारोबारी अपनी दुकान बंद कर स्कूटी से घर लौट रहा था। उसके पास करीब साढ़े तीन किलोग्राम चांदी के आभूषण थे, जिनकी कीमत लगभग सात से आठ लाख रुपये थी। शिव मंदिर चौक, कपासहेड़ा के पास दो बदमाशों ने उसकी स्कूटी रोककर उसे गिरा दिया। एक आरोपी ने कारोबारी पर देसी पिस्तौल तान दी, जबकि दूसरे ने हथियार की बट से हमला कर आभूषणों से भरा बैग छीनने का प्रयास किया।घटना के दौरान स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकले। भागते समय एक आरोपी ने भीड़ को डराने के लिए फायरिंग भी की। सूचना मिलने पर कपासहेड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

घटनास्थल से एक लोडेड देसी पिस्तौल और फायर किया हुआ कारतूस बरामद हुआ था।मामले की जांच के लिए थाना कपासहेड़ा की विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तकनीकी निगरानी की और खुफिया सूचनाओं के आधार पर आरोपियों की पहचान की। करीब दो महीने की जांच के बाद पुलिस ने जोगिंदर उर्फ मुकेश को गौतमबुद्ध नगर से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर सुनील को हरियाणा के पलवल से पकड़ा गया। बाद में गुलजार को हापुड़ और अभिषेक उर्फ चिट्टा को करनाल से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने पहले कारोबारी की रेकी की थी और उसकी गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाने के बाद लूट की योजना बनाई थी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी अन्य राज्यों में हुई कई वारदातों में भी शामिल रहे हैं।पुलिस के अनुसार सुनील के खिलाफ हत्या, डकैती, लूट, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट समेत 17 से अधिक मामले दर्ज हैं तथा उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। वहीं जोगिंदर के खिलाफ भी विभिन्न राज्यों में हत्या, डकैती और लूट के 12 मामले दर्ज हैं। दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

## बद्रीनाथ धाम में यमुना पुष्करालु के दिव्य अवसर पर महायज्ञ एवं भागवत कथा का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** यह एक महा संयोग ही है कि 12 वर्षों के बाद यमुना पुष्करालु का शुभ अवसर हम सभी को प्राप्त हुआ हैं और यह यज्ञ,दान करने का पुण्य अवसर प्रदान करता है।नमो वंदे गो मातरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू हृदय सम्राट पेरिका सुरेश के सौजन्य से बद्रीनाथ धाम में 11 दिवसीय श्रीमद् भागवत महा कथा का आयोजन किया गया। प्रत्येक दिन भागवत कथा,विशेष पूजा एवं महा आरती के कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर पुण्य अर्जित किए।श्री सुरेश ने बताया कि यमुना पुष्करालु के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया तथा आध्यात्मिक अनुष्ठान में भाग लिया।उन्होंने कहा कि पुष्कर स्नान, दान एवं पूजा से आध्यात्मिक शुद्धि प्राप्त होती है और प्रकृति के साथ सामंजस्य को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने इसे एक दिव्या अवसर बताया। उन्होंने कहा कि तेलुगु भाषी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क आवास, विशेष दर्शन एवं निशुल्क भोजन की व्यवस्था उनके द्वारा की गई थी। 11 दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं को निशुल्क भोजन प्रदान किया गया। श्री सुरेश ने कहा कि आध्यात्मिक भक्ति, सांस्कृतिक मूल्यों,सामाजिक शांति एवं समरसता एवं मानव कल्याण के लिए इस महायज्ञ का आयोजन किया गया था।

### श्रुत पंचमी पर महरौनी में होगा भव्य श्री श्रुत ज्ञान वर्धक विधान, मुनिश्री विकौशल सागर जी का मिलेगा सानिध्य

**महरौनी।** श्रुत पंचमी के पावन अवसर पर 19 जून को श्री 1008 अजितनाथ धाम दिगम्बर जैन मंदिर, महरौनी में सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में श्री श्रुत ज्ञान वर्धक विधान का भव्य एवं संगीतमय आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को मुनिश्री विकौशल सागर जी महाराज का मंगल सानिध्य प्राप्त होगा, जबकि संगीतकार सुनील की मधुर प्रस्तुतियों के साथ विधान संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 6:45 बजे मंगलाष्टक, 7:00 बजे अभिषेक एवं शांति धारा तथा 7:30 बजे से संगीतमय श्री श्रुत ज्ञान वर्धक विधान प्रारंभ होगा। समाज द्वारा सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया गया है। श्रुत पंचमी से पूर्व मुनिश्री विकौशल सागर जी महाराज के महरौनी आगमन पर दिगम्बर जैन पंचायत समिति एवं समाजजनों ने श्रद्धाभाव से उनका स्वागत किया।

## सरकारी पिस्टल चोरी करने वाला होमगार्ड गिरफ्तार, पिस्टल व 10 कारतूस बरामद

● गिरार पुलिस, स्वॉट और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई, दबाव बनाकर रुपये वसूलने के लिए की थी चोरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** थाना गिरार पुलिस ने सरकारी पिस्टल चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी होमगार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 9 एमएम पिस्टल, मैग्जीन तथा 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार थाना गिरार में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 34/2026 धारा 305(ई)/317(2) बीएनएस के तहत वांछित अभियुक्त महरौनी के ग्राम किसरदा निवासी मंगल पुत्र अनिरुद्ध सिंह को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चोरी की गई सरकारी 9 एमएम पिस्टल, मैग्जीन एवं 10 जिंदा कारतूस बरामद हुए। मामले की शुरुआत तब हुई जब पीआरवी में तैनात एक मुख्य आरक्षी द्वारा सूचना दी गई कि उनके साथ ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड चालक ने उनकी सरकारी पिस्टल, मैग्जीन और 10 जिंदा कारतूस चोरी कर लिए हैं। सूचना मिलते ही थाना गिरार में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल चार विशेष टीमें गठित कीं, जिनमें थाना पुलिस, स्वॉट टीम और सर्विलांस टीम शामिल थीं। टीमों ने तकनीकी एवं मैनुअल सर्विलांस के माध्यम से साक्ष्य जुटाकर आरोपी तक पहुंच बनाई और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी मंगल सिंह ने स्वीकार किया कि वह होमगार्ड के रूप में कार्यरत है और पीआरवी पर हेड कांस्टेबल प्रकाशचंद्र के साथ ड्यूटी कर रहा था। आरोपी ने बताया कि उसने 14 जून 2026 की रात ड्यूटी के दौरान सरकारी पिस्टल चोरी की थी। उसका उद्देश्य हेड कांस्टेबल पर दबाव बनाकर उनसे रुपये वसूलना था। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए पुलिस से माफी भी मांगी। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक थाना गिरार हरिशंकर, प्रभारी सर्विलांस अरुण पवार तथा प्रभारी स्वॉट टीम अतुल तिवारी सहित उनकी टीमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने मामले के सफल अनावरण को टीमवर्क और त्वरित कार्रवाई का परिणाम बताया है।

## संक्षिप्त खबरें

### अयोध्या में सीबीआई टीम का छापा, वित्त एवं लेखा विभाग अमेठी में करोड़ों के घोटाले में पड़ताल

**अमेठी में वित्त एवं लेखा विभाग में करोड़ों के घोटाले को लेकर अयोध्या के साथ लखनऊ, प्रतापगढ़ और कुशीनगर में एक साथ छापेमारी की**




**लखनऊ।** अमेठी में वित्त एवं लेखा विभाग में करोड़ों के घोटाले की जांच कर रही सीबीआई की टीम ने बुधवार को सुबह अयोध्या सहित अन्य नगरों में छापा मारा। राम नगरी में सीबीआई की टीम के इस छापे पर खलबली मच गई और लोगों ने सोचा की राम मंदिर में चढ़ावा को लेकर टीम पड़ताल कर रही है। सीबीआई की टीम ने कोर्ट के आदेश पर अमेठी में वित्त एवं लेखा विभाग में करोड़ों के घोटाले को लेकर अयोध्या के साथ लखनऊ, प्रतापगढ़ और कुशीनगर में एक साथ छापेमारी की। अयोध्या में टीम सुबह सात बजे पहुंची और कोतवाली नगर के देवकाली पुलिस चौकी के निकट पवन कुमार मालवीय के घर पड़ताल की। टीम ने आठ बजे तक पड़ताल समाप्त कर दी। सीबीआई की डीआईजी शिवानी तिवारी के निर्देशन में टीम ने अयोध्या में छापेमारी की। अमेठी में बेसिक शिक्षा विभाग के सात करोड़ से अधिक के घोटाले में बुधवार को सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के निर्देश पर जांच संभालने के बाद सीबीआई ने अयोध्या सहित कई जिलों में एक साथ छापेमारी की है। सात करोड़ से अधिक के घोटाले में सीबीआई ने आठ टीमें गठित कर जांच शुरु की और लखनऊ व अयोध्या समेत आठ जिलों में दस्तावेज खंगाले। टीम घोटाले के साक्ष्य जुटाने में जुटी है। सीबीआई ने लखनऊ, प्रतापगढ़, अयोध्या, अमेठी और कुशीनगर में छापेमारी से वित्त एवं लेखा अनुभाग में करोड़ों के घोटाले पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। संदिग्धों और मामले से जुड़े लोगों के ठिकानों पर जांच चल रही है। सीबीआई की टीमें अमेठी में शिक्षा विभाग के घोटाले में दस्तावेज और रिकॉर्ड खंगाल रही हैं।

### ओमप्रकाश राजभर के दावे पर अखिलेश का पलटवार, बोले- यूपी में पाला बदलने को तैयार बैठे हैं भाजपा के ही विधायक

**अखिलेश यादव ने कहा कि लालच देकर और डराकर विधायक व एमएलसी तोड़े**




**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सुभासपा अध्यक्ष एवं पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के बयान पर जोरदार पलटवार किया है। अखिलेश यादव ने ओमप्रकाश राजभर के सपा सांसदों के टूट वाले दावे पर जवाब दिया है। समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय पर बुधवार को पत्रकार वार्ता में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने ओमप्रकाश राजभर के बयान के सवाल पर तंज कसा। इस दौरान उन्होंने कहा कि गाना और दाना, कब तक चलेगा ये अफसाना। इसके बाद में कहा कि भाजपा इसी तरह से काम करती है, उन्होंने यूपी में पहले सपा के विधायक व एमएलसी तोड़े थे। अखिलेश यादव ने कहा कि लालच देकर और डराकर विधायक व एमएलसी तोड़े। उन्होंने कहा कि जो डरेगा वो तो जाएगा, बहादुर लोग होने चाहिए। यूपी में तो भाजपा के ही विधायक पाला बदलने को तैयार बैठे हैं। कुछ लोग समय पर पत्ते खोलते हैं। सपा पूरी तरह मजबूत है और पार्टी कई बार उतार-चढ़ाव देख चुकी है।

**भाजपा के लिए धर्म का मतलब धन**

सपा प्रमुख ने राम मंदिर के चढ़ावा प्रकरण को लेकर कहा कि भाजपा के लिए धर्म का मतलब धन है। वहां के सीसी कैमरों की फुटेज गायब है, क्योंकि उससे चढ़ावा चोरी के राज खुल जाएगा। उन्होंने गोरखपुर में शिक्षा और स्वास्थ्य की बदहाली के आंकड़े पेश किए और गोरखपुर में जल्द कार्यकर्ता सम्मेलन करने की बात कही। समय से पहले विधानसभा चुनाव के प्रश्न पर कहा कि सारा मामला खाद का है। अगर सरकार खाद का इंतजाम नहीं कर पाई तो चुनाव नवंबर में ही हो जाएंगे। उन्होंने इटावा में निर्माणाधीन केदारेश्वर मंदिर के पूरा होने पर राम मंदिर में दर्शन करने की बात भी दोहराई।

# लखनऊ मेट्रो में अब एक कार्ड से पूरे देश में सफर

**● लखनऊ मेट्रो जल्द ही नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (NCMC) लॉन्च करेगी, जिससे यात्री देश भर की मेट्रो में एक ही कार्ड से सफर कर सकेंगे**
**●मौजूदा गो स्मार्ट कार्ड तीन महीने में बंद हो जाएंगे और उनका बैलेंस एनसीएमसी में ट्रांसफर नहीं होगा, इसलिए यात्रियों को इसे जल्द खत्म करना होगा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** अब कोच्चि सहित दूसरे शहरों की मेट्रो में सफर के लिए वहां टिकट की लाइन लगने की जरूरत नहीं होगी। लखनऊ सहित देश भर की इन मेट्रो में सफर एक ही कार्ड पर हो सकेगा। कानपुर और आगरा के बाद लखनऊ में भी नेशनल कामन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) की सुविधा शुरू करने की तैयारी है। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने एनसीएमसी की सुविधा शुरू करने के लिए ट्रायल पूरा कर लिया है। एक सप्ताह के भीतर यह सुविधा लांच हो जाएगी। हालांकि एनसीएमसी कार्ड लांच होने के तीन माह के बाद मौजूदा गो स्मार्ट कार्ड को बंद किया जाएगा। ऐसे में यात्रियों को एनएसीएमसी लांच होने के तीन माह के भीतर गो स्मार्ट कार्ड के बैलेंस को समाप्त करना होगा। इस कार्ड का बैलेंस एनसीएमसी में ट्रांसफर नहीं होगा। यात्रा के किराए में 10 प्रतिशत छूट देने की मौजूदा कार्ड की व्यवस्था एनसीएमसी में भी जारी रहेगी। लखनऊ मेट्रो ने लगभग डेढ़ लाख गो स्मार्ट कार्ड जारी किए हैं। प्रतिदिन लगभग 90 हजार यात्री मेट्रो में सफर करते हैं। इसमें 45 हजार यात्री नकद राशि देकर टोकन, क्यूआर कोड से सफर करते हैं। वहीं, डेढ़ लाख स्मार्ट कार्ड के बाद भी केवल 45 हजार लोग गो स्मार्ट कार्ड से सफर करते हैं। लखनऊ मेट्रो ने जिस एयरटेल पेमेंट बैंक से एनसीएमसी जारी करने का करार किया है, वह पुराने कार्ड के बदले नए कार्ड जारी करने पर जमा होने वाली 100 रुपये की सुरक्षा राशि नहीं लेगी। मौजूदा कार्ड की सुरक्षा राशि के बदले ही नया कार्ड जारी हो जाएगा। इसके लिए कानपुर व आगरा की तरह केवाइसी की जरूरत नहीं होगी। यात्री को अपना मोबाइल नंबर पंजीकृत कराना होगा उसपर ही एक ओटीपी आने के साथ एनसीएमसी जारी हो जाएगा।यह कार्ड देश के कई बैंक भी जारी करते हैं। ऐसे में यात्री अपने बैंक से ही नए कार्ड जारी करवा सकते हैं। एनसीएमसी से यात्री ट्रेन में सीधे प्रवेश कर सकेंगे और यात्रा का किराया कार्ड से स्वतः कट जाएगा। इससे यात्री शापिंग करने के साथ एटीएम से नकदी भी निकाल सकेंगे। इससे पार्किंग का भुगतान भी किया जा सकेगा। भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड ने एनसीएमसी का आटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम तैयार किया है।

**लगातार हो रहा बदलाव**

लखनऊ मेट्रो का आटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम बहुत पुराना है। इस कारण अब तक केवल टोकन प्रणाली और गो स्मार्ट कार्ड से सफर हो पा रहा था। फरवरी माह में ही मेट्रो प्रशासन ने क्यूआर कोड वाले टिकट की प्रणाली लागू की थी। इसके लिए एक अलग आटोमेटिक फेयर कलेक्शन गेट लगाया गया। इसी के तहत एनसीएमसी का ट्रायल भी मेट्रो प्रशासन ने शुरू कर दिया था।

## किसान दिवस में जैविक खेती पर जोर, अधिकारियों ने बताए लाभ



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों और विशेषज्ञों ने किसानों को जैविक खेती के महत्व और इसके लाभों की जानकारी दी। गोष्ठी की अध्यक्षता जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि बदलते समय में जैविक खेती किसानों के लिए बेहतर विकल्प बनकर उभर रही है। इससे फसलों की गुणवत्ता बढ़ती है और किसानों को बाजार में बेहतर मूल्य मिल सकता है। उन्होंने किसानों से जैविक खेती अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे आय बढ़ाने के साथ-साथ रासायनिक उर्वरकों के कम इस्तेमाल से मिट्टी की उर्वरता भी लंबे समय तक बनी रहती है। जैविक तरीके से तैयार खाद्यान्न स्वास्थ्य के लिए भी अधिक लाभकारी होते हैं। गोष्ठी में किसानों ने खेती से जुड़ी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए शासन द्वारा संचालित किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर भूमि संरक्षण अधिकारी जगदीश यादव, कृषि वैज्ञानिक अभिलाष सिंह मौर्य, नाबार्ड अधिकारी रविशंकर, तहसीलदार शिवम राठौड़, कंप्यूटर सहायक आदित्य कुमार शुक्ला, बीज भंडार प्रभारी मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पीटीआर बाध्यता समाप्त करने की मांग को लेकर दम्पति शिक्षक संघ का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**● मांगें पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में दम्पति शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश ने गतिमान अंतरजनपदीय स्थानांतरण (पीटीआर) नीति में व्यापक संशोधन की एक सूत्रीय मांग को लेकर बुधवार को महानिदेशक स्कूल शिक्षा कार्यालय पर प्रदर्शन किया और अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों का कहना था कि वर्तमान स्थानांतरण नीति का उद्देश्य विशेष परिस्थितियों से प्रभावित शिक्षकों को राहत प्रदान करना, पारिवारिक एकता को मजबूत करना तथा मानवीय संवेदनाओं के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराना है, लेकिन नीति के कुछ प्रावधान स्थानांतरण में बाधक बन रहे हैं और शिक्षकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संघ के अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी ने कहा कि सरकारी सेवा में कार्यरत दम्पति शिक्षकों को पीटीआर (PTR) की बाध्यता से मुक्त रखते हुए उन्हें स्थानांतरण का अवसर दिया जाए तथा वर्तमान पीटीआर को स्थानांतरण का एकमात्र आधार न बनाया जाए। उन्होंने मांग की कि स्थानांतरण का लाभ केवल बेसिक शिक्षा परिषद के दम्पति शिक्षकों तक सीमित न रहकर अन्य सरकारी विभागों में कार्यरत जीवनसाथियों को भी दिया जाए। संघ की उपाध्यक्ष साधना ने कहा कि जो दम्पति शिक्षक अपने गृह जनपद से दूर अथवा अलग-अलग जनपदों में कार्यरत हैं, उन्हें एक ही जनपद में स्थानांतरण का अवसर मिलना चाहिए, ताकि वे परिवार के साथ रहकर सामाजिक एवं पारिवारिक दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकें। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि इससे पूर्व भी प्रदेश के विभिन्न जिलों में इस मांग को लेकर ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। प्रशासन ने मांगों को जायज तो माना है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही मांगें पूरी नहीं की गई तो दम्पति शिक्षक संघ अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने को बाध्य होगा।

## जुआ खेलते चार युवक गिरफ्तार, नकदी व ताश के पत्ते बरामद




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली पुलिस ने आम की बाग में जुआ खेल रहे चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की। पुलिस टीम ने आलमपुर गांव स्थित एक आम की बाग में छापेमारी की। मौके पर कुछ लोग ताश के पत्तों से जुआ खेलते मिले। पुलिस ने त्रिवेदीपुर नई बस्ती निवासी संजय, नवरंग सिंह का पुरवा निवासी दीपक, सुरेंद्र और संदीप उर्फ नादे को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 1620 रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते, एक गमछा और तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि चारों आरोपियों के विरुद्ध जुआ निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद मोबाइल फोन वापस कर आरोपियों को नोटिस देकर रिहा कर दिया गया।

## अरुण सॉयल लैब प्राइवेट लिमिटेड में तकनीकी सर्वेक्षण सम्पन्न

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ के तत्वावधान में अरुण सॉयल लैब प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ में एक विशेष तकनीकी सर्वेक्षण (Technical Survey) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभियंताओं एवं तकनीकी विशेषज्ञों ने प्रयोगशाला में उपलब्ध अत्याधुनिक परीक्षण सुविधाओं, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणालियों तथा विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को नवीनतम परीक्षण तकनीकों, भू-तकनीकी जांच प्रक्रियाओं तथा औद्योगिक कार्यप्रणालियों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में श्री अरुण सिंह, प्रबंध निदेशक, अरुण सॉयल लैब प्राइवेट लिमिटेड ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा संस्थान की गतिविधियों एवं आधुनिक प्रयोगशाला सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि उद्योग एवं पेशेवर संस्थाओं के मध्य तकनीकी सहयोग तथा ज्ञान का आदान-प्रदान तकनीकी प्रगति एवं गुणवत्ता सुधार के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का आयोजन इं. निरंजन सिंह, चेयरमैन, अरुण सॉयल लैब प्राइवेट लिमिटेड के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में सम्पन्न हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे तकनीकी सर्वेक्षण अभियंताओं को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ उद्योग एवं पेशेवर संस्थाओं के बीच समन्वय और सहयोग को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर इं. अनुराग कपूर ने 'ओवरव्यू ऑफ जिओटेक्नीकल इन्वेस्टीगेशन एंड इटस इंटरप्रिटेशन' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि किसी भी भवन, पुल, सड़क अथवा अन्य अवसंरचनात्मक परियोजना की सफलता के लिए भूमि की प्रकृति एवं उसकी इंजीनियरिंग विशेषताओं का सही आकलन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भू-तकनीकी जांच की विभिन्न विधियों, मृदा परीक्षणों, फील्ड इन्वेस्टिगेशन तकनीकों तथा प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण एवं उनकी व्याख्या के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भू-तकनीकी जांच के निष्कर्षों का सही मूल्यांकन सुरक्षित, टिकाऊ एवं किफायती निर्माण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर संस्थापक सदस्य सुधाकर सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ से आए सभी अभियंताओं एवं अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ऐसे तकनीकी सर्वेक्षण उद्योग एवं पेशेवर संस्थाओं के मध्य ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हैं तथा अभियंताओं को नवीनतम तकनीकी प्रगति एवं व्यावहारिक अनुभवों से अवगत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इं. वी.पी. सिंह, चेयरमैन, द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ ने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना विकास के लिए वैज्ञानिक परीक्षण एवं भू-तकनीकी अध्ययन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने अभियंताओं को आधुनिक तकनीकों एवं नवाचारों को अपनाने तथा तकनीकी उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया।




## एपीएस एकेडमी इंटर कॉलेज के नए परिसर का भव्य उद्घाटन

**● ......मोहनलालगंज के मेमोरा में आधुनिक सुविधाओं से युक्त सीबीएसई विद्यालय की नई शाखा शुरू, सांसद दिनेश शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि रहे मौजूद**
**.....शिक्षा के साथ संस्कारों पर दिया गया विशेष बल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मोहनलालगंज/ लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र के मेमोरा ग्राम स्थित ढाकेंबीर मंदिर के निकट स्वामी करपात्री राष्ट्रीय गौशाला परिसर में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एपीएस एकेडमी इंटर कॉलेज (सीबीएसई बोर्ड) की नई शाखा का भव्य उद्घाटन शिव-परशुराम कथा एवं उद्घाटन समारोह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कथा व्यास पूज्य स्वामी मुकेश आनंद महाराज ने शिक्षा और संस्कारों के समन्वय का संदेश देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञान के साथ नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया।समारोह में विद्यालय परिवार की ओर से शिव प्रकाश मिश्रा 'सेनानी', सिंधुजा मिश्रा, प्रथमेश प्रकाश मिश्रा एवं प्रधानाचार्या प्रीती मिश्रा सेनानी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह तथा राष्ट्रीय परशुराम परिषद के पंडित सुनील भरद्वाज ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण, अनुशासन और संस्कारों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। न्यास के ट्रस्टी अध्यक्ष शिव प्रकाश मिश्रा 'सेनानी' एवं प्रधानाचार्या प्रीती मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति का विकास भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में आधुनिक डिजिटल शिक्षण संसाधनों के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने ग्रामीण अंचल में उच्चस्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराने की इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना करते हुए विद्यालय के विशाल परिसर एवं आधुनिक सुविधाओं की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं क्षेत्र के नागरिकों, शिक्षाविदों तथा अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति के साथ हुआ।

## अवैध कच्ची शराब के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान चलाते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कुल 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। एसआई अर्चना की अगुवाई में टिकरान मोड़ के पास से टिकरान गांव निवासी गुड़िया को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। वहीं बहाई के पासिन टोला में शराब बेच रहे फूलचंद को भी पुलिस ने पकड़ लिया। उसके पास से 10 लीटर कच्ची शराब मिली। इसके अलावा नरपतगंज निवासी श्यामू और टिकरान गांव निवासी मायाराम पासी के पास से भी 10-10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। मायाराम को पुलिस टीम ने बछरावां रोड स्थित चांदा ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि चारों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## सीएचसी की बदहाल सड़क बनी मरीजों के लिए मुसीबत, गड्ढों और जलभराव से परेशानी

**● हिचकोले खाते मरीजों को लेकर पहुचती एंबुलेंस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लालगंज (रायबरेली)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर की जर्जर सड़क और धंसी इंटरलॉकिंग मरीजों व तीमारदारों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। जगह-जगह सड़क उखड़ चुकी है और बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। हल्की बारिश में भी परिसर में जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती है, जिससे मरीजों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सीएचसी में प्रतिदिन करीब 500 से 700 मरीज ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचते हैं। गर्मी के मौसम में मरीजों की संख्या और बढ़ जाती है। इसके अलावा इमरजेंसी सेवाओं के लिए भी बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचते हैं, लेकिन परिसर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। अस्पताल परिसर में मरीजों और तीमारदारों के बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। गोल चबूतरे के अलावा कोई बेहतर इंतजाम नहीं है। वहीं कई सीमेंट की कुर्सियां भी टूटी पड़ी हैं। आलमपुर रोड से मुख्य भवन तक जाने वाला रास्ता गड्ढों से भरा होने के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और मरीजों को काफी परेशानी होती है। कई लोग फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं। वहीं पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने से वाहन अव्यवस्थित तरीके से खड़े रहते हैं, जिससे इमरजेंसी में पहुंचने वाली एंबुलेंस को भी परेशानी उठानी पड़ती है। आलमपुर निवासी अंकुर, उमाशंकर गुप्ता, रजनू तिवारी और लक्ष्मीशंकर मौर्य सहित अन्य लोगों ने बताया कि लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। स्थानीय लोगों ने अस्पताल परिसर की सड़क दुरुस्त कराने और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की मांग की है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामदासपुर, विकासखण्ड मोहनलालगंज, जनपद- लखनऊ**

पत्रांक-मेमो/पंचम वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग/मनरेगा/ एस0 एल0 डब्लू0 एम0/ सी0 एस0 सी0/आर0 सी0 सी0 सेन्टर/टेंडर/ 2026-2027/ दिनाँक- 17/06/2026

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रामदासपुर वर्ष 2026 - 2027 मे जन सुविधा केन्द्र निर्माण कार्य व ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम) एस.बी. एम. -जी के अंतर्गत व्यक्तिगत व सामुदायिक,- कम्पोस्ट पिट, व्यक्तिगत व सामुदायिक नाडेप निर्माण कार्य, सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग निर्माण कार्य, सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र, सामुदायिक एवं संस्थागत प्लाटिक बैंक, कचरा वाहन (ई-रिक्शा) स्वच्छता किट, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनरेटर, व्यक्तिगत व सामुदायिक सोक पिट), आर0सी0सी0 सेन्टर , सिल्ट केचर, फिल्टर चैबर, यू -टाइप नाली निर्माण, भूमिगत नाली निर्माण, पंचायत घर मरम्मत निर्माण कार्य, हैण्डपम्प प्लेटफार्म रेट्रोफिटिंग, हैण्ड पम्प पर सोक पिट निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट निर्माण, गौ आश्रय केन्द्र निर्माण, विद्यालय कायाकल्प, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, एवं पंचायत भवन मरम्मत, स्कूल भवन, शौचालय मरम्मत, आँगनबाड़ी केन्द्र, सामुदायिक भवन मरम्मत एवं मनरेगा कार्य योजना के सापेक्ष स्वीकृत कार्यो हेतु सामग्री ईट, सीमेंट, बालू, मौरंग, सरिया, आरसीसी, टाइल्स, पत्थर गिट्टी, सिरेमिक टाइल्स, फ्लोरिंग सामग्री, हैंडपंप मरम्मत/ रिबोर सामग्री आदि सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो से कार्यालय ग्राम पंचायत रामदासपुर पर निविदा दिनांक 25/06/2026 तक समय शाम 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है निविदा उसी दिन शाम 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं गठित क्रय समिति के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएगी।

अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार होगा।

नोट- (1) उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो का सेल्स टैक्स विभाग मे पंजीयन अनिवार्य है।
(2) किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्री राजकुमार पाण्डेय
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- रामदासपुर
विकासखण्ड- मोहनलालगंज
जनपद- लखनऊ

श्री शैलेन्द्र वर्मा
ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत- रामदासपुर
विकासखण्ड- मोहनलालगंज
जनपद- लखनऊ

**कार्यालय ग्राम पंचायत नटौली, विकासखण्ड मोहनलालगंज, जनपद- लखनऊ**

पत्रांक-मेमो/पंचम वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग/मनरेगा/एस0एल0डब्लू0एम0/सी0एस0सी0/आर0सी0सी0 सेन्टर/टेंडर/2026 -2027/ दिनाँक-18/06/2026

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नटौली वर्ष 2026 - 2027 मे जन सुविधा केन्द्र निर्माण कार्य व ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम) एस.बी. एम.-जी के अंतर्गत व्यक्तिगत व सामुदायिक,- कम्पोस्ट पिट, व्यक्तिगत व सामुदायिक नाडेप निर्माण कार्य, सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग निर्माण कार्य , सामुदायिक एवं संस्थागत कचरा पात्र, सामुदायिक एवं संस्थागत प्लाटिक बैंक, कचरा वाहन (ई-रिक्शा) स्वच्छता किट, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनरेटर, व्यक्तिगत व सामुदायिक सोक पिट), आर0सी0सी0 सेन्टर, सिल्ट केचर, फिल्टर चैबर, यू -टाइप नाली निर्माण, भूमिगत नाली निर्माण, पंचायत घर मरम्मत निर्माण कार्य, हैण्डपम्प प्लेटफार्म रेट्रोफिटिंग, हैण्ड पम्प पर सोक पिट निर्माण, सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट निर्माण, गौ आश्रय केन्द्र निर्माण, विद्यालय कायाकल्प, खड़ंजा निर्माण, खड़ंजा मरम्मत, इंटरलॉकिंग निर्माण, सीसी रोड, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर, ह्यूम पाइप क्रय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, एवं पंचायत भवन मरम्मत, स्कूल भवन, शौचालय मरम्मत, आँगनबाड़ी केन्द्र, सामुदायिक भवन मरम्मत एवं मनरेगा कार्य योजना के सापेक्ष स्वीकृत कार्यो हेतु सामग्री ईट, सीमेंट, बालू, मौरंग, सरिया, आरसीसी, टाइल्स, पत्थर गिट्टी, सिरेमिक टाइल्स, फ्लोरिंग सामग्री, हैंडपंप मरम्मत/रिबोर सामग्री आदि सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो से कार्यालय ग्राम पंचायत नटौली पर निविदा दिनांक 25/06/2026 तक समय शाम 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है निविदा उसी दिन शाम 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं गठित क्रय समिति के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएगी।

अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार होगा।

**नोट-** (1) उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो का सेल्स टैक्स विभाग मे पंजीयन अनिवार्य है।
(2) किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

श्री सस्पेन्द्र बहादुर सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- नटौली
विकासखण्ड- मोहनलालगंज
जनपद- लखनऊ

श्री शैलेन्द्र वर्मा
ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत- नटौली
विकासखण्ड- मोहनलालगंज
जनपद- लखनऊ

# तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों का NCPI में विलय

भारतीय राजनीति के इतिहास में कई ऐसे घटनाक्रम दर्ज हैं जिन्होंने रातोंरात सत्ता के समीकरणों को बदलकर रख दिया है। इसी कड़ी में पश्चिम बंगाल के सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस से 20 सांसदों का अलग होकर नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया में शामिल होना एक ऐसा राजनीतिक भूचाल है जिसकी गूंज पूरे देश में सुनाई दे रही है। यह घटना महज कुछ नेताओं का पाला बदलना नहीं है बल्कि एक सुस्थापित राजनीतिक दल के भीतर उपजे गहरे असंतोष और महत्वाकांक्षाओं के टकराव का परिणाम है। लंबे समय तक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बेहद करीब रहीं काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व में हुआ यह विभाजन भारतीय लोकतंत्र की उस गतिशीलता को दर्शाता है जहां कोई संगठन पूरी तरह अजेय नहीं होता। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारतीय राजनीति में पाला बदलने और विचारधाराओं के साथ चलने की परंपरा रही है लेकिन जब इतनी बड़ी संख्या में सांसद एक साथ अपनी पुरानी वफादारी छोड़ते हैं तो इसके मायने बहुत गहरे होते हैं। यह घटना इस बात का सटीक उदाहरण है कि कैसे राजनीतिक असंतोष धीरे धीरे पककर एक बड़े विस्फोट का रूप ले लेता है।

इस पूरे राजनीतिक घटनाक्रम की रूपरेखा बहुत ही रणनीतिक तरीके से तैयार की गई थी। 31 मई 2026 को काकोली घोष दस्तीदार को नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। यह दल कोई बहुत पुरानी या स्थापित ताकत नहीं थी बल्कि इसे 2023 में ही पंजीकृत कराया गया था। अपनी स्थापना के बाद से यह संगठन राजनीतिक परिदृश्य के हाशिये पर ही था लेकिन 20 सांसदों के एकमुश्त विलय ने इसे अचानक राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में ला खड़ा किया है। इसके बाद 14 जून 2026 को इस विलय और नए नेतृत्व की औपचारिक जानकारी भारत के निर्वाचन आयोग को सौंप दी गई। निर्वाचन आयोग को समय पर सूचना देना इस बात का प्रमाण है कि बागी गुट कानूनी और संवैधानिक प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन करते हुए अपने कदम आगे बढ़ा रहा है ताकि उन पर कोई वैधानिक संकट न आए।

इस विभाजन का सबसे दूरगामी प्रभाव राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन की राजनीति पर पड़ने वाला है। नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया में शामिल हुए इन 20 सांसदों ने स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को अपना समर्थन देने की घोषणा की है। संसद के भीतर 20 सांसदों का एक झटके में सत्तारूढ़ गठबंधन के पक्ष में चले जाना विपक्ष की एकजुटता के लिए एक बड़ा आघात है। इससे न केवल संसद में संख्या बल का समीकरण पूरी तरह बदल गया है बल्कि विपक्षी दलों के उस मनोबल को भी गहरी ठेस पहुंची है जो वे आगामी चुनावों के लिए तैयार कर रहे थे। पश्चिम बंगाल जो हमेशा से गैर कांग्रेस और गैर सत्ताधारी गठबंधनों का एक मजबूत गढ़ रहा है वहां से उठी यह बगावत अन्य राज्यों के क्षेत्रीय दलों के लिए भी खतरे की घंटी है।



संविधान के जानकारों और राजनीतिक विश्लेषकों की नजर अब दसवीं अनुसूची यानी दल बदल विरोधी कानून पर टिकी है। भारत में निर्वाचित प्रतिनिधियों को मनमर्जी से दल बदलने से रोकने के लिए कड़े नियम बनाए गए हैं। लेकिन जब किसी संगठन के निर्वाचित सदस्यों का एक बड़ा हिस्सा टूटकर अलग होता है और वह आवश्यक वैधानिक अनुपात को पूरा करता है तो सदस्यों की सदस्यता रद्द होने से बच जाती है। यह देखना बहुत दिलचस्प होगा कि निर्वाचन आयोग और संसदीय समितियां इस पूरे मामले का मूल्यांकन किस तरह करती हैं। यदि ये 20 सांसद अपनी सदस्यता बचाने में सफल रहते हैं तो यह काकोली घोष दस्तीदार की एक बहुत बड़ी वैधानिक और रणनीतिक जीत मानी जाएगी।

दल बदल कानून का मूल उद्देश्य राजनीतिक अस्थिरता को रोकना था लेकिन समय समय पर नेताओं ने इसके भीतर मौजूद कानूनी रास्तों का उपयोग अपने हित में किया है। अब जब मामला निर्वाचन आयोग के विचाराधीन है तो सभी कानूनी पहलुओं की बहुत ही बारीकी से जांच की जाएगी। इस निर्णय का प्रभाव केवल इन सांसदों के भविष्य पर ही नहीं बल्कि भारत की पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था और भविष्य में होने वाले ऐसे हर विभाजन पर नजीर के रूप में काम करेगा।

तृणमूल कांग्रेस के लिए यह स्थिति गहन आत्मनिरीक्षण की है। दशकों के लंबे और कड़े संघर्ष के बाद जिस दल ने पश्चिम बंगाल में अपना अभेद्य किला बनाया था उस किले में इतनी बड़ी सेंध लगना नेतृत्व की कार्यशैली पर सवाल उठाता है। दल को अब न केवल अपने बचे हुए नेताओं और कार्यकर्ताओं का भरोसा जीतना होगा बल्कि जमीन पर जनता के बीच भी यह संदेश देना होगा कि यह टूट उनके जनाधार को कमजोर नहीं कर सकती। राज्य का राजनीतिक इतिहास गवाह है कि यहां की जनता ने हमेशा सशक्त और स्पष्ट विचारधारा वाले नेतृत्व को पसंद किया है। वामपंथी दलों के लंबे शासनकाल को समाप्त करके जब ममता बनर्जी सत्ता में आई थीं तब जनता ने बदलाव के लिए मतदान किया था। अब यही बदलाव की मांग अगर उनके अपने ही संगठन के भीतर से उठ रही है तो इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।


दूसरी ओर नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती इन सभी 20 सांसदों को एकजुट रखना और राज्य में अपने लिए एक नया और मजबूत मतदाता आधार तैयार करना होगा। पश्चिम बंगाल की जनता जो राजनीतिक रूप से अत्यधिक जागरूक मानी जाती है वह इस पाला बदल को वैचारिक क्रांति मानती है या अवसरवादिता यह आने वाले चुनाव परिणामों में ही पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगा। इसके अतिरिक्त यह घटना क्षेत्रीय दलों की उस कमजोरी को भी उजागर करती है जहां संगठन का पूरा ढांचा किसी एक व्यक्ति के इर्द गिर्द घूमता है। जब दूसरी पंक्ति के नेताओं को आगे बढ़ने और अपनी बात रखने का उचित मंच नहीं मिलता तो इस तरह के विद्रोह जन्म लेते हैं। काकोली घोष दस्तीदार का कदम अन्य राज्यों में ऐसे नेताओं को भी प्रेरित कर सकता है जो अपने संगठनों में खुद को हाशिए पर महसूस कर रहे हैं। राष्ट्रीय दलों के लिए यह एक बहुत बड़ा अवसर होता है जब वे क्षेत्रीय दलों के असंतुष्ट नेताओं को अपने साथ जोड़कर अपने राजनीतिक आधार का विस्तार करते हैं। नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल करने के पीछे भी यही रणनीति काम कर रही है। इससे सत्ताधारी गठबंधन को उस क्षेत्र में भी अपनी जड़ें मजबूत करने का मौका मिलेगा जहां वह अब तक कमजोर माना जाता रहा है।

**अंततः** यह घटनाक्रम केवल एक राज्य तक सीमित रहने वाला नहीं है। यह पूरे देश के राजनीतिक विचारकों को यह सोचने पर मजबूर करता है कि सत्ता के केंद्रीकरण और आंतरिक लोकतंत्र की कमी के क्या परिणाम हो सकते हैं। 2026 का यह वर्ष भारतीय राजनीति में नए गठबंधनों पुराने रिश्तों के टूटने और महत्वाकांक्षाओं की नई उड़ान के लिए याद किया जाएगा। काकोली घोष दस्तीदार के रूप में उभरा नया नेतृत्व और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को मिला उनका समर्थन भविष्य की राजनीति की एक ऐसी पटकथा लिख रहा है जिसका हर पन्ना अनिश्चितताओं से भरा है।

**महेन्द्र तिवारी**

## मोदी सरकार में वो समस्याएं जो अभी तक नहीं सुधरीं

**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**



इस बात में कोई दो राय नहीं है कि 2014 के बाद से अब तक भारत ने काफी तरक्की की है लेकिन इसमें यह भी है कि अभी तक बहुत सी ऐसी समस्याएं हैं जिनमें सुधार होना बाकी है। 2014 से 2026 तक 12 साल की सत्ता में मोदी सरकार ने योजनाओं, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और वैश्विक छवि पर काम किया। लेकिन कुछ संरचनात्मक समस्याएं ऐसी हैं जो चुनावी नारों और सरकारी रिपोर्टों के बावजूद ज़मीन पर बनी हुई हैं। ये समस्याएं आम आदमी की रोज़मर्रा की ज़िंदगी से सीधे जुड़ती हैं। इसमें सबसे पहले आती है बेरोज़गारी और अनौपचारिक क्षेत्र की अस्थिरता। हालांकि बेरोजगारी को कम करने के लिए सरकार ने बहुत प्रयास किए हैं लेकिन अभी कई प्रयास करने वाकी हैं। सरकारी आंकड़े कहते हैं कि बेरोज़गारी दर 2017 के मुकाबले घटी है। लेकिन हकीकत में समस्या की प्रकृति बदली है। गुणवत्तापूर्ण रोज़गार की कमी भारतीयों को खल रही है। हर साल 1.2 करोड़ युवा श्रम बाजार में आते हैं, लेकिन प्राइवेट सेक्टर में वेतन बढ़ोतरी धीमी है। आईटी और स्टार्टअप में छंटनी ने मिडिल क्लास की चिंता बढ़ाई है। अनौपचारिक क्षेत्र पर असरः नोटबंदी, GST और कोविड के बाद छोटे दुकानदार, ठेले वाले और दिहाड़ी मजदूर पूरी तरह उभर नहीं पाए। CMIE और NSSO के सर्वे बताते हैं कि स्वरोज़गार बढ़ा है, लेकिन ये ज़्यादातर मजबूरी का स्वरोज़गार है। कृषि संकट और किसान की आय के लिए बहुत समय से बात चल रही है लेकिन अभी तक इस पर कोई ठोस नीति नहीं बन सकी है। 2016 में सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा था। 2026 तक वो लक्ष्य पूरा नहीं हुआ। MSP की सीमित पहुंच : सिर्फ गेहूं-धान के किसान ही MSP का फायदा ले पाते हैं। दाल, तिलहन, फल-सब्जी वाले किसान मंडी के भाव पर निर्भर हैं। कर्ज और जलवायु जोखिमः को लेकर किसान हमेशा से परेशान रहा है। फसल बीमा योजना ने कुछ राहत दी, लेकिन अतिवृष्टि, सूखा और आवारा पशु की समस्या बनी हुई है। तीन कृषि कानूनों के विरोध के बाद सरकार बैकफुट पर आ गई और बड़े कृषि सुधार रुके हुए हैं।

**शिक्षा और स्वास्थ्य में गुणवत्ता का अंतर**

शिक्षाः NEP 2020 ने ढांचा बदला, लेकिन सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी, ड्रॉपआउट रेट और लर्निंग आउटकम अब भी कमजोर हैं। स्वक्र रिपोर्ट लगातार बताती है कि कक्षा 5 का बच्चा कक्षा 2 का पाठ नहीं पढ़ पाता। इसी तरह स्वास्थ्यः आयुष्मान भारत ने कवरेज बढ़ाया, लेकिन ग्रामीण इलाकों में डॉक्टर, नर्स और दवाओं की कमी है। निजी अस्पताल महंगे हैं, और आउट-ऑफ-पॉकेट खर्च भारत में अब भी GDP का 50% से ज्यादा है।

महंगाई का मध्यम वर्ग पर दबाव बहुत बढ़ता जा रहा है। तेल, सब्जी, दाल और किराये की कीमतों में उछाल ने मध्यम वर्ग को सबसे ज्यादा प्रभावित किया। सरकार ने टैक्स स्लैब बदले, लेकिन प्रत्यक्ष कर का बोझ अब भी वेतनभोगी वर्ग पर ज्यादा है। कोर महंगाई भले नियंत्रण में रही हो, लेकिन खाद्य महंगाई 2022-2024 में दो बार 10% पार कर गई। RBI के बार-बार रेपो रेट बढ़ाने से EMI बढ़ी और घर खरीदना मुश्किल हुआ। नौकरशाही और भ्रष्टाचार की जड़ें मजबूत हो रहीं हैं। DBT और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने बिचौलियों को कम किया, लेकिन ज़मीन-रजिस्ट्री, पुलिस, म्यूनिसिपल सर्विस में भ्रष्टाचार खत्म नहीं हुआ। विपक्ष का आरोप है कि ED, CBI जैसी एजेंसियों का राजनीतिक इस्तेमाल बढ़ा है। वहीं सरकार कहती है कि भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई हो रही है। नतीजा ये है कि आम आदमी का भरोसा सिस्टम पर आंशिक ही बहाल हुआ है।

सामाजिक ध्रुवीकरण और संवाद की कमी पिछले 12 साल में धार्मिक और क्षेत्रीय मुद्दे राष्ट्रीय बहस में हावी रहे। इससे विकास और रोज़गार जैसे मुद्दे कई बार बैकसीट पर चले गए। मीडिया और सिविल सोसाइटी का स्पेस सिकुड़ने की शिकायत विपक्ष और पत्रकार संगठनों से आती रही है। सरकार का पक्ष है कि फेक न्यूज़ और अस्थिरता रोकने के लिए नियम जरूरी हैं। राज्य-केंद्र संबंध और संघीय ढांचा GST लागू होने के बाद राज्यों को मुआवज़ा देने का वादा 2022 में खत्म हो गया। अब कई राज्य कहते हैं कि उनका फिस्कल स्पेस सिकुड़ गया है।

केंद्रीय योजनाओं के नाम पर राज्यों की भूमिका सीमित हो गई है, जिससे संघीय संतुलन पर सवाल उठते हैं। सुधार हुआ, पर असमान गति से मोदी सरकार ने बुनियादी सुविधाओं, डिजिटल ट्रांजैक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर में ठोस काम किया है। उज्ज्वला, जनधन, सड़क, रेल और UPI इसका उदाहरण हैं। लेकिन रोज़गार की गुणवत्ता, कृषि आय, शिक्षा-स्वास्थ्य की ग्राउंड लेवल क्वालिटी, और महंगाई जैसी समस्याएं अभी भी सिस्टम की कमज़ोरी दिखाती हैं। 2026 तक सरकार की सबसे बड़ी चुनौती ये है कि वो कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ प्रोडक्टिविटी और प्राइवेट इन्वेस्टमेंट को भी तेज़ करे, ताकि ये समस्याएं चुनावी मुद्दे बनकर न रह जाएं बल्कि हल हों।

# भागवत बोले- इतिहासकार केवल नैरेटिव बनाते हैं

**हल्दीघाटी के युद्ध में विजय केवल महाराणा प्रताप की हुई, मुगलों को पीछे हटना पड़ा**

उदयपुर में आयोजित राष्ट्र चेतना संकल्प सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने हल्दीघाटी के युद्ध और महाराणा प्रताप के अद्वितीय व्यक्तित्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इतिहासकारों ने इस युद्ध को लेकर केवल एक नैरेटिव गढ़ने का प्रयास किया, जबकि वास्तविकता यह है कि हल्दीघाटी के युद्ध में विजय महाराणा प्रताप की ही हुई थी। उन्होंने कहा कि मुगल इतिहासकारों के विवरणों में भी यह उल्लेख मिलता है कि युद्ध के दौरान मुगल सेना को पीछे हटना पड़ा था। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि यदि मुगल सेना पीछे खिसकी, भयभीत हुई और युद्ध के बाद सुरक्षित स्थानों में सीमित रहने को विवश हो गई, तो विजय किसकी मानी जानी चाहिए। भागवत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह विजय केवल महाराणा प्रताप की ही नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और स्वतंत्रता के संकल्प की विजय थी।

महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के उन महानतम योद्धाओं में गिने जाते हैं जिन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान के संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। वे केवल मेवाड़ के शासक नहीं थे, बल्कि राष्ट्र गौरव, स्वतंत्रता और आत्मसम्मान के जीवंत प्रतीक थे। जिस समय भारत के अनेक शासक मुगल सत्ता के सामने झुक चुके थे, उस समय महाराणा प्रताप ने अपने स्वाभिमान को सर्वोच्च मानते हुए संघर्ष का मार्ग चुना। उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया था कि मेवाड़ की धरती पर विदेशी सत्ता का आधिपत्य स्वीकार नहीं किया जाएगा।

भागवत ने अपने संबोधन में कहा कि हल्दीघाटी का युद्ध केवल महाराणा प्रताप और उनकी सेना का युद्ध नहीं था, बल्कि यह पूरे समाज का संघर्ष था। मेवाड़ की जनता, भील समुदाय और विभिन्न वर्गों ने इस युद्ध में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से भाग लिया था। यही कारण था कि संसाधनों की कमी के बावजूद प्रताप का संघर्ष वर्षों तक चलता रहा। उन्होंने कहा कि अकबर के पास विशाल सेना, अपार धन और असीमित संसाधन थे, जबकि महाराणा प्रताप सीमित साधनों के साथ युद्ध लड़ रहे थे। इसके बावजूद उन्होंने कभी हार स्वीकार नहीं की और स्वतंत्रता के संकल्प को जीवित रखा।



हल्दीघाटी का युद्ध भारतीय इतिहास की सबसे चर्चित और प्रेरणादायक घटनाओं में से एक है। 18 जून 1576 को लड़े गए इस युद्ध में एक ओर मुगल साम्राज्य की विशाल शक्ति थी और दूसरी ओर मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित महाराणा प्रताप का अदम्य साहस। युद्ध के दौरान प्रताप ने जो पराक्रम दिखाया, उसने उन्हें अमर बना दिया। उनका प्रिय अश्व चेतक भी वीरता और स्वामिभक्ति का अद्भुत उदाहरण बन गया। चेतक ने अपने स्वामी की रक्षा के लिए प्राणों का बलिदान दिया, जिसके कारण उसका नाम भी इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो गया। डॉ. मोहन भागवत ने युद्ध के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुगल सेना को कई अवसरों पर पीछे हटना पड़ा। उन्होंने कहा कि यदि युद्ध के प्रथम चरण में मुगल पीछे खिसके, यदि दूसरे चरण में महाराणा प्रताप ने दुश्मन के प्रमुख योद्धाओं को चुनौती दी और यदि युद्ध के बाद मुगल सेना भय के कारण सुरक्षित स्थानों में सीमित रहने को विवश हुई, तो यह स्पष्ट संकेत है कि युद्ध का नैतिक और वास्तविक पलड़ा महाराणा प्रताप के पक्ष में था। उन्होंने कहा कि इतिहास को तथ्यों के आधार पर देखा जाना चाहिए, न कि केवल स्थापित धारणाओं के आधार पर।

महाराणा प्रताप का जीवन केवल युद्धों तक सीमित नहीं था। वे आदर्श शासन, जनकल्याण और नैतिक मूल्यों के भी प्रतीक थे। उन्होंने कभी अपने व्यक्तिगत सुख और वैभव को महत्व नहीं दिया। कठिन परिस्थितियों में जंगलों और पहाड़ों में जीवन व्यतीत करना पड़ा, परिवार को कष्ट सहने पड़े, लेकिन उन्होंने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। यही कारण है कि उन्हें 'हिंदुआ सूरज' कहा जाता है। वे केवल एक राजा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और स्वाभिमान के प्रहरी थे। भागवत ने कहा कि महाराणा प्रताप कभी स्वार्थ के लिए नहीं लड़े। उनका संघर्ष समाज, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा के लिए था। उन्होंने यह दिखाया कि सच्चा नेतृत्व वही है जो व्यक्तिगत लाभ से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्र के हित को सर्वोच्च स्थान दे। महाराणा प्रताप ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी विपरीत क्यों न हों, यदि संकल्प अडिग हो तो विजय का मार्ग अवश्य निकलता है।

उदयपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए संत-महात्माओं और गणमान्य व्यक्तियों ने भी महाराणा प्रताप के योगदान को स्मरण किया। निम्बार्क पीठ के पीठाधीश्वर ने कहा कि यह भूमि बलिदान और त्याग की भूमि है तथा समाज को एकजुट रहकर राष्ट्र निर्माण के कार्य में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कीचड़ में कमल खिलता है, उसी प्रकार चुनौतियों के बीच भी राष्ट्र की महानता और संस्कृति का संरक्षण किया जा सकता है।

महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती और हल्दीघाटी विजय के 450 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम केवल एक स्मरण समारोह नहीं था, बल्कि राष्ट्र चेतना को जागृत करने का प्रयास भी था। इस अवसर पर वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि नई पीढ़ी को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनका संघर्ष हमें सिखाता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और स्वाभिमान से बढ़कर कोई संपत्ति नहीं होती। आज भी महाराणा प्रताप का नाम सुनते ही साहस, त्याग और देशभक्ति की भावना जागृत हो उठती है। वे भारतीय इतिहास के ऐसे नायक हैं जिनकी महानता समय के साथ और अधिक बढ़ती गई है। उनका जीवन यह संदेश देता है कि शक्ति केवल सेना और धन में नहीं होती, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और मातृभूमि के प्रति समर्पण में भी होती है।

डॉ. मोहन भागवत के वक्तव्य ने एक बार फिर हल्दीघाटी के युद्ध और महाराणा प्रताप के संघर्ष को राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में ला दिया है। चाहे इतिहास की व्याख्याएं अलग-अलग हों, लेकिन यह निर्विवाद सत्य है कि महाराणा प्रताप भारतीय स्वाभिमान के सबसे उज्ज्वल प्रतीकों में से एक हैं। उन्होंने पराधीनता के स्थान पर संघर्ष को चुना, समझौते के स्थान पर सम्मान को चुना और व्यक्तिगत हितों के स्थान पर राष्ट्रहित को चुना। यही कारण है कि वे आज भी करोड़ों भारतीयों के हृदय में आदर्श, प्रेरणा और गौरव के रूप में विराजमान हैं। महाराणा प्रताप का जीवन भारतीय संस्कृति, स्वतंत्रता और आत्मसम्मान की ऐसी अमर गाथा है जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी।

**कांतिलाल मांडोत**

## कविता

### अपनी सादगी में मुस्कुरा देना।




अपनी सादगी में मुस्कुरा देना।

मिल जाओ कहीं तो मुस्कुरा देना,
दिल की हर कशिश में मुस्कुरा देना।

विषम स्थिति में बड़ी दवा मुस्कुरा देना,
ग़म की हर घड़ी में मुस्कुरा देना।

जब भी ज़िंदगी इम्तिहाँ लेने लगे,
हौसलों की लौ में मुस्कुरा देना।

दर्द जब हद से गुज़रने लगे कभी,
अश्क़ की नमी में मुस्कुरा देना।

राह में जब अँधेरों का राज हो,
दिल की रोशनी में
मुस्कुरा देना।

लोग जब तुम्हें समझ न पाएँ कभी,
अपनी सादगी में मुस्कुरा देना।

वक़्त जब ख़िलाफ़तों में ढलने लगे,
सब्र के सागर में मुस्कुरा देना।

टूटते हुए ख़्वाब जब सताएँ बहुत,
नई एक सदी में मुस्कुरा देना।

इश्क़ हो, वफ़ा हो या जुदाई का सफ़र,
हर एक बंदगी में मुस्कुरा देना।

'संजीव' ये हुनर गर आ गया तुम्हें,
ज़िंदगी की हर घड़ी में मुस्कुरा देना।

**संजीव ठाकुर**

## दैनिक राशिफल

**मेष** कल का दिन आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।
शुभ रंगः लाल 7 शुभ अंकः 9

**वृषभ** धन संबंधी मामलों में सावधानी रखें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।
शुभ रंगः सफेद 7 शुभ अंकः 6

**मिथुन** व्यापार में लाभ के संकेत हैं। संचार कौशल के कारण आपके कार्य बनेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी।
शुभ रंगः हरा 7 शुभ अंकः 5

**कर्क** भावनाओं पर नियंत्रण रखें। परिवार में किसी शुभ कार्य की चर्चा हो सकती है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।
शुभ रंगः चांदी 7 शुभ अंकः 2

**सिंह** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। निवेश के लिए समय अनुकूल है।
शुभ रंगः सुनहरा 7 शुभ अंकः 1

**कन्या** कार्यस्थल पर मेहनत का फल मिलेगा। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।
शुभ रंगः हरा 7 शुभ अंकः 5

**तुला** सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नए लोगों से संपर्क भविष्य में लाभदायक सिद्ध होंगे। खर्चों पर नियंत्रण रखें।
शुभ रंगः गुलाबी 7 शुभ अंकः 6

**वृश्चिक** महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर लें। करियर में प्रगति के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।
शुभ रंगः लाल 7 शुभ अंकः 9

**धनु** भाग्य का साथ मिलेगा। धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। यात्रा के योग बन सकते हैं।
शुभ रंगः पीला 7 शुभ अंकः 3

**मकर** धन निवेश में सावधानी बरतें। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है, लेकिन आपकी मेहनत रंग लाएगी।
शुभ रंगः नीला 7 शुभ अंकः 8

**कुंभ** साझेदारी के कार्यों में सफलता मिलेगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।
शुभ रंगः आसमानी 7 शुभ अंकः 4

**मीन** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी और व्यवसाय में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। पुराने विवाद समाप्त हो सकते हैं।
शुभ रंगः पीला 7 शुभ अंकः 7

# पत्तियाँ काटने से नहीं, जड़ों को काटकर ही मिटेगा परीक्षा माफिया

**[री-एग्जाम, री-लीक, री-बैनः विश्वासघात का अंतहीन चक्रव्यूह]**

**[डिजिटल स्वतंत्रता की बलि चढ़ाकर क्या हम परीक्षा की पवित्रता बचा पाएंगे?]**

भारत की परीक्षा-व्यवस्था एक बार फिर उस मोड़ पर है जहाँ प्रश्न केवल नकल या लीक का नहीं, बल्कि भरोसे की बुनियाद के दरकने का है। नीट-यूजी री-एग्जाम से ठीक पहले टेलीग्राम पर अस्थायी प्रतिबंध ने इस बहस को और तीखा बना दिया है। यह कदम नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की सिफारिश पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69 के तहत उठाया गया है। इसके तहत 22 जून तक टेलीग्राम की एक्सेस बंद रहेगी और मैसेज एडिटिंग फीचर 30 जून तक निष्क्रिय रहेगा। एक ओर इसे परीक्षा सुरक्षा की तात्कालिक ढाल माना जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इसे डिजिटल स्वतंत्रता पर असंतुलित हस्तक्षेप के रूप में देखा जा रहा है। सवाल यह है कि क्या यह अस्थायी बैन परीक्षा सुधार की दिशा में एक ठोस जीत है या फिर जड़ों को छोड़कर पत्तियों को काटने की पुरानी आदत?

नीट-यूजी परीक्षा लीक का दर्द नया नहीं है। मई 2026 में नीट-यूजी परीक्षा (3 मई को आयोजित) रद्द करनी पड़ी क्योंकि राजस्थान (विशेषकर सीकर-जयपुर क्षेत्र) में गेस पेपर सर्कुलेशन और कथित पेपर लिक के आरोपों ने परीक्षा की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर दिए थे। इससे लगभग 22-23 लाख छात्र प्रभावित हुए। कुछ छात्रों की आत्महत्याओं ने इस त्रासदी को प्रशासनिक विफलता से आगे बढ़ाकर मानवीय संकट में बदल दिया। सरकार और एनटीए का तर्क इस कदम को आपातकालीन सुरक्षा कवच के रूप में प्रस्तुत करता है। उनका कहना है कि टेलीग्राम पर सक्रिय चैनल न केवल फर्जी पेपर बेच रहे थे, बल्कि संदेशों को एडिट कर बाद में उन्हें 'प्रमाण' की तरह पेश कर रहे थे।

यही तकनीकी लचीलापन धोखाधड़ी का नया हथियार बन गया। री-एग्जाम की अत्यंत संवेदनशील अवधि में ऐसे नेटवर्क को प्रभावी रूप से रोकने के लिए अस्थायी प्रतिबंध को आवश्यक एवं तात्कालिक कदम माना गया। यह किसी स्थायी सेंसरशिप की शुरुआत नहीं, बल्कि सीमित समय के लिए डिजिटल दरारों को बंद करने की कोशिश है। पर सवाल यह है कि क्या व्यवस्था की यह 'तात्कालिक मरम्मत' दीर्घकालिक सुरक्षा की गारंटी दे सकती है, या यह केवल एक अस्थायी पट्टी है जो गहरे घाव को छुपा देती है?

फिर भी, इस कदम की आलोचना जायज है। टेलीग्राम पर करोड़ों भारतीय निर्भर हैं - छात्र सामग्री शेयर करते हैं, छोटे व्यापारी काम चलाते हैं, पत्रकार सूचना इकट्ठा करते हैं। एक पूरे प्लेटफॉर्म को ब्लॉक करना वीपीएन के दौर में कितना प्रभावी होगा, यह बहस का विषय है। इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन जैसी संस्थाएं इसे अतिरंजित और असंवैधानिक बता रही हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मौलिक अधिकार है, लेकिन जब वह लाखों ईमानदार छात्रों के हक में बाधक बन जाए तो क्या सरकार को हाथ पर हाथ रखकर बैठना चाहिए? संतुलन जरूरी है। बैन अस्थायी है, लक्षित है, लेकिन लंबे समय में यह समाधान नहीं।

पर समस्या केवल डिजिटल मंचों की नहीं, बल्कि उस पूरी संरचना की है जो लीक को जन्म देती है। परीक्षा प्रणाली की कमजोर कड़ियाँ–प्रिंटिंग प्रेस की सुरक्षा, परिवहन की निगरानी, केंद्रों की जवाबदेही और भ्रष्टाचार की छायाएँ–सब मिलकर इस संकट की जमीन तैयार करती हैं। टेलीग्राम या कोई अन्य प्लेटफॉर्म केवल माध्यम है, अपराध का मूल स्रोत नहीं। यदि संरचना ही छिद्रपूर्ण रहेगी, तो अपराधी हर नए माध्यम को अपने हित में ढाल लेंगे। इसलिए केवल डिजिटल नियंत्रण से समाधान की उम्मीद करना वैसा ही है जैसे दीवारों पर रंग कर भवन की नींव को मजबूत मान लेना।

अब समय आ गया है कि परीक्षा व्यवस्था को तकनीकी और संरचनात्मक दोनों स्तरों पर पुनर्परिभाषित किया जाए। कंप्यूटर बेस्ड टेस्टिंग (सीबीटी) का व्यापक उपयोग केवल आधुनिकता नहीं, बल्कि सुरक्षा की आवश्यकता है। एआई आधारित प्रॉक्टरिंग,




बायोमेट्रिक सत्यापन और एन्क्रिप्टेड प्रश्नपत्र वितरण प्रणाली लीक की संभावना को काफी हद तक कम कर सकते हैं। ब्लॉकचेन जैसी तकनीक प्रश्नपत्र की ट्रेसबिलिटी और पारदर्शिता को नई मजबूती दे सकती है। यदि तकनीक को केवल सहायक नहीं, बल्कि प्रणाली का केंद्र बनाया जाए, तो भरोसे की नींव पुनः स्थापित की जा सकती है।

झडिजिटल प्लेटफॉर्म रेगुलेशन का प्रश्न अब टालने योग्य नहीं है। धारा 69 आवश्यक है, पर इसका उपयोग संतुलित और पारदर्शी होना चाहिए। टेलीग्राम समाधान नहीं, यह केवल आपातकालीन कदम है जो तत्काल धोखाधड़ी रोक सकता है। सरकार को टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स के साथ मिलकर प्रभावी रिपोर्टिंग मैकेनिज्म विकसित करना चाहिए, ताकि संदिग्ध चैनल तुरंत ब्लॉक हो सकें। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय और एनटीए के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। प्लेटफॉर्म्स के साथ साझेदारी आधारित निगरानी तंत्र विकसित होना चाहिए, जहाँ संदिग्ध गतिविधियों की तेज पहचान और निष्कासन हो सके। नियंत्रण और स्वतंत्रता के बीच संतुलन जरूरी है। एनटीए का दावा है कि इससे फ्रॉड पर अंकुश लगेगा, लेकिन असली सफलता तभी होगी जब छात्रों को बार-बार री-एग्जाम न देना पड़े और उनकी मेहनत सुरक्षित रहे, वरना लगातार विवाद उसकी विश्वसनीयता को कमजोर करते रहेंगे।

परीक्षाओं की पवित्रता राष्ट्र के भविष्य से जुड़ी है। टेलीग्राम पर यह अस्थायी प्रतिबंध न तो विजय का शंखनाद है और न ही लोकतांत्रिक अधिकारों पर स्थायी चोट। यह एक आपातकालीन प्रतिक्रिया है–एक ऐसे तंत्र की जो बार-बार दरकता है और हर बार अस्थायी सहारे से खड़ा किया जाता है। असली प्रश्न यह है कि क्या हम हर संकट पर प्लेटफॉर्म बदलते रहेंगे या उस व्यवस्था को ही बदलेंगे जो संकट को जन्म देती है। परीक्षा की शुचिता कोई प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास की रीढ़ है। यदि यह रीढ़ टूटती रही, तो न केवल परीक्षाएँ, बल्कि पूरा शिक्षा-तंत्र अविश्वास की धूल में बदल जाएगा। अब समय है कि हम सतह पर नहीं, जड़ों पर वार करें–और एक ऐसी व्यवस्था गढ़ें जहाँ 'लीक' असंभव नहीं तो कम से कम असहज अवश्य हो। तभी छात्रों का विश्वास लौटेगा और सपनों का हत्यारा माफिया बेकार हो जाएगा।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## मोहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, 31 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात

**देवरिया।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। जनपद में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संवेदनशील स्थलों की पहचान कर 31 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। इसके अलावा पांच आरक्षित मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए हैं। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह ने बताया कि सभी तैनात अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की ओर से मोहर्रम के दौरान निकलने वाले जुलूसों, ताजियों और अन्य धार्मिक आयोजनों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की अवांछनीय स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने बताया कि मोहर्रम पर्व की तैयारियों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए 18 जून को अपराह्न चार बजे पुलिस लाइन स्थित प्रेक्षागृह में केंद्रीय शांति समिति (सेंट्रल पीस कमेटी) की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारियों, पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधियों तथा नामित मजिस्ट्रेटों को समय से उपस्थित रहने के निर्देश दिया है। प्रशासन ने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं।

## महायज्ञ हेतु कलश यात्रा आज

**रूद्रपुर, देवरिया।** रूद्रेश्वर महादेव, काल भैरव व बटुक भैरव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हेतु गुरुवार को 7 बजे सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी। महायज्ञ नाथ बाबा मंदिर स्थित विष्णु मंदिर के सामने बने यज्ञ स्थल में होगा। महायज्ञ का समापन 26 जून को होगा और प्रसाद वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी श्री दुग्धेश्वर नाथ तीर्थ सेवा न्यास के मुख्य ट्रस्टी पं आदित्य पाण्डेय ने देते हुए बताया कि महायज्ञ के कथा व्यास भोजपुरी कथा सम्राट पं विरेन्द्र तिवारी जी होंगे।

## लाइसेंसी पिस्टल से चली गोली, 13 वर्षीय बालिका की मौत

**देवरिया।** शहर के कोतवाली क्षेत्र स्थित मोहन रोड पर मंगलवार रात एक दर्दनाक हादसे में 13 वर्षीय बालिका की गोली लगने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार व्यवसायी सुशील बरनवाल के घर में रात करीब 9:48 बजे गोली चलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि गाजीपुर जनपद के सादात निवासी विजय बरनवाल की 13 वर्षीय पुत्री गोपी, जो एक दिन पूर्व ही अपने रिश्तेदार के घर आई थी, गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि घर में रखी लाइसेंसी पिस्टल लोड अवस्था में लॉक कर कमरे में रखी गई थी। गोली कैसे चली, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला बालिका द्वारा लापरवाहीवश पिस्टल से गोली चल जाने का प्रतीत हो रहा है। घटना की सूचना पर फोरेंसिक टीम ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस ने पिस्टल को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। वहीं, जिले के मईल थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के एक मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी राकेश चौधरी (58) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ दर्ज मुकदमे में कार्रवाई करते हुए उसे बरठा चौराहे से पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेजते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गोरखपुरः रोहिन नदी ने निगल लिए दो मासूमः दूसरे दिन मिला पिहू का शव, गांव में मातम और उठे सुरक्षा पर बड़े सवाल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोरखपुर।** तिवारीपुर थाना क्षेत्र के तकिया कवलदह पथरकट टोला में रोहिन नदी में हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया है। नदी में नहाने के दौरान डूबे दो मासूम बच्चों की मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ है। बुधवार सुबह एनडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद 9 वर्षीय पिहू का शव बरामद कर लिया। इससे पहले मंगलवार को 12 वर्षीय सर्वेश यादव को नदी से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। जानकारी के अनुसार, सर्वेश यादव पुत्र सतीश यादव, निवासी मानीराम, अपने ननिहाल तकिया कवलदह पथरकट टोला आया हुआ था। मंगलवार को वह अपनी ममेरी बहन पिहू और अन्य बच्चों के साथ भैंस चराने गए बच्चों के समूह के साथ रोहिन नदी किनारे पहुंचा। भीषण गर्मी के बीच बच्चे नदी में नहाने उतर गए, लेकिन अचानक गहरे पानी में चले जाने से सर्वेश और पिहू डूबने लगे।

अन्य बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। नदी किनारे दोनों की चप्पलें मिलने से अनहोनी की आशंका और गहरा गई। सूचना पर पहुंची एनडीआरएफ और पुलिस टीम ने तत्काल खोज अभियान शुरू किया। सर्वेश को बाहर निकाल लिया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। वहीं पिहू की तलाश पूरी रात चलती रही और बुधवार सुबह उसका शव बरामद हुआ। सर्वेश कक्षा चार और पिहू कक्षा दो की छात्रा थी। उनकी असमय मौत ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। गांव में हर घर शोक में डूबा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

यह हादसा एक बार फिर बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोहिन नदी के कई घाट बेहद खतरनाक हैं, जहां अचानक गहराई शुरू हो जाती है। इसके बावजूद न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही सुरक्षा के कोई ठोस इंतजाम किए गए हैं। घटना की सूचना पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी डॉ. कोस्तुभ समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को हर संभव सहायता का भरोसा दिया।

# विदेश में मृत नाविक के परिवार से मिले अजय लल्लू, सरकार पर साधा निशाना



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**देवरिया।** होर्मुज क्षेत्र में हुए अमेरिकी हमले में जान गंवाने वाले सुरौली गांव निवासी भारतीय नाविक शिवानंद चौरसिया के परिजनों से मंगलवार को कांग्रेस नेताओं ने मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी फोन पर परिवार से बातचीत कर संवेदना व्यक्त की तथा हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। अजय लल्लू ने कहा कि शिवानंद चौरसिया परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और कर्ज चुकाने के उद्देश्य से विदेश गए थे, लेकिन दुर्भाग्यवश वह इस हमले का शिकार हो गए। उन्होंने कहा कि इस घटना से पूरा परिवार गहरे सदमे में है।

अजय लल्लू ने राज्य सरकार और प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि अब तक किसी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि या अधिकारी ने परिवार की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि शिवानंद का पार्थिव शरीर अभी तक परिजनों को नहीं मिल सका है, जिससे परिवार की पीड़ा और बढ़ गई है।

कांग्रेस नेता ने सरकार से मांग की कि शिवानंद चौरसिया को शहीद का दर्जा दिया जाए, परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए तथा रोजगार के लिए लिया गया समस्त कर्ज सरकार अपने जिम्मे ले। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन', पूर्व जिलाध्यक्ष रामजी गिरी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मुस्कान हॉस्पिटल का फीता काटकर किया शुभारम्भ

### ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती



**देवरिया।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को जनपद भ्रमण के दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के साथ देसही देवरिया क्षेत्र के ग्राम देसही में नवस्थापित मुस्कान हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। फीता काटकर अस्पताल का शुभारंभ करते हुए उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता को समय की प्रमुख आवश्यकता बताया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों में आधुनिक चिकित्सा सेवाओं का विस्तार होने से लोगों को इलाज के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने अस्पताल के संचालक डॉ. संतोष तप्पन मिश्रा की पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि यह संस्थान क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रजेश पाठक ने प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों और योजनाओं की जानकारी दी।

# खुले में बिक रहे खाद्य पदार्थ, लोग खरीद रहे जहर

● खजनी तहसील क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर खाद्य पदार्थ बेचे जा रहे हैं

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**खजनी गोरखपुर** ग्रामीण क्षेत्रों में नियमों को ताक पर रखकर खाद्य पदार्थ बेचे जा रहे हैं। कई रेहडियों, ढाबों व हलवाई की दुकानों पर बिना ढके ही खाद्य पदार्थ बेचे जा रहे हैं। इन पदार्थों से होने वाले नुकसान से अंजान लोग इन पदार्थों का सेवन करके बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। उधर, सेहत विभाग की ओर से भी इन विक्रेताओं के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिस कारण यह कार्रवाई सिर्फ कागजों तक ही सीमित होकर रह गई है

गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्र के कई हिस्सों में कुछ दुकानदार दूषित खाद्य पदार्थ बेचकर मुनाफा कमा रहे है। ऐसी चीजें खाने से अक्सर लोग बीमार भी होते हैं। बिना ढके बेची जाने वाली इन चीजों पर धूल-मिट्टी पड़ती है, वहीं मक्खियों के इन पर बैठने से यह खाद्य पदार्थ बीमारी का घर बन जाते हैं। दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग सिर्फ त्योहारों के समय ही खाद्य पदार्थों की चेकिग व सैंपल भरने की मुहिम चलाता है। त्योहारों के बाद विभाग निष्क्रिय हो जाता है। इसके अलावा खजनी तहसील क्षेत्र के खजनी बाजार, उनवल, टेकवार, सतुआभार, वढनी, हरनही तहसील गेट, भैसाबाजार, महदेवा, ढेवरा सीकरीगंज, वेलघाट सीसवा, रकौली, दुघरा, सहित कई हिस्सों में भी बिना जांच परख के मीट बेचा जा रहा है। यहां भी स्वास्थ्य विभाग के नियमों का पालन नहीं हो रहा।




वहीं बाजार में समोसे, ब्रेड, गोल गप्पे, पकौड़े, लड्डू, मिठाई खुर्मा नमकीन जीलेवी बिना ढके ही दुकानदार सरेआम बेच रहे हैं। प्रशासन के आदेश केवल बंद कमरों तक ही सीमित है

त्योहारों के समय सेहत विभाग की ओर से कमरो से बाहर निकल कर खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ ही कार्रवाई की जाती है, मगर जब यह त्योहार समाप्त हो जाते है तो उसके बाद प्रशासन के आदेश बंद कमरों तक ही सीमित होकर रह जाते है। जिसका फायदा उठाकर दुकानदार खुले में रखे हुए पदार्थ बेचकर लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जाता है।

### जुर्माना का प्रावधान

फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट के तहत मिलावटी व खुले में चीजें बेचने वाले दुकानदारों पर जुर्माना का प्रावधान है और उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। अधिकारियों की औपचारिक कार्रवाई और दुकानदारों के मुनाफा कमाने के चक्कर में इन खाद्य पदार्थों के सेवन से आम आदमी की सेहत बिगड़ सकती है। लेकिन अफसोस की अभी तक इन दुकानदारों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। राघवेन्द्र शर्मा के अनुसार बाजार में बिकने वाले तैलीय पदार्थ को बनाने के लिए सामग्री भी मिलावट की इस्तेमाल होती है। जिससे शरीर में गैस, अपच, पथरी, एसिड, दस्त जैसी बीमारियों का होती है उपजिला अधिकारी खजनी राजेश प्रताप सिंह से पूछने पर बताये कि मिलावटी व खुले में रखे खाद्य पदार्थ बेचना गैर कानूनी है। उन्होंने कहा जल्द ही सैंपल लेने वाली टीमों को कार्रवाई करने के लिए बोला जाएगा। जो भी नियमों का उल्लंघन करता पाया गया उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन विवाद में हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोरखपुर।** झंगहा थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के आरोप में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस के अनुसार अपराध नियंत्रण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी चौरी-चौरा के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष झंगहा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान जवाहर निषाद और राजकुमार निषाद के रूप में हुई है। दोनों आरोपी गहिरा टोला माघीडाड़ी, थाना झंगहा, जनपद गोरखपुर के निवासी हैं तथा आपस में भाई बताए जा रहे हैं।



जानकारी के मुताबिक 16 जून 2026 को जमीन संबंधी विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी। आरोप है कि इसी विवाद के दौरान दोनों अभियुक्तों ने एकराय होकर वादी पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले में धारदार हथियार के साथ-साथ लाठी-डंडों का भी प्रयोग किया गया। अचानक हुए इस हमले में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की ओर से थाना झंगहा में तहरीर दी गई, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की। विवेचना और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने दोनों नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थाना झंगहा पर मुकदमा अपराध संख्या 338/2026 दर्ज है। आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

## किसान दिवस में उठीं किसानों की समस्याएं, डीएम ने त्वरित समाधान का दिया भरोसा

**देवरिया,।** विकास भवन स्थित गांधी सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों ने कृषि, बीज, खाद, फसल बीमा और फार्मर रजिस्ट्री से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री का मुद्दा सबसे प्रमुख रहा। किसानों ने बताया कि आधार कार्ड और खतौनी में नाम अलग-अलग होने के कारण बड़ी संख्या में किसानों का पंजीकरण नहीं हो पा रहा है, जिससे उन्हें खाद और बीज प्राप्त करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर प्रक्रिया को सरल बनाने के निर्देश दिए।

## तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध अधिवक्ताओं ने दिया धरना



**रुद्रपुर, देवरिया।** तहसील बार संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामेश्वर मणि और महामंत्री विनोद पाठक के नेतृत्व में तहसील बार संगठन के अधिवक्ताओं ने आज तीसरे दिन भी तहसील में व्याप्त अनियमितता और भ्रष्टाचार के विरुद्ध धरना और प्रदर्शन किया। पीठासीन अधिकारियों के कार्य प्रणाली से क्षुब्ध होकर अनवरत धरना जारी है। ? धरने के समय कोई भी प्रशासनिक अधिकारी सुध लेने नहीं पहुंचा था। अधिवक्ताओं ने कहा कि यदि हमारी मांगों पर तत्काल कोई कार्यवाही नहीं की गई तो अधिवक्ता संघ के लोग और धरने को और गति देंगे। इस अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन के विजय सिंह, सुधांशु मौलि ओझा, फणींद्र नाथ पांडे, वीना शर्मा, विकास त्रिपाठी, अजीत त्रिपाठी, सत्यपाल यादव, कृष्णमूर्ति मणि त्रिपाठी, पंकज शुक्ला विकास दुबे आदि अधिवक्ता उपस्थिति रहे।

# हरिद्वार गोल्ड मेडल आर्चरी प्रतियोगिता में देवरिया के तीरंदाजों का जलवा, जीते 13 पदक



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**देवरिया।** हरिद्वार में 16 से 21 जून तक आयोजित गोल्ड मेडल आर्चरी प्रतियोगिता में संजीवा सिंह आर्चरी इंस्टीट्यूट, देवरिया के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 13 पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने रैंकिंग राउंड तथा एलिमिनेशन एवं ओलंपिक राउंड में पांच स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक अपने नाम किए। रैंकिंग राउंड में अंडर-13 रिकर्व वर्ग में प्रज्ञा सिंह ने स्वर्ण, अनंत गुप्ता ने रजत और प्रभात ने कांस्य पदक जीता। वहीं अंडर-13 कंपाउंड वर्ग में आर्य प्रताप सिंह ने स्वर्ण तथा उत्कर्ष ने कांस्य पदक हासिल किया। अंडर-18 रिकर्व बालक वर्ग में जतिन गुलाटी ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

एलिमिनेशन एवं ओलंपिक राउंड में भी खिलाड़ियों का दबदबा कायम रहा। अंडर-13 रिकर्व बालिका वर्ग में प्रज्ञा सिंह ने दिल्ली की गुनूर को 6-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंडर-13 रिकर्व बालक वर्ग में अनंत गुप्ता ने सेमीफाइनल में प्रभात को टाई-ब्रेक में हराकर फाइनल में जगह बनाई, जबकि प्रभात ने कांस्य पदक जीता। कंपाउंड वर्ग में आर्य प्रताप सिंह ने उत्तराखंड के कबीर को 147-130 से पराजित कर स्वर्ण पदक हासिल किया। उत्कर्ष ने भी कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। अंडर-18 रिकर्व बालिका वर्ग में अमृता दत्ता और बालक वर्ग में अतुल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीते। संस्थान के निदेशक एवं द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित ओलंपियन संजीव सिंह ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जाम व अतिक्रमण को लेकर मुखर हुए व्यापारी

● तहसील सभागार में हुई बैठक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रुद्रपुर, देवरिया।** नगर में बढ़ते जाम, अतिक्रमण और अनियंत्रित ई-रिक्शा संचालन को लेकर बुधवार को तहसील सभागार में एसडीएम अवधेश निगम की अध्यक्षता व अधिशासी अधिकारी नितेश गौरव के नेतृत्व में में व्यापार मंडल की बैठक आयोजित हुई। बैठक में व्यापारियों ने नगर की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की।एसडीएम अवधेश निगम ने कहा कि व्यापारियों एवं प्रशासन के बीच पूर्व में हुई बैठकों में लिए गए सभी महत्वपूर्ण निर्णयों को पुनः लागू कराया जाएगा तथा नगर की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकारी सतेन्द्र कुमार राय ने कहा कि बिना लाइसेंस संचालित एवं नाबालिगों द्वारा चलाए जा रहे ई-रिक्शाओं के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें सीज किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक ई-रिक्शा पर चालक का नाम व मोबाइल नंबर अंकित करना अनिवार्य होगा। रमापति शुक्ला ने नगर की सड़कों को पूर्व की भांति चौड़ा कराने की मांग उठाई।अजय गुप्ता ने कहा कि प्रमुख चौराहों पर पुलिस व्यवस्था नहीं होने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

विनोद कशौधन ने मछली मंडी को निर्धारित स्थान पर स्थानांतरित कराने की मांग की। श्याम जी जयसवाल ने कहा सफाई और अतिक्रमण हटाने के नाम पर दुकानदारों को परेशान किया जाता है, जबकि सड़क और नालियों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होती।मनोज भाटिया ने कहा कि पूर्व बैठकों में लिए गए निर्णय केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर दिखाई दें।महेश वर्मा ने सड़क पर ठेले का अतिक्रमण हटाने की बात कही रमेश गुप्ता ने तहसील बाईपास पर लगातार हो रहे सड़क हादसों को देखते हुए बैरिकेडिंग की मांग की।।बैठक में थाना प्रभारी कल्याण सिंह सागर लिपिक विनोद शुक्ला,आशीष मोदनवाल, अजय गुप्ता, सज्जाद अली, देवेश नारायण शुक्ला, राजू गुप्ता, अनिल पांडेय, जय रतन,सुशील निगम, विनोद कशौधन, संतोष गुप्ता, मनोज जायसवाल, महेश वर्मा एवं तेज प्रताप गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।




# रुपये के लेनदेन से भड़का खूनी संघर्ष, 17 नामजद समेत 10 अज्ञात पर हत्या के प्रयास का मुकदमा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सहजनवां गोरखपुरः** सहजनवा/गीडा। गीडा थाना क्षेत्र के जैतपुर टोला गौसपुर में जमीन के लेनदेन को लेकर शुरू हुआ विवाद मंगलवार को खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 17 नामजद और 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी कुर्बान अली ने करीब एक वर्ष पूर्व गांव के ही एक व्यक्ति को जमीन खरीदने के लिए 1 लाख 10 हजार रुपये दिए थे। आरोप है कि रकम लेने के बावजूद न तो जमीन की रजिस्ट्री कराई गई और न ही पैसा वापस किया गया। पीड़ित पक्ष लगातार अपने रुपये की मांग कर रहा था, लेकिन आरोपी टालमटोल करता रहा। मंगलवार को जब आरोपी रास्ते से गुजर रहा था, तभी पीड़ित के भाई ने उससे बकाया रकम की मांग कर दी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी पक्ष के कई लोग लाठी-डंडे, लोहे की रॉड, सरिया, चाकू, फरसा और कुदाल जैसे घातक हथियारों के साथ मौके पर पहुंच गए और हमला बोल दिया।

आरोप है कि हमलावरों ने पीड़ित के भाई को घेरकर बेरहमी से पीटा। बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों को भी निशाना बनाया गया। इसी दौरान एक आरोपी ने लोहे की रॉड से सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश हो गया। मारपीट में कुल तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को तत्काल पिपरौली सीएचसी ले जाया गया, जहां से उनकी हालत गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल और फिर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार अत्यधिक रक्तस्राव के कारण घायलों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

## सामाजिक समरसता की गौरवशाली भूमि है देवरिया



**देवरिया।** जिला पंचायत सदस्य एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं पथरदेवा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश पाण्डेय ने देवरिया की ऐतिहासिक विरासत, सांप्रदायिक सौहार्द और विकास की आवश्यकता को लेकर जिलेवासियों के नाम भावनात्मक अपील जारी की है। उन्होंने कहा कि देवरिया केवल एक जनपद नहीं, बल्कि संतों, शहीदों और सामाजिक समरसता की गौरवशाली भूमि है। उन्होंने कहा कि देवरिया को प्राचीन काल में 'देवारण्य' अर्थात देवताओं का वन कहा जाता था। यह ब्रह्मर्षि देवरहा बाबा की तपोभूमि और बाबा राघव दास की कर्मभूमि रही है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां तथा बाल शहीद सोना स्वर्णकार के बलिदान को याद करते हुए कहा कि इन महान विभूतियों ने जाति और धर्म से ऊपर उठकर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

● गौरा चौकी बाजार तक निकाली गई पदयात्रा, तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन

रईस अहमद के नेतृत्व में निकाली गई पदयात्रा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मनकापुर गोण्डाः** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव वरिष्ठ नेता एवं गौरा विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ता रईस अहमद उर्फ बब्बू प्रधान के नेतृत्व में मंगलवार को बढ़ती महंगाई, किसानों की समस्याओं तथा स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर एक विशाल पदयात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा उनके आवास रेडवालिया से शुरू होकर गौरा चौकी बाजार तक पहुंची, जहां बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लिए हुए तथा सिर पर यूरिया खाद की बोरी रखकर सरकार की नीतियों के विरोध में नारेबाजी करते नजर आए। प्रदर्शनकारियों ने बढ़ती महंगाई, खाद की कमी, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। इसके बाद रईस अहमद ने कार्यकर्ताओं संग मनकापुर तहसीलदार सुभद्रा प्रसाद को महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जनहित से जुड़ी दस प्रमुख मांगें उठाई गई।

ज्ञापन में बिजली दरों में कमी, रसोई गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा गैस की कीमतों में कमी, पेट्रोल-डीजल के बढ़े हुए दाम वापस लेने और किसानों को समय से खाद एवं उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसके अलावा छपिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा बभनजोत (बुक्कनपुर) सीएचसी में 100 बेड की सुविधा उपलब्ध कराने, हृदय रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ सहित अन्य चिकित्सकों की नियुक्ति करने की मांग भी रखी गई। कार्यकर्ताओं ने विकास खंड छपिया और बभनजोत में अग्निशमन केंद्र स्थापित करने की भी मांग की।ज्ञापन में छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे पेपर लीक जैसे मामलों पर रोक लगाने तथा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर दर्ज किए जा रहे कथित फर्जी मुकदमों और पुलिस उत्पीड़न को बंद करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

रईस अहमद उर्फ बब्बू प्रधान ने कहा कि जनता महंगाई, बेरोजगारी और मूलभूत सुविधाओं के अभाव से परेशान है। यदि सरकार जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो समाजवादी पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन को और तेज करेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय



नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष राम जीत निसाद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन लाल यादव जिला सचिव अशोक यादव जिला पंचायत सदस्य अनुराग पटेल राष्ट्रीय सचिव लोहिया वहिनी विजय यादव प्रदेश सचिव महेश यादव प्रदेश सचिव राहुल यादव राम जीत निडर निडर जिला सचिव युजन सभा महेश वर्मा लोहिया वाहनी, नरेंदर यादव, प्रतिभा यादव महिला सभा विधानसभा अध्यक्ष वीडियो पदाधिकारी रामकिशन पासवानविधान अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, मुलायम सिंह यादव राजकुमार यादव सलमान खान वहीदुल्ला खान राजकुमार प्रजापति गोलू प्रजापति जमाल अरशद वलीउल्लाह नियाज अहमद संतोष यादव पिछड़ा परकोष्ठ राजकुमार गौतम मुन्ना लाल चौहान अमृत नाथ विधानसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव विधानसभा अध्यक्ष युजन सभा दिलीप वर्मा सरवन वर्मा आशुतोष वर्मा अमरनाथ गौतम जय नाथ भारती सहित हजारों की संख्या मे कार्यकर्त्ता रहे मौजूद।

# संक्षिप्त खबरें

## ग्राम प्रधान एवं मीडिया कर्मियों ने भदपुरा ब्लॉक प्रमुख जन्मदिन धूमधाम से मनाया



**बरेली/**विकासखंड भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार का आज 50 वे जन्मदिवस के अवसर पर मीडिया कर्मियों एवं ग्राम प्रधानों ने ब्लॉक प्रमुख कार्यालय पहुंचकर उनका जन्म दिवस की बधाई दी एवं केक काटकर भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार का जन्म दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया मिष्ठान खिलाकर उनका जन्म दिवस की बधाई दी। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान जुल्फिकार खान मोहम्मद रफी अहमद दीनानाथ गंगवार शनि मीडिया की तरफ से हीरालाल गंगवार नजमुल हसन सुमित कुमार कश्यप बाबू बख्श अंसारी शाहिद अली विश्व देव राठौर समेत भारी संख्या में मीडिया कर्मी उपस्थित थे सभी ने भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार को जन्म दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## शौच को गई महिला को सर्प ने काटा मौत पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा



**बरेली/**बीती रात सोच को गई महिला को जहरीले सर्प ने काट लिया जिससे उसकी मौत हो गई यह घटना ग्राम बिजासन के राम बहादुर की पत्नी पार्वती के साथ घटी इसकी सूचना परिजनों ने क्यों लड़ियां पुलिस को दी। सूचना के अनुसार प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह महिला उपनिरीक्षक मीनाक्षी हेड कांस्टेबल नवीन कुमार आदि पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे पुलिस ने मृतका का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है ज्ञात रहे पार्वती देवी के चौथे पुत्र चोखेलाल की 21 जून को शादी होना निश्चित है । परंतु वह अपने चौथे पुत्र के सिर पर शेरा बधा नहीं देख पाई बीपी रात्रि जहरीले सर्प के काटने से उनकी मृत्यु हो गई वह अपने पीछे चार बेटे छोड़ गई लखनलाल तुलाराम वेद प्रकाश तीनों की शादी हो चुकी है चौथा पुत्र चोखेलाल की शादी 21 जून को होना निश्चित है परंतु उनकी सर्प के काटने से मौत हो गई है इस को लेकर परिवार में कोहरा मच गया है।

## परसरामपुर के ग्राम प्रधान का मतदाता सूची से नाम गायब आयोग को शिकायत भेजी




**बरेली/**जनपद के विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत परसरामपुर के मौजूदा ग्राम प्रधान मोहम्मद रफीक अहमद ग्राम प्रधान है मतदाता सूची में जमकर हुआ खेल वर्तमान ग्राम प्रधान मोहम्मद रफीक का पूर्व मतदाता सूची के अनुसार 1090 क्रम संख्या पर मकान नंबर 92 में दर्ज हैं। परंतु अब मतदाता सूची बनाने में ग्राम पंचायत के वर्तमान ग्राम प्रधान मोहम्मद रफी का नाम हटा दिया गया है जिसको लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं आखिर ग्राम प्रधान का ही नाम जब मतदाता सूची से हटा दिया गया है इस खेल को करने के लिए किसका हाथ है। इस को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं ग्राम प्रधान मोहम्मद रफीक अहमद के अनुसार उनका मतदाता सूची से नाम गायब होने पर उन्होंने निर्वाचन आयोग लखनऊ को शिकायत भेज कर अपना नाम जुड़वाने की मांगती है। इस घटना को लेकर तहसीलदार नवाबगंज अभिषेक तिवारी से बात की गई तो उन्होंने स्वतंत्र प्रभात से बात करते हुए कहा यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है यदि ऐसा हुआ है तो ग्राम प्रधान अपना आवेदन भर के जमा कर दें उनका वोट बन जाएगा साथ ही मतदाता सूची से ग्राम प्रधान का नाम हटाया जाना जांच का विषय है शिकायत मिलती है तो जांच करवा रकर दोषी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# तीन साल के मासूम की मौत के बाद भी खामोश तंत्र!

**● आखिर किसके संरक्षण में चल रहा अवैध इलाज का कारोबार?**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** नीमगांव थाना क्षेत्र की बेहजम पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम बेहटा में तीन वर्षीय मासूम की कथित झोलाछाप चिकित्सक के इलाज के दौरान हुई मौत ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि घटना में नाम सामने आने और क्षेत्र में चर्चाओं का विषय बनने के बावजूद तीन दिन बीत जाने के बाद भी कथित अवैध मेडिकल संचालक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम बेहटा निवासी बलराम अपने तीन वर्षीय पुत्र को तबीयत खराब होने पर लखनापुर चौराहे स्थित एक मेडिकल स्टोर पर इलाज के लिए लेकर पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान बच्चे की हालत अचानक बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई, लेकिन परिजनों द्वारा कोई लिखित शिकायत न दिए जाने के कारण मामला आगे नहीं बढ़ सका। वहीं क्षेत्र में यह चर्चा भी तेज है कि कथित मेडिकल व्यवसायी और पीड़ित परिवार के बीच समझौता हो जाने के कारण पूरा मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। हालांकि इन चर्चाओं की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सबसे बड़ा सवाल स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर उठ रहा है। यदि लखनापुर चौराहे पर लंबे समय से बिना डिग्री, बिना पंजीकरण और बिना विशेषज्ञता के इलाज का काम चल रहा था, तो जिम्मेदार अधिकारियों की नजर वहां तक क्यों नहीं पहुंची? आखिर ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम चल रहे ऐसे अवैध चिकित्सा केंद्रों पर कार्रवाई केवल कागजों तक ही सीमित क्यों रह जाती है? विडंबना यह है कि एक मासूम की मौत के बाद भी जिम्मेदार विभाग की ओर से न तो कोई स्पष्ट जांच रिपोर्ट सामने आई है और न ही किसी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। ऐसे में लोगों के बीच यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या किसी बड़ी त्रासदी के बाद भी व्यवस्था की नींद नहीं टूटती, या फिर अवैध कारोबार करने वालों को किसी प्रभावशाली संरक्षण




का लाभ मिल रहा है? ग्रामीण क्षेत्रों में समय-समय पर झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ अभियान चलाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आती है। यदि आरोप सही हैं तो एक तीन वर्षीय मासूम की मौत केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर विफलता का प्रतीक है। अब देखना यह होगा कि स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों की जवाबदेही तय करता है या फिर यह मामला भी समझौते और फाइलों के बोझ तले दबकर रह जाएगा। क्योंकि यदि आज भी कार्रवाई नहीं हुई, तो यह संदेश जाएगा कि मासूमों की जिंदगी से बड़ा अवैध इलाज का कारोबार हो चुका है और जिम्मेदार तंत्र केवल किसी अगली घटना का इंतजार कर रहा है।

# 'खेत बचाओ अभियान' के तहत कार्यक्रम: किसानों को मृदा स्वास्थ्य, जल संरक्षण पर दी गई जानकारी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** कृषि विज्ञान केंद्र, जमुनाबाद, लखीमपुर-खीरी के कृषि वैज्ञानिक द्वारा 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत ग्राम पनई, विकास खंड पसगवां में आज दिनांक 17.06.2026 में कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. जिया लाल गुप्ता ने किसानों को बताया कि लगातार असंतुलित रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से मृदा की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है। उन्होंने मृदा परीक्षण आधारित पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने, हरी खाद, जैव उर्वरकों एवं फसल अवशेषों के समुचित प्रबंधन पर बल दिया। साथ ही किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन लागत कम करने एवं आय बढ़ाने के उपाय बताए। उन्होंने किसानों को उर्वरकों के संतुलित प्रयोग, हरी खाद, जैविक एवं प्राकृतिक खेती की तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. गुप्ता ने मृदा जांच एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व के साथ फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय एवं मृदा संबंधी नुकसान की जानकारी दी। उन्होंने किसान भाईयों को बताया कि बिना पशुपालन के भविष्य में खेती संभव नही है। पशुपालन ही वह विधा है जिससे मिट्टी की दशा को सुधारा जा सकता है तथा किसान भाईयों की सेहत भी सुधारी जा सकती है। इस मौके पर 30 से अधिक किसानों ने भाग लिया अन्त में कृषि विभाग के एस एम एस ने धन्यवाद ज्ञापित कर सभा को समाप्त करने की घोषणा किया।

## बाघ के हमले में मृत महिला के परिजनों से मिले विधायक रोमी साहनी, 25,000 की आर्थिक सहायता दी

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

बाघ के हमले में मृत हुई कोकिला देवी, पत्नी गेंदन लाल, निवासी खालेपुरवा, के घर पहुंचकर क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी ने शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को तत्काल ?25,000 (पच्चीस हजार रुपये) की आर्थिक सहायता प्रदान की। विधायक रोमी साहनी ने परिजनों को आश्वासन दिया कि मृतका के परिवार को शासन द्वारा मिलने वाली सभी सरकारी सहायता एवं मुआवजा जल्द से जल्द दिलाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से भी आवश्यक कार्रवाई शीघ्र कराने की बात कही। इस अवसर पर विधायक ने मृतका की बेटी क्रांति की शादी की जिम्मेदारी भी उठाने का आश्वासन दिया और परिवार को हर संभव सहयोग देने की बात कही। उनके इस मानवीय सहयोग से पीड़ित परिवार को कठिन समय में कुछ राहत और संबल मिला। क्षेत्र के लोगों ने विधायक के इस संवेदनशील कदम की सराहना की तथा परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# धूमराडीह गाँव मे बीती रात चोरो ने एक घर को निशाना बनाते हुए

**● लाखो का सामान कर दिया पार**

**ऐक माह से विना चौकी इंचार्ज चल रही है सिकंदराबाद पुलिस चौकी**

**नीमगाँव पुलिस रात्रिकालीन गस्त से कर रही है परहेज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** नीमगाँव थाना के अंतर्गत धूमरा डीह गाँव मे बीती रात चोरो ने राम सिंह के घर मे पीछे से छत के रास्ते घुसकर कमरे मे रखे ज़ेवर नगदी चोरी कर ले गए राम सिंह के अनुसार चोर घर के पीछे से छत पर चढ़कर घर मे दाखिल हो गए और उनके लड़के के कमरे मे अलमारी मे रखी तीन जोड़ी पायल व एक सोने की अंगूठी, तीन चांदी के सिक्के और चालीस हजार पांच सौ रूपये की नगदी चोरी



कर ले गए सुबह जागने पर कमरे का सामान बिखरा पड़ा मिला, और अलमारी की लॉक कटी मिली तब चोरी की जानकारी हुए छत पर जाकर देखा तो दो बक्से जिनके ताला टुटा हुआ पड़े मिले जिसके बाद पुलिस को घटना की सुचना दी है, वही ग्रामीणो ने बताया कि लगभग ऐक माह से पुलिस चौकी सिकन्द्राबाद खाली पडी हुई है,जिसके चलते चोरो के हौसले वुलंद है, और सिकंदराबाद पुलिस चौकी की पुलिस रात्रिकालीन होने बाली गस्त से दूरी बनाये हुये है,जवकि पुलिस चौकी सिकन्द्राबाद से चंद कदमो की दूरी पर बसा है गांव धुमरा डीह।

## 'चाचा विधायक हैं हमारे...' काले रंग की बिना नंबर वाली कार और रसूख की धौंस

**बरेली।** बिना नंबर काले रंग की कार, शीशे पर विधायक लगा स्टीकर.... बरेली कालेज के पूर्वी गेट के बैरियर से प्रवेश के लिए टशन दिखाता विधि छात्र, प्राक्टोरियल बोर्ड से भिड़ गया। काफी देर जिद करने के बाद भी प्रवेश नहीं मिला तो विधायक को अपना रिश्तेदार बताकर धौंस जमाने लगा। इस पर शिक्षकों का पारा चढ़ गया, छात्र की फटकार लगाई। अनुशासनहीनता और परीक्षा समय में बाधा उत्पन्न करने पर प्राचार्य ने भी छात्र को कार्रवाई की चेतावनी दी, जिसके बाद वह वापस चला गया। बरेली कालेज में प्रथम पाली में सुबह आठ से 11 बजे तक विधि की परीक्षा कराई गई। इसमें निरीक्षण के दौरान कुछ छात्रों की अंग्रेजी के शिक्षक से बहस हो गई, जिसके बाद सख्ती बढ़ा दी गई। परीक्षा समाप्त होने के बाद नाराज बीएएलएलबी छठे सेमेस्टर के कुछ छात्र पूर्वी गेट पर पहुंचे, जहां अपनी कार परिसर के अंदर ले जाने का प्रयास करने लगे। सुरक्षाकर्मियों ने मना किया तो जिद पर अड़ गए। सूचना पर पहुंचे चीफ प्राक्टर प्रो. आइएस चौहान, डॉ. नीरज सक्सेना, डॉ. योगेश शर्मा, डॉ. महमूद व डॉ. महेश आदि प्राक्टोरियल बोर्ड की टीम ने छात्र व उसके साथियों को वापस कर दिया, इस पर छात्र भड़क गए। एक छात्र ने खुद को विधायक का भतीजा बताते हुए प्रवेश देने के लिए कहा, जिससे शिक्षक भी आक्रोशित हो गए।

# महिलाओं के अधिकार और सम्मान सर्वोपरि, सुजीता कुमारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**● राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी ने जनसुनवाई कर दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश**

**महिला सशक्तिकरण को लेकर सक्रिय राज्य महिला आयोग, लखीमपुर में किया निरीक्षण**

**महिलाओं को न्याय और सुरक्षा दिलाना प्राथमिकता : सुजीता कुमारी, सदस्य राज्य महिला आयोग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित 'सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष' अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी ने बुधवार को जनपद लखीमपुर खीरी में विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं न्याय से जुड़े विषयों का जायजा लिया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में कचहरी परिसर स्थित अटल सभागार में आयोजित जनसुनवाई में राज्य महिला आयोग सदस्य ने पीड़ित महिलाओं की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध न्याय एवं बेहतर प्रशासनिक सेवाएं प्राप्त हों। जनसुनवाई आमजन और प्रशासन के मध्य संवाद का एक सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए शासन की योजनाएं एवं सेवाएं सीधे जनता तक पहुंचती हैं। इसके उपरांत सुजीता कुमारी ने जनपद स्थित महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन कर संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। अस्पताल परिसर में मिली कुछ अव्यवस्थाओं पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को व्यवस्थाएं तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। महिला अस्पताल में आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए उन्होंने नवजात बच्चों एवं उनकी माताओं को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान नवजात शिशुओं के स्वागत एवं सम्मान स्वरूप बेबी किट वितरित की गई तथा मिठाई बांटकर खुशी साझा की गई। उन्होंने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज में बालिकाओं के प्रति सम्मान, स्नेह एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इसके बाद राज्य महिला आयोग सदस्य ने महिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदी महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी



समस्याओं एवं आवश्यकताओं को सुना तथा कारागार में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। *उन्होंने कहा, 'न्याय केवल अदालतों तक सीमित नहीं, बल्कि हर उस महिला तक पहुंचना चाहिए जो अपने अधिकार, सम्मान और सुरक्षा की अपेक्षा रखती है।' उन्होंने बंदी महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा, सम्मानजनक जीवन, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सुजीता कुमारी ने कहा कि महिला सुरक्षा, संवेदनशीलता एवं न्याय की अवधारणा को सशक्त बनाना राज्य महिला आयोग की प्राथमिकता है तथा प्रत्येक महिला को सम्मान एवं न्याय दिलाने के लिए आयोग निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही सर्वोच्च धर्म है और इसी भावना के साथ शासन एवं प्रशासन समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान संबंधित प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कारागार प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारीगण तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# देवनहरी के अमन पाल बने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट, बढ़ाया प्रयागराज का मान

**● एनडीए से प्रशिक्षण पूरा कर हासिल की बड़ी उपलब्धि**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट

**ब्यूरो प्रयागराज।** थरवई थाना क्षेत्र के देवनहरी गांव के होनहार युवा अमन पाल ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे प्रयागराज जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव, क्षेत्र और शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों, शिक्षकों और परिचितों ने अमन की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। देवनहरी गांव निवासी अमन पाल ऐसे परिवार से आते हैं, जहां बचपन से ही देशसेवा और अनुशासन का वातावरण रहा है। उनके पिता महाराजदीन पाल पुलिस विभाग में घुड़सवार पुलिस के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता सुनीता पाल गृहणी हैं। वहीं उनके चाचा बाबादीन पाल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। परिवार के सदस्यों की राष्ट्रसेवा से प्रेरित होकर अमन ने भी सेना में अधिकारी बनने का सपना देखा और उसे साकार कर दिखाया। अमन पाल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कानपुर में प्राप्त की। बचपन से ही वे पढ़ाई में मेधावी और अनुशासित छात्र रहे हैं। उन्होंने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण कीं। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में बीएससी में प्रवेश लिया। पढ़ाई के दौरान ही उनका लक्ष्य भारतीय सेना में अधिकारी बनने का था और उन्होंने इस दिशा में लगातार मेहनत जारी रखी। बीएससी द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत रहते हुए अमन ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। एनडीए में चयन के बाद उन्होंने कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया और अपनी योग्यता, परिश्रम तथा दृढ़ संकल्प के बल पर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद हासिल करने में सफलता प्राप्त की। अमन बताते हैं कि उनके पिता की तैनाती पुलिस लाइन में होने के कारण उनका बचपन कैंट क्षेत्र के वातावरण में बीता। वहां सेना के अधिकारियों की कार्यशैली, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण को देखकर उनके मन में भी सेना में अधिकारी



बनने की प्रेरणा जगी। यही प्रेरणा आगे चलकर उनके जीवन का लक्ष्य बन गई। अपनी सफलता पर अमन पाल ने कहा कि यह उपलब्धि उनके माता-पिता, परिवार के सदस्यों और शिक्षकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि परिवार ने हर परिस्थिति में उनका हौसला बढ़ाया और लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से भी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को पूरा करने का संदेश दिया। अमन की इस उपलब्धि से देवनहरी गांव में हर्ष व्याप्त है। ग्रामीणों और क्षेत्र के लोगों ने इसे पूरे इलाके के लिए गौरव बताया है। लोगों का कहना है कि अमन की सफलता से क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी देशसेवा और उच्च पदों पर पहुंचने की प्रेरणा मिलेगी।

## राम मंदिर दान चोरी की अफवाहों पर ट्रस्ट सख्त, CM योगी से SIT जांच की मांग



उत्तर प्रदेश के अयोध्या राम मंदिर में भक्तों द्वारा दिए गए दान की कथित चोरी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। इस मामले के सामने आने के बाद एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें अब खुद राम मंदिर ट्रस्ट को दखल देना पड़ा है। ट्रस्ट ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीधे तौर पर अनुरोध किया है कि इस मामले की जांच SIT से कराई जाए। रिपोर्ट के मुताबिक, राम मंदिर में भक्तों द्वारा दान की गई रकम दान पेटी में डाली जाती है। अब, इसी दान पेटी से पैसे चोरी होने का मामला सामने आया है।

## सेवैत रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** जनपद के सोरांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सेवैत रेलवे स्टेशन के समीप बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, जीआरपी तथा आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंच गई और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सोरांव थाना क्षेत्र के सेवैत गांव निवासी प्रेमचंद मौर्य (पुत्र श्याम लाल मौर्य) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्रेमचंद किसी कार्यवश सेवैत रेलवे स्टेशन




के आसपास मौजूद था। इसी दौरान वह किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी तेज थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान होने के बाद पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही परिवार के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। युवक की असामयिक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने मृतक को मेहनती और मिलनसार स्वभाव का युवक बताया।

## फिरोजाबाद: मर्चेंट नेवी कैप्टन का शव डेढ़ माह बाद अबू धाबी से घर पहुंचा, परिवार में मचा कोहराम

**टूंडला।** मर्चेंट नेवी में कैप्टन का शव डेढ़ महीने बाद मंगलवार को घर पहुंचा। तबीयत खराब होने पर आबूधावी में उनका निधन हो गया था, लेकिन इसकी जानकारी स्वजन को कुछ दिन पूर्व ई-मेल से हुई। मंगलवार शाम स्वजन ने शव का अंतिम संस्कार किया। नगर के जैन गली निवासी 49 वर्षीय विकास जैन बल्लू मर्चेंट नेवी में कैप्टन थे। वह 30 वर्ष से नौकरी कर रहे थे। स्वजन के अनुसार अक्टूबर 2025 में सीने में दर्द होने पर उन्हें दुबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 11 मार्च को पत्नी ममता जैन से उनकी अंतिम बार बात हुई थी, उसके बाद कोई बात संपर्क नहीं हो सका। स्वजन उनका हाल जानने के लिए परेशान थे। साथी मित्र कैप्टन मनोज यादव ने अबूधाबी में दूतावास से संपर्क किया। कैप्टन ने बताया कि सौ से अधिक मेल करने के बाद 11 मई को उन्हें साथी के मृत्यु होने की जानकारी मिली। इसके बाद काफी प्रयास करने पर शव घर आ सका। शव आते ही स्वजन में चीत्कार मच गई। विकास अपने पीछे पत्नी ममता जैन व बेटी आंशी जैन को रोता हुआ छोड़ गए। वह चार भाई-बहनों में चौथे नंबर के थे। शव देरी से आने का कारण ईरान, अमेरिका युद्ध बताया जा रहा है।

## उत्तर प्रदेश व्यापारी एकता समिति में नए पदाधिकारियों का मनोनयन

**● आशीष ओझा बने जिलाध्यक्ष**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश व्यापारी एकता समिति, प्रयागराज की एक महत्वपूर्ण बैठक थॉर्नहिल रोड स्थित कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत मंथन किया गया।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता ने प्रयागराज इकाई में नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा करते हुए नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया। इसके तहत नैनी निवासी आशीष ओझा को जिलाध्यक्ष, सुरेंद्र केसरवानी को जसरा का कार्यवाहक जिलाध्यक्ष, विपिन गुप्ता (शंकरगढ़) को जिला महामंत्री, अवधेश नारायण वर्मा को महानगर अध्यक्ष, मनोज शुक्ला को कार्यवाहक महानगर अध्यक्ष, राहुल अग्रवाल को महानगर महामंत्री, श्रीमती आरती को महिला शक्ति अध्यक्ष तथा श्रीमती सोनी गुप्ता को महिला शक्ति महामंत्री मनोनीत



किया गया।नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारी हितों की रक्षा के लिए केवल व्यापारी एकता समिति ही निरंतर संघर्ष कर रही है। यही कारण है कि व्यापारी समाज संगठन की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। उन्होंने कहा कि सभी व्यापारियों को संगठित होकर एकजुट शक्ति के साथ कार्य करना होगा, तभी व्यापारियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव हो सकेगा।बैठक में उपस्थित अखिलेश जायसवाल, बृजेश निषाद, अतुल खन्ना, बृजेश यादव, बबीता केसरवानी, जयश्री गुप्ता, अशोक गुप्ता, मनीष गुप्ता, इफ्तिखार अंसारी, इमरान अली, बबलू सहित अन्य व्यापारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी और संगठन को मजबूत बनाने के लिए तन, मन और धन से सहयोग देने का संकल्प लिया।

# राजू पाल हत्याकांड: आरोपी आबिद प्रधान को जमानत मिलने पर बढ़ा विवाद

**● पूजा पाल जाएंगी सुप्रीम कोर्ट**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** बहुचर्चित राजू पाल हत्याकांड में आरोपी आबिद प्रधान को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद राजनीतिक और कानूनी हलकों में एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। विधायक पूजा पाल ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की घोषणा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण तथ्यों को अदालत के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया तथा मामले से जुड़े गंभीर पहलुओं को छिपाया गया। पूजा पाल ने कहा कि उनके पति राजू पाल की हत्या का मामला वर्षों से न्यायालय में विचाराधीन है और वह न्याय की इस लड़ाई को अंत तक लड़ती रहेंगी। उन्होंने कहा कि आरोपी को जमानत मिलने से पीड़ित पक्ष और गवाहों में चिंता का माहौल है।

**आरोपी पर धमकी भरा वीडियो जारी करने का आरोप**

पूजा पाल ने आरोप लगाया कि जमानत मिलने के बाद आरोपी आबिद प्रधान की ओर से एक धमकी भरा वीडियो जारी किया गया है, जिससे उनके परिवार और मामले के गवाहों की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि इस वीडियो की जांच कराई जानी चाहिए और यदि इसमें कोई आपत्तिजनक या भय पैदा करने वाली सामग्री पाई जाती है तो आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

**सुरक्षा बढ़ाने की मांग**

विधायक ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन से अपनी तथा मामले के प्रमुख गवाहों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि राजू पाल हत्याकांड जैसे संवेदनशील और चर्चित मामले में गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है, ताकि न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित न हो।

**सुप्रीम कोर्ट में चुनौती की तैयारी**

पूजा पाल ने स्पष्ट किया कि वह अपने अधिवक्ताओं के साथ परामर्श कर हाईकोर्ट द्वारा दी गई जमानत के आदेश को सुप्रीम



कोर्ट में चुनौती देंगी। उनका कहना है कि न्यायालय के समक्ष सभी तथ्यों को रखते हुए जमानत निरस्त कराने का प्रयास किया जाएगा।

**फिर चर्चा में आया राजू पाल हत्याकांड**

आबिद प्रधान को जमानत मिलने के बाद एक बार फिर राजू पाल हत्याकांड चर्चा के केंद्र में आ गया है। राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और आम लोगों के बीच इस फैसले को लेकर विभिन्न प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। वहीं पीड़ित पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट जाने की घोषणा के बाद मामले की अगली कानूनी लड़ाई पर सभी की नजरें टिक गई हैं। पूजा पाल ने कहा, 'मैं अपने पति राजू पाल के हत्याकांड में न्याय की लड़ाई लगातार लड़ती रहूंगी। न्याय मिलने तक मेरा संघर्ष जारी रहेगा। '

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ चंद्रशेखर विद्वान शिक्षक सम्मान (नेपाल) 2026 से सम्मानित



**चुनार, मीरजापुर।** राजश्री जनकपुर धाम नेपाल में 12 जून को आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में प्रोफेसर (डॉ) चन्द्रशेखर सिंह को विद्वान शिक्षक पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। डॉ चंद्रशेखर समाजकार्य विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय में कार्यरत हैं। सरल,कुशल व्यवहार के धनी डॉ चंद्रशेखर की इस उपलब्धि पर नगर के लोगों में हर्ष व्याप्त है।विजय कुमार वर्मा, सौरभ पुजारी, बृजनंदन कुशवाहा, अनिल मिश्रा इत्यादि शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### नाविकों की बहादुरी पर समाजसेवी श्री तारा चंद उर्फ बंटी गुप्ता द्वारा तीनों को 2100-2100 रुपये की सम्मान राशि देने की किया घोषणा



**विंध्याचल।** गंगा में डूब रहे दो युवकों की जान बचाने वाले नाविकों की बहादुरी को देखते हुए फतेपुरी स्वीट हाउस के प्रतिष्ठित समाजसेवी तारा चंद उर्फ बंटी गुप्ता ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने तीनों बचावकर्ताओं को 2100-2100 रुपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की। बंटी गुप्ता ने कहा कि यह नेक कार्य रुकना नहीं चाहिए। जब भी किसी के सामने ऐसी परिस्थिति आए तो वह पूरी सक्रियता से मदद करे। किसी एक की जान बचाने से सिर्फ उसकी जिंदगी नहीं बचती, बल्कि पूरे परिवार की खुशहाली और उसके बच्चों का भविष्य भी बच जाता है। पूरे परिवार का चैन-सुकून बच जाता है। उन्होंने आगे कहा कि मां विंध्यवासिनी धाम से दर्शन कर लौटने वाले श्रद्धालु जब यहां से अच्छा संदेश लेकर जाते हैं तो इससे स्थानीय लोगों की छवि भी उज्ज्वल होती है। ऐसे बहादुर नाविक समाज के असली नायक हैं। बंटी गुप्ता की इस घोषणा से स्थानीय लोगों में खुशी है। नाविकों ने कहा कि इस सम्मान से उनका हौसला बढ़ा है और वे आगे भी जरूरतमंदों की मदद करते रहेंगे।

### महिला के साथ छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक महिला ने छेड़छाड़ व बलात्कार के आरोप के तहरीर पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने गम्भीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में सम्बंधित अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही हेतु प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह को निर्देश के क्रम में अदलपुरा चौकी इंचार्ज कुमार सन्तोष मय पुलिस टीम ने बुधवार को मुखबिर सूचना पर आरोपी अभियुक्त प्रीतम कुमार उर्फ साजन पुत्र धनी राम निवासी कुशहा को धारा 64(1)332(बी) के तहत गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय को भेज दिया गया।


## सूचना

**रजिस्ट्रेशन न0- 202400938012891**
**ग्रुप डवल्पमेन्ट फाउन्डेसन**
**पता- हर्दिया चौराहा- बस्ती।**
**मोबाइल न0- 9984575100, 9161575100**

निम्नलिखित पदों पर कर्मचारियों की आवश्यकता है।

1- ब्लाक क्वाडिनेटर एक पद योग्तया हाई स्कूल इण्टरमिडिएट आयु सीमा 25 से से 45 वर्ष तक मानदेय 15000.00 पर माह।

2- कलस्टर अध्यक्ष प्रत्येक न्यायपंचायत में एक पद हाई स्कूल आयु सीमा 25 से से 45 वर्ष तक मानदेय 7000 पर माह।

आवेदन की अन्तिम तिथि 20.6.2026 से 20.07.2026 तक संस्था के उपरोक्त पते प्राप्त किया जायेगा ।

चयन का प्रकार- साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जायेगा।

उक्त सभी पदो के लिए आवेदन संस्था के मुख्य कार्यालय पर प्राप्त किया जायेगा आवेदकर्ता जनपद- बस्ती/ संतकबीरनगर/सिद्धार्थनगर के लिए मान्य होगा।

**चेयर मैन**
**ग्रुप डवलपमेन्ट फाउन्डेसन**
**बस्ती।**


# गेहूँ उठान में लापरवाही पर पीसीएफ प्रभारी का सीडीओ ने रोका वेतन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत गेहूँ क्रय एवं भंडारण कार्यों की समीक्षा में लापरवाही सामने आने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में गेहूँ उठान की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए पीसीएफ प्रभारी का जून माह का वेतन तत्काल प्रभाव से बाधित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न एजेंसियों द्वारा गेहूँ खरीद, उठान एवं एफसीआई गोदामों में भंडारण की स्थिति की समीक्षा की गई। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा संचालित 17 क्रय केंद्रों से 5,870 मीट्रिक टन गेहूँ की खरीद की गई है, जिसके सापेक्ष 4,080 मीट्रिक टन गेहूँ एफसीआई गोदामों में भेजा जा चुका है। वहीं सहकारी समितियों एवं पीसीएफ द्वारा खरीदे गए 4,175 मीट्रिक टन गेहूँ में से केवल 1,376 मीट्रिक टन का ही उठान हो सका है।

समीक्षा के दौरान आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए समितियों पर बड़ी मात्रा में गेहूँ का अवशेष रहना चिंता का विषय बताया गया। बैठक में पाया गया कि सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता तथा पीसीएफ प्रबंधन द्वारा गेहूँ के समयबद्ध उठान एवं सुरक्षित भंडारण को लेकर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई गई। मुख्य विकास अधिकारी ने पीसीएफ प्रभारी एवं एडीसीओ प्रकाश चन्द्र चौरसिया से दूरभाष पर वार्ता कर स्थिति की जानकारी ली, लेकिन संतोषजनक जवाब और ठोस कार्ययोजना न मिलने पर उनका जून माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। स्पष्ट किया गया कि समितियों पर अवशेष समस्त गेहूँ का उठान कर सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित होने के बाद ही वेतन जारी किया जाएगा।

बैठक में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता को प्रतिदिन समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही गेहूँ की गुणवत्ता अथवा भंडारण में किसी प्रकार की क्षति होने पर संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करने की चेतावनी दी गई। इस अवसर पर डिप्टी आरएमओ शिशिर कुमार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता राम प्रकाश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने गेहूँ उठान में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि उनके विरुद्ध अनुबंध निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा सके।

## ओवरलोडिंग और अवैध परिवहन के खिलाफ चला सघन अभियान, 22 वाहनों का चालान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में सड़क सुरक्षा, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा अवैध परिवहन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से परिवहन एवं खनन विभाग की संयुक्त टीम ने जनपद में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन/प्रशासन) राम सिंह एवं खनन अधिकारी ने किया। थाना भदोही क्षेत्र सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों पर चलाए गए अभियान के दौरान बिना नंबर प्लेट, धुंधली नंबर प्लेट, कर एवं परमिट संबंधी अनियमितताओं तथा ओवरलोडिंग जैसे मामलों में कुल 22 वाहनों का चालान किया गया। वहीं नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 वाहनों को बंद कराया गया तथा विभिन्न प्रकरणों में 7.58 लाख रुपये का शमन शुल्क आरोपित किया गया।

अभियान के तहत लाला नगर टोल प्लाजा पर विशेष जांच भी की गई, जहां 09 बसों का चालान किया गया तथा एक बस को निरुद्ध करने की कार्रवाई की गई।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी, ओवरलोडिंग, अवैध खनन सामग्री के परिवहन तथा बिना वैध दस्तावेजों के वाहन संचालन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने वाहन स्वामियों एवं चालकों से सभी आवश्यक अभिलेख अद्यतन रखने तथा निर्धारित मानकों का पालन करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ऐसे संयुक्त प्रवर्तन अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### महिला थाना प्रभारी द्वारा लॉ इंटर्नशिप प्रशिक्षुओं के लिए किया गया व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन



**भदोही** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोही के तत्वावधान में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सीमा सिंहद्वारा लॉ इंटर्नशिप कर रहे प्रशिक्षुओं के लिए एक महत्वपूर्ण व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य भावी अधिवक्ताओं एवं कानून के छात्रों को पुलिस की धरातलीय कार्यप्रणाली तथा महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनों के व्यावहारिक क्रियान्वयन से अवगत कराना था। कार्यशाला के दौरान मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा हेतु उपलब्ध विभिन्न टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर्स (जैसे 112, 1090, 181 आदि) तथा संबंधित रजिस्टरों का विस्तृत एवं व्यावहारिक अवलोकन कराया गया। प्रशिक्षुओं को महिला थाने में आने वाली शिकायतों के पंजीकरण, प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया, जांच, साक्ष्य संग्रहण तथा न्यायालय तक के पूरे प्रक्रिया-क्रम की जानकारी दी गई। सीमा सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम भावी कानूनविदों को वास्तविक परिस्थितियों से रू-ब-रू कराते हैं, जिससे वे समाज में बेहतर ढंग से अपनी भूमिका निभा सकें।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भदोही में 'विकसित भारत प्रदर्शनी' का शुभारंभ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ज्ञानपुर स्थित विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में चार दिवसीय 'विकसित भारत प्रदर्शनी' का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी में कृषि, स्वास्थ्य, महिला कल्याण, उद्यान, बाल विकास, खादी एवं ग्रामोद्योग, पंचायती राज, समाज कल्याण, कौशल विकास मिशन, आईटीआई, उद्योग विभाग तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा तभी पूरी होगी, जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। साथ ही उन्होंने 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में अधिकाधिक सहभागिता की अपील की। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जनधन योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि, पीएम सूर्यघर, जल जीवन मिशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और पीएम विश्वकर्मा योजना सहित केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी चित्रों एवं डिजिटल माध्यमों से प्रदर्शित की गई। वहीं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, सामूहिक विवाह, अभ्युदय, कृषक दुर्घटना सहायता तथा विभिन्न पेंशन योजनाओं की उपलब्धियों को भी प्रदर्शनी में स्थान दिया गया।

कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। बाल विकास विभाग ने लाभार्थियों को नवीन रेसिपी आधारित पुष्टाहार वितरित किया, जबकि उद्योग विभाग की ओर से टूल किट का वितरण किया गया। स्थानीय लोक कलाकारों और गायकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सरकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार किया। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों को सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों की व्यापक जानकारी मिलती है। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार विकास तथा सुशासन के नए मानक स्थापित कर रही हैं। चार दिवसीय यह प्रदर्शनी 20 जून तक आमजन के लिए खुली रहेगी, जहां नागरिक विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित होंगे। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी आदित्य कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी का कौलापुर में भव्य स्वागत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** गोपीगंज थाना क्षेत्र के कौलापुर गांव स्थित पत्रकार अंकित पाण्डेय के आवास पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी का भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनके जनहितकारी कार्यों और जिले के विकास में निभाई जा रही सक्रिय भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान अंकित पाण्डेय के पिता विनोद पाण्डेय ने जिला पंचायत अध्यक्ष को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि अनिरुद्ध त्रिपाठी के नेतृत्व में जिला पंचायत द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को नई गति मिली है तथा सड़क, शिक्षा, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि जिले के सर्वांगीण विकास और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए वह निरंतर कार्य करते रहेंगे। उन्होंने युवाओं से समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर राजेश पाण्डेय, आशीष राय, रविशंकर यादव, आदित्य पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, अनिल तिवारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### महिला जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव, वन स्टॉप सेंटर दे रहे त्वरित सहायता-सदस्य राज्य महिला आयोग

**मीरजापुर-** सदस्य राज्य महिला आयोग उ0प्र0 नीलम प्रभात ने आज अपने जनपद भ्रमण के दौरान जिला कारागार का निरीक्षण, आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण व नरायनपुर विकास खण्ड सभागार में महिला जन सुनवाई/चैपाल का आयोजन किया गया। आंनबाड़ी केन्द्र कतवारू का पुरा के निरीक्षण के दौरान सदस्य ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो को नियमित पोषाहार वितरण करने का निर्देश दिया। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान सदस्य ने जेल में निरूद्ध महिला बन्दियो से मिलकर उनके स्वास्थ्य व जेल में मिल रही सुविधाओ के बारे में जानकारी ली। उन्होने जेल निरूद्ध महिला बन्दियो को कौशल विकास प्रशिक्षण व उनके अध्ययन हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### राघव जी का श्रृंगार व भंडारे का हुआ आयोजन



**चुनार, मीरजापुर।** गंगेश्वर नाथ स्थित श्री राघव जी मंदिर पर मंगलवार को देर शाम हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया। राघवजी के अर्चक श्रवण कुमार अवस्थी द्वारा विधि विधान से बजरंग बली की पूजा आरती किया गया इस दौरान दर्शन पूजन के लिए भक्तों का ताता लगा रहा। इसके साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें नगर क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान निखिल रावत, सौरभ पुजारी, राजेश साहू,रोहित रावत, सत्येंद्र दुबे, दानिश रावत सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे।

## एक बार फिर दो लोगों की जान बचाई नाविकों ने

● घाट पर लगे SDRF कहीं नहीं दिखे

फिर से दो परिवार उजड़ते उजड़ते बचे

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**विंध्याचल।** पक्का घाट पर बुधवार सुबह करीब 9 बजे गोरखपुर निवासी आशीष मिश्रा और अनमोल पांडेय स्नान करते समय गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। हादसे के समय घाट पर SDRF और तैनात पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थे। डूबते युवकों की चीख-पुकार सुनकर घाट पर मौजूद नाविकों ने बिना देर किए नाव को ढकेल कर नाव की लग्गी से बचाई जान। चानिका निषाद उर्फ कल्लू गोताखोर, नाविक अर्जुन और एक माली ने सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से दोनों को सकुशल बाहर निकाला। उनकी तत्परता से दो परिवार उजड़ते-उजड़ते बच गए।




प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस दौरान घाट पर मौजूद पुलिसकर्मी भी चिल्लाते नजर आए कि 'भाई कोई बचा लो, बचा लो...' लेकिन खुद पानी में उतरकर बचाव का प्रयास नहीं किया। नाविकों की बहादुरी से एक बार फिर साबित हुआ कि आपदा की घड़ी में स्थानीय नाविक ही सबसे पहले मदद को पहुंचते हैं।

**हालांकि इस दौरान नाविक की नाव भी डूबते डूबते बची**

स्थानीय लोगों ने नाविकों के साहस की सराहना की और प्रशासन से घाट पर बचाव दल की स्थायी तैनाती की मांग की।

## मोहर्रम का चांद दिखते ही इमाम चौकों पर लहराए सब्ज परचम, शुरू हुई तैयारियां

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोपीगंज।** मोहर्रम का चांद दिखाई देने के साथ ही इस्लामी नववर्ष का आगाज हो गया। मंगलवार शाम चांद के दीदार के बाद नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के इमाम चौकों पर सब्ज परचम लहराने लगे और नजर-नियाज का सिलसिला शुरू हो गया। लोगों ने एक-दूसरे को इस्लामी नववर्ष की मुबारकबाद देकर खुशियां साझा कीं। मोहर्रम को लेकर नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित इमाम चौकों की साफ-सफाई एवं रंग-रोगन का कार्य पहले ही पूरा कर लिया गया था। चांद दिखाई देते ही विभिन्न इमाम चौकों पर सब्ज परचम स्थापित कर दिए गए। इसके साथ ही धार्मिक आयोजनों और मजलिसों की तैयारियां भी तेज हो गई हैं।

अखाड़ेदार मोहर्रम के जुलूस की तैयारियों में जुट गए हैं, जबकि ताजियादार इमाम चौकों पर रखे जाने वाले ताजियों को अंतिम रूप देने में व्यस्त हैं। क्षेत्र में जगह-जगह मोहर्रम से जुड़े धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की जा रही है। जानकारी के अनुसार गोपीगंज में मोहर्रम का पहला जुलूस सातवीं मोहर्रम, 23 जून को निकाला जाएगा। यह जुलूस अखाड़ा शेख सलामत (चूड़िहारी मोहल्ला) तथा अखाड़ा धूम खां (सराय मोहल्ला) से निर्धारित समय पर रवाना होगा, जिसमें नगर के अन्य अखाड़ों के सदस्य भी शामिल होंगे। मोहर्रम की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र में श्रद्धा, आस्था और धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। लोग हजरत इमाम हुसैन की याद में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटे हुए हैं।




## जानलेवा हमले और सड़क दुर्घटना मामले में 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** थाना दुर्गागंज पुलिस ने जानलेवा हमले और सड़क दुर्घटना के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार वादी द्वारा थाना दुर्गागंज में दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने पूर्व नियोजित साजिश के तहत लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे जान से मारने की नीयत से टक्कर मारी थी। घटना के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने का प्रयास कर रहा था।

पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए उस पर 5 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना दुर्गागंज पुलिस ने मुकदमा संख्या 136/25, धारा 109, 281, 125(ए), 125(बी) एवं 61(2) बीएनएस से संबंधित वांछित आरोपी अजय सिंह उर्फ विजय सिंह पुत्र स्वर्गीय चेतनरायण सिंह निवासी ग्राम वरना, थाना सरायममरेज, जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, उपनिरीक्षक राजेश सिंह, हेड कांस्टेबल नन्दलाल गौड़, दीपक कुमार मिश्रा, वीरेन्द्र कुमार भारती, कांस्टेबल सत्यान्शु सिंह, रामप्रवेश गोश्वामी, आरक्षी चालक आदित्य कुमार, प्रकाश, राजकुमार, महिला कांस्टेबल प्रजा प्रजापति तथा खुशबू सिंह शामिल रहीं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे जेल भेज दिया।

### मिट्टी गिराते समय ट्रैक्टर ट्राली के कुचलने से श्रमिक की हुई मौत

**हलिया मीरजापुर।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के गलरिया गांव में बुधवार सुबह नौ बजे के करीब मिट्टी लदे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से श्रमिक की मौत हो गई।गलरिया गांव निवासी 63 वर्षीय श्रमिक पगल धरकार अपने घर के पास जेसीबी मशीन लगवाकर खेत में ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी का पटान करवा रहे थे।खेत पर मिट्टी लेकर पहुंचे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से पगल धरकार की मौत हो गई।श्रमिक की मौत से परिजन रोने बिलखने लगे। मृतक के पुत्र रवि की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की जांच में जुट गई।दी गई तहरीर में मृतक के पुत्र ने बताया कि खेत में मिट्टी गिरा रहे अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक व तेज गति से ट्रैक्टर चलाते हुए पिता को टक्कर मारते हुए कुचल दिया। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद अज्ञात ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्राली को ट्रैक्टर मालिक वीरेंद्र कोरी के घर खड़ा कर भाग निकला।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि मृतक के पुत्र की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है घटना की जांच की जा रही है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और मोहर्रम की तैयारियों की डीएम-एसपी ने की समीक्षा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एवं मोहर्रम पर्व की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों कार्यक्रमों की तैयारियों, कानून-व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी कार्यक्रमों का सफल और समयबद्ध संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि 21 जून को जनपद, तहसील, विकासखंड, ग्राम पंचायत, नगर निकाय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, चिकित्सालय, विद्यालय और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, स्वयं सहायता समूहों और आम नागरिकों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को सभी विद्यालयों में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को योग के महत्व के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। मोहर्रम की तैयारियों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों एवं संबंधित मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ताजिया जुलूस मार्गों पर किसी प्रकार की बाधा न रहे तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। अधिशासी अभियंता विद्युत को जुलूस मार्गों पर झूलते तारों को हटाने तथा विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए गए। वहीं जिला पंचायत राज अधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को 20 जून तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।




पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने कहा कि मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी थाना प्रभारियों को सतर्क रहने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने तथा सोशल मीडिया की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शुभांगी शुक्ला, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला पंचायत राज अधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बारात की खुशियां मातम में बदलीं, घर का सहारा छिनने से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सीतामढ़ी।** कोइरौना थाना क्षेत्र के बसही गांव में उस समय मातम पसर गया जब बारात से लौट रहे 22 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में मौत की खबर गांव पहुंची। खुशियों के माहौल में शादी समारोह में शामिल होने गया युवक घर वापस नहीं लौट सका, जिससे पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बसही निवासी विकास बिंद पुत्र लालमणि बिंद अपने मित्र की बारात में शामिल होने प्रयागराज जनपद के हंडिया थाना क्षेत्र के भीटी गाँव गए थे। बुधवार भोर करीब चार बजे भीटी स्थित जीटी रोड पर लौटते समय उनकी बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विकास की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची हंडिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही युवक का शव गांव पहुंचा, परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो उठा। मां चमेला देवी बेटे के शव से लिपटकर बार-बार बिलखती रहीं, जबकि पिता लालमणि बिंद सदमे में नजर आए। मृतक दो भाइयों में बड़ा था और परिवार की जिम्मेदारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा था। पत्नी पूजा, जो घटना के समय अपने मायके गई थीं, सूचना मिलते ही ससुराल पहुंचीं। पति का शव देखते ही वह बदहवास हो गई। युवक की असमय मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और हर आंख नम दिखाई दी।

# कुरुक्षेत्र: राहुल को प्रतिरोध का नारा बनाएगा विपक्ष का चेहरा

**● 2029 में क्करूमोदी और नेता विपक्ष का सीधा मुकाबला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज-** महंगाई, बेरोजगारी, पर्चा लीक, सीबीएसई की गड़बडी, भारत अमेरिका व्यापार समझौता , एपस्तीन फाइल,खाड़ी युद्ध में भारत की विदेश नीति और अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत जैसे हर ज्वलंत मुद्दे पर राहुल गांधी सीधे प्रधानमंत्री मोदी को ही घेर रहे हैं।लोकसभा चुनाव में अभी तीन साल का वक्त है लेकिन राजनीति जिस दिशा में चल पड़ी है, उससे साफ जाहिर है कि न सिर्फ 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव बल्कि अब 2029 तक जितने भी चुनाव होंगे सब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी के बीच ही सीधा मुकाबला होगा।नतीजतन राहुल गांधी खुद खुलकर मैदान में आ गये हैं। राहुल गांधी ने विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक में कहा कि अब देश में चुनावों की परंपरागत राजनीति से आगे प्रतिरोध की राजनीति का युग आ गया है। प्रतिरोध की राजनीति से राहुल गांधी का सीधा मतलब है कि मोदी सरकार को संसद के साथ-साथ विपक्ष अब सड़क पर भी घेरेगा। राहुल ने कहा कि सभी संस्थाएं सरकार के कब्जे में हैं और चुनावों का कोई मतलब नहीं रह गया है। इसलिए कांग्रेस को प्रतिरोध की राजनीति के अपने पुराने दौर में लौटना होगा। राहुल ने सिर्फ एलान ही नहीं किया बल्कि उन्होंने प्रतिरोध की राजनीति की शुरुआत करते हुए सबसे पहले युवाओं और छात्रों से सीधे संवाद करने के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है।इसकी शुरुआत वह कोटा, इलाहाबाद, पटना और दिल्ली में छात्र युवा सम्मेलन से कर रहे हैं। भाजपा और एनडीए तो 2014 से ही चाहे लोकसभा हो या विधानसभा का चुनाव नरेंद्र मोदी को आगे करके उनके नाम पर ही हर चुनाव लड़ रहा है। सत्ता पक्ष के लिए नरेंद्र मोदी का नेतृत्व और नाम चुनावों में जीत का सबसे बड़ा मंत्र है जबकि इसके विपरीत कांग्रेस मोदी के मुकाबले अपने किसी भी नेता को आगे करके चुनाव लड़ने की हिम्मत नही जुटा पा रही थी। इसी तरह 2024 के लोकसभा चुनावों में विपक्षी इंडिया गठबंधन भी मोदी के मुकाबले बिना कोई चेहरा आगे लाए ही मैदान में उतरा था। लेकिन अब कांग्रेस जिस राह पर चल पड़ी है, उससे यह साफ है कि अब उसे नरेंद्र मोदी के मुकाबले राहुल गांधी को आगे करने में कोई गुरेज नहीं है। अब राहुल गांधी खुद आगे बढ़कर सरकार के खिलाफ होने वाली लड़ाई की कमान संसद के साथ सड़क पर भी संभालने के लिए तैयार हैं।

उधर विपक्षी खेमे की तस्वीर अब खासी बदल गई है। हाल ही में हुए पांच विधानसभा चुनावों में प.बंगाल में ममता बनर्जी और तमिलनाडु में एमके स्टालिन के किले ढह गए और इसके पहले बिहार में तेजस्वी यादव, दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और महाराष्ट्र में शरद पवार और उद्धव ठाकरे भाजपा के हाथों हार चुके हैं। कांग्रेस भी 2024 के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र और असम में भाजपा से हारी है लेकिन केरल में उसकी जीत और तमिलनाडु में डीएमके को छोड़कर टीवीके सरकार में शामिल होने से पार्टी को फिर आक्सीजन मिल गई है। इसलिए अब मामला कांग्रेस और क्षत्रपों के बीच बराबरी का हो गया है और अब कोई भी क्षत्रप कांग्रेस को यह उलाहना नहीं दे सकता कि भाजपा का मुकाबला क्षेत्रीय दल ही सफलता पूर्वक कर पाते हैं। क्षत्रपों में अब झारखंड में हेमंत सोरेन अकेले ऐसे नेता हैं जो दो बार लगातार भाजपा को चुनावी मात दे चुके हैं और कांग्रेस के साथ उनका गठबंधन है जबकि 2014, 2017, 2019 और 2022 में लगातार भाजपा के हाथों चुनावी हार झेल चुके अखिलेश यादव ने 2024 में लोकसभा चुनावों में भाजपा को पटखनी देकर फिर से 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए खम ठोंक रहे हैं। अब 2027 में उत्तर प्रदेश अकेला ऐसा राज्य है, जहां चुनाव में भाजपा का सपा से मुकाबला होगा और कांग्रेस उसकी सहयोगी पार्टी होगी। वहीं पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस का सीधा मुकाबला होगा क्योंकि यहां भाजपा अभी अपनी जमीन बनाने की कोशिश कर रही है और अकाली दल के सामने अस्तित्व बचाने की चुनौती है। बाकी 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले होने वाले सारे राज्यों उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश,गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ में भाजपा और कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला होगा। वहीं तेलंगाना में कांग्रेस बीआरएस और भाजपा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होगा। यहां भी कांग्रेस मुख्य किरदार होगी।

## यूपीएससी प्रीलिम्स: एनएसयूआई ने पेपर लीक का आरोप लगाया, कहा- 82 सवाल कोचिंग नोट्स से मिले

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 को लेकर एक नया विवाद सामने आया है. कांग्रेस पार्टी के छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने कथित अनियमितताओं और पेपर लीक की संभावना को लेकर चिंता जताई है। इंडिया टुडे की ख़बर के मुताबिक, संगठन ने यूपीएससी से तत्काल स्पष्टीकरण के साथ इस ही इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने आरोप लगाया है कि यूपीएससी प्रीलिम्स 2026 में पूछे गए 100 में से 82 सवाल, कोचिंग संस्थान 'अनंतम आईएएस' द्वारा तैयार किए गए स्टडी मटीरियल से काफी हद तक मिलते-जुलते थे। उनके अनुसार, कई सवाल न केवल नोट्स की सामग्री को दर्शाते थे, बल्कि उनकी शब्दावली और प्रस्तुति से भी मिलते-जुलते थे.जाखड़ ने आगे दावा किया कि जिन नोट्स की बात हो रही है, उनमें परीक्षा के बाद बदलाव किए गए थे और कथित तौर पर उस सामग्री से जुड़ी तारीखों में भी फेरबदल किया गया था। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं ने कोचिंग संस्थानों और परीक्षा प्रक्रिया के बीच मिलीभगत की आशंका को जन्म दिया है। इस मामले को गंभीर बताते हुए एनएसयूआई ने यूपीएससी को पत्र लिखकर विस्तृत जानकारी मांगने का फैसला किया है.संगठन ने आयोग से आग्रह किया है कि वह इन आरोपों की पारदर्शी और निष्पक्ष जांच करे और उम्मीदवारों की चिंताओं को दूर करने के लिए स्पष्टीकरण जारी करे। जाखड़ ने आगे कहा कि यूपीएससी परीक्षा सिर्फ एक परीक्षा नहीं है यह लाखों युवा भारतीयों की उम्मीदों, कड़ी मेहनत और सपनों को दिखाती है, जो इसकी तैयारी में अपने जीवन के कई साल लगा देते हैं. अगर ये आरोप सच साबित होते हैं कि बड़ी संख्या में सवाल किसी खास कोचिंग संस्थान के मटीरियल से लिए गए थे, तो यह भरोसे का गंभीर उल्लंघन होगा और परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता, गोपनीयता और ईमानदारी पर गंभीर सवाल खड़े करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर का कहर: सड़क पार कर रहे युवक को मारी टक्कर

**प्रयागराज।** शहर में तेज रफ्तार वाहनों का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने सड़क पार कर रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घायल युवक की पहचान पंकज के रूप में हुई है। वह सिविल लाइंस क्षेत्र से अपने घर सलेम सराय लौट रहा था। इसी दौरान सलाई डिपो के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पंकज कई फीट दूर जाकर सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाते हुए कार चालक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ने वाहन की गति और बढ़ा दी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चालक ने पहले कार को आगे बढ़ाया और फिर सलाई डिपो की ओर मोड़कर तेजी से फरार हो गया। कुछ युवकों ने उसका पीछा भी किया, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस वाहन नंबर के आधार पर मालिक और चालक की पहचान करने में जुटी हुई है।

### विकसित भारत के संकल्प को साकार करने शिवाजी डिग्री कॉलेज सहंसो में आयोजित हुआ सम्मेलन



**प्रयागराज।** शिवाजी डिग्री कॉलेज, सहंसो में आयोजित 'विकसित भारत सम्मेलन' कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर जिला गंगापार भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विकसित भारत के संकल्प को साकार करने, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। विकसित भारत का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक और कार्यकर्ता का संकल्प है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और जनता के बीच जाकर सरकार की उपलब्धियों को बताने का आह्वान किया। बैठक में सांसद फूलपुर प्रवीण पटेल ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा सरकार गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान ने संगठन की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भागीदारी की अपील की। इस अवसर पर जिला प्रभारी उत्तर मौर्य, फूलपुर विधायक दीपक पटेल, फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, फूलपुर चेयरमैन अमरनाथ यादव, पूर्व विधायक प्रभाशंकर पाण्डेय, पूर्व जिला अध्यक्ष कविता पटेल, जिला उपाध्यक्ष किरण त्रिवेदी, अनिरुद्ध सिंह पटेल, आशीष केसरवानी, रोहित केसरी सहित अनेक पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे।

## इफको फूलपुर में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना में प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन 19 जून को

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO), क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज द्वारा 19 जून, 2026 को अपराह्न 4:30 बजे इफको सभागार, फूलपुर, प्रयागराज में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (PM-VBRY) के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन से आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ समन्वयित रहेगा, जिसमें देशभर के लाभार्थियों एवं नियोजकों को योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि वितरित की जाएगी। इस अवसर पर देशभर में लगभग 2,400 करोड़ की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना भारत सरकार की एक प्रमुख रोजगार-आधारित प्रोत्साहन योजना है, जिसका उद्देश्य रोजगार सृजन को बढ़ावा देना, रोजगार के औपचारीकरण को प्रोत्साहित करना तथा सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार करना है। योजना के अंतर्गत प्रथम बार रोजगार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को 15,000 तक का प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। वहीं अतिरिक्त रोजगार सृजित करने वाले नियोजकों को प्रति अतिरिक्त कर्मचारी 3,000 प्रति माह तक का प्रोत्साहन दिया जाता है। यह योजना 1 अगस्त 2025 से प्रभावी है तथा इसके लिए कुल 99,446 करोड़ का प्रावधान किया गया है। योजना के माध्यम से दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार अवसरों के सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिनमें लगभग 1.92 करोड़ प्रथम बार रोजगार प्राप्त करने वाले युवा शामिल हैं। अब तक देशभर में इस योजना के माध्यम से लगभग 15 लाख लाभार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो चुके हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिष्ठानों, नियोजकों, कर्मचारियों, श्रम एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता रहेगी। यह योजना रोजगारोन्मुख विकास, औपचारिक रोजगार के विस्तार तथा सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## पेट्रोल पंप के बाथरूम में अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र स्थित लेप्रोसी चौराहे के पास एक पेट्रोल पंप के बाथरूम में बुधवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने बाथरूम का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पेट्रोल पंप परिसर में बने बाथरूम का दरवाजा काफी देर से अंदर से बंद था। लंबे समय तक कोई बाहर नहीं निकला और अंदर से किसी प्रकार की हलचल भी नहीं हुई, जिससे वहां मौजूद लोगों को संदेह हुआ। लोगों ने कई बार आवाज लगाई,लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।इसके बाद पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने डायल-112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तुड़वाया तो अंदर एक अधेड़ व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा मिला।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। मामले की जांच जारी है।

## आठ माह बाद नाबालिग किशोरी बरामद, अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बहरिया/ प्रयागराज।** कमिश्नरेट प्रयागराज की बहरिया पुलिस ने करीब आठ माह से लापता नाबालिग किशोरी को सकुशल बरामद करते हुए अपहरण के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामले में नए साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं की बढ़ोतरी की है। किशोरी की बरामदगी के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली है, वहीं पुलिस अधिकारियों ने कार्रवाई में शामिल टीम की सराहना की है। पुलिस के अनुसार, थाना बहरिया क्षेत्र के ग्राम रनेई निवासी भारतलाल पुत्र स्वर्गीय रामफकीर ने 4 नवंबर 2025 को अपनी 16 वर्षीय पुत्री के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी पुत्री 31 अक्टूबर 2025 से घर से गायब है। शिकायत के आधार पर थाना बहरिया में मुकदमा अपराध संख्या 199/2025 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम लगातार किशोरी की तलाश और तकनीकी व भौतिक साक्ष्यों के आधार पर जांच में जुटी रही। लगातार प्रयासों और सूचनाओं के संकलन के बाद बुधवार को पुलिस ने ईदगाह तिराहा धमौर क्षेत्र से किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही मामले में प्रकाश में आए आरोपी अजय वर्मा पुत्र हरीराम वर्मा निवासी ग्राम चंदवारी, थाना टहरौली, जनपद झांसी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की उम्र लगभग 25 वर्ष बताई गई है।

**इंस्टाग्राम से शुरू हुई थी बातचीत**

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि लगभग तीन वर्ष पूर्व उसकी पहचान किशोरी से इंस्टाग्राम के माध्यम से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और बाद में मोबाइल नंबरों का आदान-प्रदान हो गया। सोशल मीडिया और मोबाइल फोन पर लगातार संपर्क में रहने के दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध विकसित हो गए। आरोपी के अनुसार, जब किशोरी के परिजनों को इस संबंध की जानकारी हुई तो दोनों पर मिलने-जुलने को लेकर प्रतिबंध लगाए जाने लगे। इसके बाद किशोरी ने उसे अपने पास बुलाया। आरोपी ने बताया कि वह 31 अक्टूबर 2025 को प्रयागराज आया और 1 नवंबर को किशोरी को अपने साथ लेकर चला गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि दोनों कुछ समय तक अलग-अलग स्थानों पर रहे। किराये पर कमरा न मिलने के कारण उन्होंने मध्य प्रदेश के ग्वालियर स्थित शीतला देवी मंदिर में विवाह करने का दावा किया। इसके बाद किराये के मकान में साथ रहने लगे। आरोपी ने यह भी बताया कि बाद में 20 मई 2026 को झांसी के एक आर्य समाज मंदिर में दोबारा विवाह किया गया और दोनों पति-पत्नी के रूप में रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक, किशोरी अपने परिजनों से मिलने की इच्छा जता रही थी। इसी कारण आरोपी उसे लेकर प्रयागराज आ रहा था। जैसे ही पुलिस को इसकी सूचना मिली, सक्रिय टीम ने घेराबंदी कर दोनों को ईदगाह तिराहा धमौर क्षेत्र में रोक लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**पॉक्सो एक्ट समेत कई धाराएं बढ़ाई गई**

बरामद किशोरी के बयान और जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में धारा 87 एवं 65(1) बीएनएस के साथ 5एल/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ सभी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## अडानी ने दो साल में बीजेपी शासित राज्यों के सभी कोयला बिजली टेंडर पाए: रिपोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** अडानी समूह ने पिछले दो साल से बीजेपी शासित राज्यों में लंबी अवधि वाले कोयला आधारित थर्मल पावर के सभी टेंडर जीते। 'द रिपोर्टर्स कलेक्टिव' ने यह रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2024 से जनवरी 2026 के बीच निकाले गए 12 बड़े लंबी अवधि के टेंडरों में से 8 बीजेपी शासित राज्यों के थे। अडानी समूह ने इन सभी को या तो अकेले या संयुक्त रूप से जीत लिए। विपक्षी दलों वाले राज्यों में सफलता कम रही। रिपोर्ट के अनुसार 2024 से अब तक के इन लंबी अवधि के कोयला आधारित बिजली खरीद कॉन्ट्रैक्ट से कंपनी को अगले 25 साल में कुल 13.27 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई होने का अनुमान है। इस रिपोर्ट पर अडानी समूह ने कहा है कि सबकुछ पारदर्शी और नियमों के अनुसार हुआ है। इसने कहा है कि इसने गैर बीजेपी वाले राज्यों में भी टेंडर जीते हैं और बीजेपी शासित राज्यों में टेंडर जीतने वाली वह अकेली कंपनी नहीं है। अडानी समूह जो भी दावा करे, लेकिन 'द रिपोर्टर्स कलेक्टिव' की रिपोर्ट टेंडर प्रक्रिया की पूरी पड़ताल कर कहती है कि बीजेपी शासित राज्यों में अडानी ग्रुप को लगभग सभी बड़े टेंडर मिल गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ मामलों में टेंडर की शर्तें ऐसी बनाई गई जो अडानी समूह को फायदा पहुंचाती थीं। ऐसी ही रिपोर्टों के बीच महाराष्ट्र और राजस्थान जैसे राज्यों में टेंडर को लेकर विवाद भी हुआ था। राजस्थान का एक टेंडर बाद में रद्द कर दिया गया। असम में राज्य सरकार ने अडानी के 3200 मेगावाट प्लांट से अतिरिक्त बिजली खरीदने के लिए अपने फंड का वादा किया। रिपोर्ट के अनुसार बिहार में अडानी को 1000 एकड़ जमीन सिर्फ 1 रुपये सालाना किराए पर दी गई। द रिपोर्टर्स कलेक्टिव की रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो सालों में लंबी अवधि के इन अनुबंधों की कुल क्षमता क़रीब 16.7 गीगावाट बताई जा रही है। अनुमानित कमाई की गणना टैरिफ़, प्लांट की क्षमता और 25 साल की अवधि के आधार पर की गई है। 'द रिपोर्टर्स कलेक्टिव' के भेजे गए सवालों के जवाब में अडानी पावर ने कहा कि सभी अनुबंध खुली प्रतिस्पर्धी बोली के ज़रिए हासिल किए गए। सरकारी बिजली नियामक आयोगों ने इन टैरिफ को मंजूरी दी। कंपनी ने रिपोर्ट पर सफाई में कहा है कि राज्य सरकार की राजनीतिक पार्टी से उनका कोई लेना-देना नहीं है। समूह ने आगे कहा, 'हमने बीजेपी शासित राज्यों में ही नहीं, गैर-भाजपा राज्यों में भी टेंडर जीते हैं। हम सभी जगह पारदर्शी प्रक्रिया के तहत हिस्सा लेते हैं।'

## करणी सेना ने योगी सरकार को घेरा, पूछा- कब चलेगा बुलडोजर?




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** अयोध्या राम मंदिर में हुए दान घोटाले को लेकर मंगलवार को करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल उर्फ अम्मू ने जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राम भक्तों की भावनाओं का अपमान हो रहा है। उन्होंने राम मंदिर को लेकर कहां कि सरकार आखिरकार चुप क्यों है, जब इतना बड़ा घोटाला हो गया है तो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज क्यों नहीं कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि चोर चोर मौसेरे भाई बन गए हैं तभी इस मामले में कोई कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं, उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ पर तंज करते हुए कहा कि यूपी में बुलडोजर की कार्रवाई बहुत तेजी से होती है, लेकिन इस मामले में सीएम साहब का बुलडोजर आरोपियों की तरफ कब मुड़ेगा और कब कार्रवाई देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए ट्रस्ट के 12 सदस्यों को अपना इस्तीफा दे देना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अब करणी सेना उत्तर प्रदेश के 40 जिलों की 50 से 70 सीटों के बीच विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। इसके लिए पढ़े-लिखे उम्मीदवारों की तलाश सेना से जुड़े पदाधिकारी करेंगे। इसमें खास तौर से सभी वर्णों से जुड़े लोगों को उम्मीदवार बनाया जाएगा। अगर कोई राष्ट्रीय हित के विचार रखने वाला मुसलमान भी करणी सेना से टिकट मांगेगा तो उसे भी टिकट दी जाएगी।

## एससी/एसटी एक्ट के वांछित वारंटी को सरायइनायत पुलिस ने किया गिरफ्तार




**सराय इनायत/प्रयागराज।** थाना सरायइनायत पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय स्पेशल जज एससी/एसटी एक्ट, प्रयागराज द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र से संबंधित अभियुक्त सूबा सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह निवासी ग्राम चकिया धरहरा, थाना सरायइनायत, कमिश्नरेट प्रयागराज को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा संख्या 769/2023 में भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 308, 323, 325, 504 तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(×) के तहत मामला दर्ज है। न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर उसकी तलाश की जा रही थी।

## ज्योतिषी आचार्या काजल कुमारी की गई सम्मानित






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** गाज़ियाबाद में आयोजित भव्य ज्योतिष एवं वास्तु सम्मेलन मे पंडित शिव कुमार शर्मा , डॉ. सतीश भारद्वाज तथा जैन के द्वारा आचार्या काजल कुमारी को सम्मानित किया गया। यह 22 वां ज्योतिष सम्मेलन में पूरे भारत से ज्योतिष और वास्तु विशेषज्ञ उपस्थित हो कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया । सम्मानित होने वाले विद्वान और विदुषीयों में आचार्या काजल कुमारी सबसे कम उम्र मात्र ( 21 वर्ष) कि सुप्रसिद्ध प्रतिभावान ज्योतिषी रही। ये पटना के टॉप 10 ज्योतिषी में तीसरे स्थान पर हैं। इन्हें सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह, वास्तु दर्शन पुस्तक, कॉपी, कलम और दुपट्टे से सम्मानित किया गया।सम्मान पाकर इन्होंने कहा कि यह सम्मेलन स्मरणीय और दिव्य रहा। मेरे लिए ये सम्मान प्राप्त करना मेरा परम् सौभाग्य ही हैं। मैं आज जिस स्थान पर हूं ये मेरे माता पिता का आशीर्वाद और त्रिदेवियों की असीम कृपा से हैं। उन्होंने कहा यह सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि ज्योतिष एवं वास्तु के क्षेत्र में ज्ञान, अनुभव, शोध एवं आध्यात्मिक चिंतन का एक अद्भुत संगम था। देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्वानों, ज्योतिषाचार्यों एवं जिज्ञासुओं को एक मंच पर जोड़कर आपने ज्ञान-विनिमय एवं मार्गदर्शन का जो श्रेष्ठ अवसर प्रदान किया, वह वास्तव में सराहनीय है। आप सभी के समर्पण, दूरदर्शिता, कुशल नेतृत्व एवं अथक प्रयासों के कारण यह सम्मेलन अत्यंत सफल, प्रेरणादायक एवं यादगार बन सका। ऐसे आयोजन न केवल प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को सशक्त बनाते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को भी ज्योतिष एवं वास्तु के गहन अध्ययन के लिए प्रेरित करते हैं।

## अजय राय बोले- BJP-RSS ने शिलापूजन के नाम पर खूब पैसे वसूले, राम मंदिर में 1,400 करोड़ की चोरी हुई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा, देश की आस्था के साथ BJP-RSS के द्वारा छल किया गया है। आज आस्था को बेचा जा रहा है और धर्म के नाम पर सौदा किया जा रहा है। श्रीरामजन्मभूमि को लेकर जो जानकारी सामने आ रही है, वह दिखाती है कि एक संगठित लूट हुई है, जिसमें बड़े-बड़े लोग शामिल हैं और ये बात खुद BJP के पूर्व सांसद कह रहे हैं। श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट में एक रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट नृपेंद्र मिश्रा को चेयरमैन बनाया गया, जो 5 साल 3 महीने तक नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव थे। यानी- इस संगठित लूट के जिम्मेदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। ट्रस्ट में शामिल गोपाल राव पहले से ही विवादित रहे हैं। चंपत राय सारा माल लेकर चंपत हो गए। अनिल मिश्रा समेत RSS की पृष्ठभूमि से आने वाले लोगों को ट्रस्ट में पद दिए गए थे। अब इस मामले में सरकार ने SIT गठित कर मान लिया है कि बहुत ही जबरदस्त तरीके से गड़बड़ी हुई है। अजय राय ने कहा, पहले BJP-RSS के लोगों ने श्रीरामजन्मभूमि में शिलापूजन के नाम पर खूब पैसे वसूले, जिसका कोई लेखा-जोखा नहीं है। ये 1,400 करोड़ रुपए से ज्यादा की चोरी है। उस समय विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष अशोक सिंघल जी बताएं कि वो पैसा कहां गया? BJP-RSS ने लोगों की आस्था और भगवान का चढ़ावा ही चोरी कर लिया है। श्रीरामजन्मभूमि में BJP-RSS के लोगों ने संगठित लूट की है। हमारी मांग है कि इस गंभीर मुद्दे से जुड़ी SIT की रिपोर्ट एक हफ्ते में आनी चाहिए। लेकिन, अफसोस है कि SIT में उस अधिकारी को जांच की जिम्मेदारी दी गई है, जिसके ऊपर खुद महाकुंभ में मची भगदड़ से जुड़ी जांच चल रही है।

## प्रिस्क्रिप्शन नहीं तो कफ सिरप नहीं, सरकार के फैसले को लेकर क्या है डॉक्टरों की राय

**● हर खांसी का इलाज कफ सिरप नहीं होता। कई बार शरीर खुद ही खांसी के जरिए अपनी सफाई कर रहा होता है। अब सरकार ने बिना डॉक्टरी प्रिस्क्रिप्शन के कफ सिरप की बिक्री पर रोक लगा दी है।**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** अब बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के आप कोई भी कफ सिरप नहीं खरीद पाएंगे। दूषित सिरप से हुई बच्चों की मौत के बाद से सरकार लगातार सख्त है। मंगलवार (16 जून) को इस दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन जारी करके बताया कि कफ सिरप समेत सिरप वाली दवाएं अब बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं मिलेंगी। ग्राहकों को डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन की जरूरत होगी। सरकार के इस कदम का स्वागत करते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इसे बेहद जरूरी बताया। डॉक्टरों का कहना है कि इस फैसले के बाद न सिर्फ दवाओं के गलत इस्तेमाल पर रोक लगेगी, साथ ही जिस तरह से पहले इन दवाओं के गंभीर दुष्प्रभाव देखे गए थे, ऐसे मामले भी नहीं होंगे। गौरतलब है कि अक्तूबर में मध्यप्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप पीने से कई बच्चों की मौत हो गई थी। जांच में सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल की मात्रा, तय सीमा से काफी अधिक पाई गई थी।

सरकार ने कफ सिरप को सख्त रेगुलेटरी निगरानी में लाने के लिए कुछ नियमों में बदलाव किया है। इसका मकसद कफ सिरप समेत सिरप-बेस्ड दवाओं को सख्त रेगुलेटरी निगरानी में लाना है।

# संक्षिप्त खबरें

## प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) लाभुक चयन को लेकर बसरिया पंचमाधव पंचायत में 18 जून को ग्राम सभा : नीलम देवी



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभुकों के चयन को लेकर बसरिया पंचमाधव पंचायत में 18 जून (गुरुवार) को ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। यह ग्राम सभा पंचायत सचिवालय बसरिया में प्रातः 10:30 बजे आयोजित होगी। बसरिया पंचायत की मुखिया नीलम देवी ने पंचायत क्षेत्र के सभी पंचायत समिति सदस्यों, उप मुखिया, वार्ड सदस्यों, पंचायत सहायकों तथा आम जनता से ग्राम सभा में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभुकों के चयन की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने के उद्देश्य से ग्राम सभा आयोजित की जा रही है। ग्राम सभा में पात्र लाभुकों की सूची पर चर्चा की जाएगी तथा योजना के तहत आवास से वंचित जरूरतमंद परिवारों की पहचान कर उनके नामों का चयन किया जाएगा। पंचायत प्रतिनिधियों का मानना है कि ग्रामीणों की सहभागिता से योजना का लाभ सही और पात्र लोगों तक पहुंचाना संभव होगा। मुखिया नीलम देवी ने पंचायतवासियों से समय पर उपस्थित होकर ग्राम सभा को सफल बनाने तथा विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग देने की अपील की है। ग्राम सभा में लिए गए निर्णयों के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए लाभुकों की अंतिम सूची तैयार की जाएगी।

## उपासना मरांडी के प्रयास से मटियाचुआं गाँव में बहाल हुई बिजली, ग्रामीणों को मिली राहत



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखंड के खाक्सा पंचायत अंतर्गत मटियाचुआं गांव में झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी के प्रयास से 25 केवीए का नया विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण गांव में बिजली आपूर्ति बाधित थी, जिससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की समस्या की जानकारी मिलते ही उपासना मरांडी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया और शीघ्र समाधान की पहल की। उनके निरंतर प्रयास और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है कि आज मटियाचुआं गांव को नया ट्रांसफार्मर मिला और बिजली आपूर्ति पुनः सुचारू रूप से बहाल हो गई। उपासना मरांडी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा हमेशा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहा है। गांव-गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की हर समस्या के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। नया ट्रांसफार्मर स्थापित होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने उपासना मरांडी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जनता की आवाज बनकर उनकी समस्या का त्वरित समाधान कराया। यह कार्य जनसेवा और विकास के प्रति उनकी सक्रियता का एक और उदाहरण है।

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का सनसनीखेज दावा, SP के 26 सांसद संपर्क में



महाराष्ट्र में शिवसेना और पश्चिम बंगाल में TMC में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, उत्तर प्रदेश की राजनीति भी गरमा गई है। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने चौंकाने वाला दावा किया है कि समाजवादी पार्टी के 25 से 26 सांसद अभी पाला बदलने और पार्टी तोड़ने को तैयार हैं। यह बयान ऐसे समय में आया है जब बीजेपी नेताओं का दावा है कि ममता बनर्जी और उद्धव ठाकरे की पार्टियों में फूट के बाद अब अखिलेश यादव की पार्टी की बारी है।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विजन से बदली ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पलाश ब्रांड के जरिए दुनिया तक पहुंचा झारखंड का आम

**● झारखंड मैंगो मार्केटिंग इनिशिएटिव से ग्रामीण महिलाओं और किसानों को मिली नई पहचान, 60 लाख रुपये से अधिक का कारोबार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंडः-** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दूरदर्शी नेतृत्व और ग्रामीण महिलाओं की मेहनत ने झारखंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। राज्य सरकार की पहल पर संचालित 'पलाश' ब्रांड के तहत झारखंड मैंगो मार्केटिंग इनिशिएटिव आज ग्रामीण महिलाओं और किसानों के लिए आजीविका का मजबूत माध्यम बनकर उभरा है। इस पहल के जरिए झारखंड का आम देश के बड़े रिटेल बाजारों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी पहचान बना रहा है। राज्य सरकार द्वारा जारी जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर कोरोना काल में शुरू की गई बिरसा हरित ग्राम योजना ने ग्रामीण परिवारों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। इस योजना के तहत सखी मंडलों की दीदियों और गांव लौटे प्रवासी श्रमिकों को फलदार पौधारोपण से जोड़ा गया, जिसका सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगा है। वर्तमान में राज्य के लगभग 1.86 लाख एकड़ क्षेत्र में आम के बगीचे विकसित हो चुके हैं, जिससे करीब 2.15 लाख ग्रामीण परिवारों को स्थायी रोजगार और आय का स्रोत मिला है।

**52 हजार एकड़ बागानों में तैयार है आम की फसल:**

राज्य में इस समय लगभग 52 हजार एकड़ क्षेत्र में आम के बागान पूरी तरह तुड़ाई के लिए तैयार हैं। अनुमान है कि इस सीजन में करीब 50 हजार मीट्रिक टन आम का उत्पादन होगा। इससे किसानों और महिला स्वयं सहायता समूहों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

**सखी मंडल की दीदियां संभाल रही हैं पूरी जिम्मेदारी:**

इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी है। सखी मंडल की महिलाएं आम के संग्रहण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग और विपणन तक की पूरी प्रक्रिया संभाल रही हैं। जेएसएलपीएस द्वारा किसानों को किसान उत्पादक संगठनो से जोड़ा गया है, जिससे उन्हें बेहतर बाजार और उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है।

**लंदन और दुबई तक पहुंचा झारखंड का आम:**

झारखंड का आम अब अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी अपनी मिठास बिखेर रहा है। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य के सिमडेगा जिले से 1,580 किलोग्राम प्रीमियम आम सीधे London भेजे गए हैं। वहीं रामगढ़ क्लस्टर से 1,500 मीट्रिक टन से अधिक आम का निर्यात Dubai किया गया है। सिमडेगा, रामगढ़ और पूर्वी सिंहभूम जिले इस निर्यात अभियान में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। आम की गुणवत्ता और अंतरराष्ट्रीय मानकों को सुनिश्चित करने के लिए ICAR-RCER द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन और गुणवत्ता संबंधी प्रोटोकॉल उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**ग्रेडिंग के आधार पर तैयार की गई विपणन व्यवस्था:**

किसानों को अधिक लाभ दिलाने के लिए आमों को गुणवत्ता के आधार पर ग्रेड-ए, ग्रेड-बी और ग्रेड-सी श्रेणियों में विभाजित किया गया है। ग्रेड-ए के प्रीमियम आमों का निर्यात यूएई, सऊदी अरब और यूके जैसे देशों में किया जा रहा है। वहीं घरेलू बाजार में इन्हें पलाश मार्ट और अपना मार्ट के माध्यम से सह-ब्रांडेड पैकेटों में 60 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचा जा रहा है। ग्रेड-बी के आम संगठित खुदरा बाजारों और पलाश रिटेल नेटवर्क के माध्यम से बेचे जा रहे हैं, जबकि ग्रेड-सी के आमों की बिक्री स्थानीय बाजारों, पलाश कैनोपी कियोस्क, बस स्टैंडों, जिला मुख्यालयों और साप्ताहिक हाट-बाजारों में की जा रही है।

**60 लाख रुपये से अधिक का कारोबार:**

राज्य के लगभग 115 सक्रिय किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) पलाश मैंगो कैनोपी काउंटर्स से जुड़े हुए हैं। इन काउंटर्स के माध्यम से अब तक 2,24,200 किलोग्राम आम की बिक्री हो चुकी है, जिससे 60.51 लाख रुपये से अधिक का कारोबार दर्ज किया गया है। राज्य सरकार बाजार विस्तार के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में किसानों और खरीदारों को जोड़ने के लिए ब्लॉक एवं जिला स्तर पर किसान मेले तथा बायर-सेलर मीट का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही निजी क्षेत्र के बड़े संस्थानों के साथ भी साझेदारी की दिशा में पहल की जा रही है, ताकि झारखंड के किसानों को और व्यापक बाजार उपलब्ध कराया जा सके।

**ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण की मिसाल:**

झारखंड मैंगो मार्केटिंग इनिशिएटिव ने यह साबित कर दिया है कि यदि सरकारी योजनाओं को सही दिशा और जनभागीदारी मिले तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विजन और ग्रामीण महिलाओं की मेहनत ने झारखंड के आम को स्थानीय बाजार से निकालकर वैश्विक मंच तक पहुंचाने का काम किया है, जिससे हजारों ग्रामीण परिवारों के जीवन में आर्थिक समृद्धि का नया अध्याय जुड़ रहा है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र के कोल्हुआकला पंचायत अंतर्गत तिलैया बस्ती के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मोटरसाइकिल पर सवार विशाल कुमार सिंह (23 वर्ष) पिता सुरेश सिंह इंदरवा निवासी अपने बहनोई गौतम सिंह पिता रितु सिंह महुआटांड़ निवासी के साथ जा रहे थे। इसी दौरान तिलैया बस्ती के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप वैन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में विशाल कुमार सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गोविंद सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर बरही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जाता है कि मृतक विशाल कुमार सिंह अपनी फुआ के घर महुआटांड़ बेला जा रहे थे। हादसे की खबर मिलते ही गांव और परिवार में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सांसद प्रतिनिधि मणिलाल यादव, सामाजिक कार्यकर्ता डिलो पासवान, टेकलाल यादव, लक्ष्मण राम, कैलाश यादव, लक्ष्मण पासवान समेत अन्य लोगों ने मिलकर घायल को भेजवाने में सहयोग किया।

## सांसद मनीष जायसवाल से मिले भाजपा जिला संगठन प्रभारी किसुन कुमार दास, संगठन विस्तार पर हुई चर्चा



**हजारीबाग, झारखंडः-** भाजपा के हजारीबाग जिला संगठन प्रभारी, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया के पूर्व विधायक किसुन कुमार दास अपने हजारीबाग प्रवास के दौरान बुधवार को वे सांसद मनीष जायसवाल के विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ स्थित आवास पहुंचे। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच जिले में आगामी पार्टी कार्यक्रमों और संगठन की मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, जिला महामंत्री जयनारायण मेहता, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी और सांसद सेवा कार्यालय प्रभारी विजय वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारियां तेज, 16 जुलाई को विदेशी भक्तों का भक्ति कार्यक्रम होगा मुख्य आकर्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** आगामी जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव को लेकर प्रबंधन समिति की ओर से होटल चेतना पैलेस में प्रेसवार्ता आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष रथयात्रा को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप देने की तैयारी की जा रही है। प्रेसवार्ता में बताया गया कि 16 जुलाई को आयोजित होने वाली रथयात्रा के दिन विदेशी भक्तों द्वारा विशेष भक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, जो इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होगा। वहीं 17 जुलाई को क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना के साथ महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने कहा कि जगन्नाथ रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्रवासियों से सहयोग एवं सहभागिता की अपील की गई।

**बिगहा बाजार और रथयात्रा की भीड़ बनेगी बड़ी चुनौती**

प्रेसवार्ता के दौरान आयोजकों ने बताया कि 16 जुलाई को गुरुवार होने के कारण बिगहा में वर्षों से लगने वाले साप्ताहिक बाजार में हजारों लोगों की भीड़ जुटती है। वहीं रथयात्रा में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। ऐसे में एक ही दिन दो बड़े आयोजनों के कारण भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होगी। समिति ने प्रशासन से अभी से आवश्यक तैयारियां शुरू करने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, यातायात नियंत्रण तथा अन्य सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही आमजन एवं दुकानदारों से अपील की गई कि 16 जुलाई को रथयात्रा मार्ग एवं सड़क किनारे बाजार न लगाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और रथयात्रा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। प्रेसवार्ता के दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह, सचिव राजदेव यादव, चौपारण में रथयात्रा परंपरा की शुरुआत का श्रेय पाने वाले अभिषेक सिंह, जगन्नाथ मंदिर के भूमिदाता संजय सिंह, कोषाध्यक्ष मुनेश्वर गुप्ता, सुमन सिंह, इंदीवर सिंह सहित समिति के कई सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 जून को जारी करेंगे 2400 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 जून को विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (पीएम वीबीआरवाई) के तहत लगभग 2,400 करोड़ की प्रोत्साहन राशि जारी करेंगे। यह योजना रोजगार सृजन, रोजगार के औपचारीकरण और सामाजिक सुरक्षा कवरेज के विस्तार के उद्देश्य से शुरू की गई है। अब तक इसके माध्यम से देशभर में 15 लाख लोगों को रोजगार मिल चुका है। पटना क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त एक हेमंत कुमार ने बताया कि 19 को पटना में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक अगस्त 2025 से शुरू हुई इस योजना के तहत पहली बार नौकरी पाने वाले और एक लाख मासिक वेतन तक पाने वाले कर्मचारियों को एक माह के वेतन के बराबर, अधिकतम 15,000 तक की प्रोत्साहन राशि दो किस्तों में दी जाती है। वहीं, नियोक्ताओं को प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए दो वर्ष तक 3,000 प्रति माह तक का प्रोत्साहन मिलता है। मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के नियोक्ताओं को यह लाभ चार वर्ष तक दिया जाएगा। करीब 99,446 करोड़ के बजट वाली इस योजना का लक्ष्य दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार सृजित करना है। इनमें लगभग 1.92 करोड़ युवाओं के पहली बार औपचारिक कार्यबल में शामिल होने की उम्मीद है।

# ब्रह्मर्षि समाज के तपेदार रामदेव सिंह का निधन, श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जनसैलाब

**● सादगी, सामाजिक योगदान और मधुर व्यवहार को किया याद, विभिन्न समाजों के सैकड़ों लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चय परगना ब्रह्मर्षि समाज के तपेदार (क्षेत्राधिकारी) एवं चौपारण प्रखंड के दैहर निवासी रामदेव सिंह का निधन हो गया। उनके निधन से पूरे दैहर गांव तथा ब्रह्मर्षि समाज में शोक की लहर है। समाज ने इसे अपूरणीय क्षति बताया है। रामदेव सिंह अपने पांच भाइयों में सबसे बड़े थे। वे लंबे समय तक जनवितरण प्रणाली (डीलर) के रूप में कार्यरत रहे तथा पूर्व में पोस्ट मास्टर के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुके थे। सामाजिक और पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन में उनकी विशेष पहचान थी। सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और समाज के प्रति समर्पण के कारण वे क्षेत्र में सम्मानित व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके भाइयों में सुरेश प्रसाद सिंह, पूर्व सैनिक सुरेंद्र कुमार सिंह एवं उपेंद्र सिंह शामिल हैं। उनके तीनों पुत्र मुकेश सिंह, रंजन सिंह और संदीप सिंह विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं। वहीं उनके दामाद जूनियर कमीशन ऑफिसर प्रमोद सिंह भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके निधन की खबर से परिजन, रिश्तेदार, शुभचिंतक एवं समाज के लोग मर्माहत हैं। बुधवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में ब्रह्मर्षि समाज सहित विभिन्न समाजों के सैकड़ों लोग जुटे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सभा में वक्ताओं ने रामदेव सिंह की सादगी, समाजसेवा, नेतृत्व क्षमता तथा सभी वर्गों के लोगों से उनके मधुर संबंधों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत रहा है और उनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी। इस



अवसर पर समाज के अध्यक्ष सुधीर सिंह, सचिव सत्यानंद सिंह, ब्रह्मदेव पांडेय, सुखदेव सिंह, राम कुमार सिंह, राजेन्द्र सिंह, रामफल सिंह, लक्ष्मीनारायण सिंह, महेंद्र पांडेय, कैलाश पांडेय, लव कुमार सिंह, सुमन सिंह, अर्जुन सिंह सहित विभिन्न समाजों के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। सभा के अंत में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। रामदेव सिंह के निधन को समाज और क्षेत्र के लिए एक बड़ी क्षति बताते हुए सभी ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# प्रशिक्षण संस्थान में एआई टूल्स, बायोडाटा एवं व्यक्तित्व विकास पर विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज। नैनी** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आज Lift Life World.com AI Company के सहयोग से एआई टूल्स, प्रभावी बायोडाटा (रिज्यूमे) निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, रोजगारोन्मुखी कौशल और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान करना था, ताकि वे बदलते रोजगार परिदृश्य के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें। कार्यक्रम में कंपनी की ओर से अमित दत्ता, पुष्कर पांडेय, अभिषेक श्रीवास्तव एवं देवांग मिश्रा ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में सहभागिता की। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न एआई टूल्स के व्यावहारिक उपयोग, प्रभावशाली एवं पेशेवर बायोडाटा तैयार करने की तकनीकों तथा साक्षात्कार में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक व्यक्तित्व विकास संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। विशेषज्ञों ने बताया कि वर्तमान समय में तकनीकी दक्षता, प्रभावी संवाद कौशल और आत्मविश्वास किसी भी विद्यार्थी के करियर निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नई तकनीकों को अपनाने और निरंतर सीखने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्थान के समन्वयक कौसर, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रभाकर पांडेय तथा सोशल मीडिया प्रभारी ऋषभ चौरसिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी ने विद्यार्थियों को रोजगार के नए अवसरों और कौशल विकास के महत्व से अवगत कराया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की तथा विशेषज्ञों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने इस पहल की सराहना करते




हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके कौशल विकास, आत्मविश्वास में वृद्धि और रोजगार के अवसरों को बेहतर बनाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम के अंत में संस्थान प्रशासन ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में भी इसी प्रकार के ज्ञानवर्धक, तकनीक-आधारित और रोजगारपरक कार्यक्रमों का नियमित आयोजन करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# एसडीएम व किसान पदाधिकारियों के बीच वार्ता सम्पन्न

**● कुछ समस्याओं का हुआ निस्तारण तो शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिया गया समय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लंभुआ।** सुल्तानपुर तहसील कार्यालय पर एसडीएम व किसान पदाधिकारियों के बीच पूर्व में दिए गए मांग पत्र के संदर्भ में वार्ता हुई। कुछ समस्याओं का तो तत्काल निस्तारण कर दिया गया और शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों को समय दिया गया। किसानों का कहना था कि अगर समस्याओं के निस्तारण में प्रशासन रुचि नहीं लगा तो हम आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।लंभुआ तहसील कार्यालय में भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी गुट के जिला अध्यक्ष गौरीशंकर पांडे जिला उपाध्यक्ष रमेश दूबे एवं एसडीएम श्रीमती प्रीति जैन के समक्ष पूर्व में दिए गए किसान समस्याओं से संबंधित मांग पत्र के विषय में वार्ता हुई, वार्ता के समय विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। वार्ता के दौरान कई किसान समस्याओं का निस्तारण किया गया और शेष समस्याओं के



निस्तारण के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समय दिया गया। किसान संगठन के जिला अध्यक्ष गौरीशंकर पांडे ने कहा कि कानूनगो राजेश गौतम द्वारा धारा 24 में गलत सीमांकन किया गया जिसमें उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाए। इसके अलावा अघोषित विद्युत कटौती को बंद कराया जाए तथा नहर में अति शीघ्र पानी चालू कराए जाने की मांग की। किसानों ने कहा कि अगर शासन प्रशासन किसान समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेगा तो हम आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। मौके पर तहसीलदार प्रांजल तिवारी, पूर्ति निरीक्षक वैभव श्रीवास्तव, सीएचसी अधीक्षक डॉ राघवेंद्र सिंह, विद्युत एसडीओ तथा संगठन के तहसील उपाध्यक्ष अरविंद उपाध्याय, उमाशंकर यादव, राम अचल तिवारी, विष्णु शंकर मिश्रा, सरिता सिंह, पूजा धुरिया, विमल तिवारी, ब्रह्मदेव मिश्रा, वंशराज मौर्य, आदि किसान मौजूद थे।

## दिल्ली में पानी के प्लांट संचालक की हत्या मामले में एक्शन, पुलिस ने दो बदमाशों को दबोचा




**दिल्ली।** नेहरू विहार इलाके में दिनदहाड़े पानी के प्लांट संचालक राशिद की हत्या में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान अयान उर्फ आकिब व इमरान के रूप में हुई है। दोनों राजा मेवाती गिरोह से हैं। पुलिस ने इनके पास से वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद की है। इनके तीसरे साथी की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। 15 जून की शाम को बदमाशों ने नेहरू विहार में 12 गोलियां मारकर राशिद की हत्या की थी। हत्या के बाद से बदमाश फरार चल रहे थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल कर दो बदमाशों को दयालपुर से गिरफ्तार कर लिया। दोनों बदमाशों ने पुलिस को पूछताछ में कहा कि राशिद से उनकी रंजिश चल रही थी इसलिए वारदात को अंजाम दिया।

# सुलतानपुर में अवैध बसों पर परिवहन विभाग की कार्रवाई

**● ऑनलाइन बुकिंग से चल रही 4 बसें सीज, 9 का चालान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुलतानपुर** – परिवहन विभाग ने मंगलवार को अवैध रूप से संचालित हो रही बसों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया। ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट ( AITP) का दुरुपयोग कर ऑनलाइन ऐप्स के माध्यम से सीट बुकिंग कर नियमों का उल्लंघन करने वाली 4 बसों को सीज किया गया, जबकि 9 बसों का चालान किया गया। विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ बस संचालक 'रेड बस', 'मेक माई ट्रिप', 'अभि बस', 'पेटीएम' और 'इज़ माई ट्रिप' जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिए सीटवार बुकिंग कर रहे हैं। ये टूरिस्ट बसें नियमों के खिलाफ जाकर 'स्टेज कैरिज' यानी सामान्य रूट बसों की तरह चलाई जा रही थीं। इस धांधली को रोकने के लिए सुलतानपुर की प्रवर्तन टीम ने जिले के प्रमुख स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान लोहरामऊ बाईपास, पयागीपुर चौराहा, अमहट चौराहा, गुप्तारगंज और सेमरी जैसे क्षेत्रों में केंद्रित था। इस कार्रवाई के दौरान टीम ने परमिट शर्तों का उल्लंघन करने पर 04 बसों को तत्काल प्रभाव से निरुद्ध (सीज) कर दिया। इसके अतिरिक्त, 09 बसों के खिलाफ चालान की सख्त कार्रवाई की गई। मोटर वाहन अधिनियम और केंद्रीय मोटरयान नियमावली के तहत 15 अन्य वाहनों के भी चालान काटे गए। इस एक दिवसीय अभियान के दौरान परिवहन टीम ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता भी फैलाई। बस चालकों को




सुरक्षित गाड़ी चलाने की काउंसलिंग दी गई। साथ ही, रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने वालों और बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों को रोककर सख्त हिदायत और काउंसलिंग दी गई। इस अभियान में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) भूपेश कुमार गुप्ता, यात्री/मालकर अधिकारी शैलेंद्र कुमार तिवारी, यातायात निरीक्षक (पुलिस विभाग) राम निरंजन और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ( ARM) सुरेश चंद्र यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नाबालिग युवती संग मिला मुस्लिम युवक, पुलिस ने लिया हिरासत मे अंतरधार्मिक संबंधों से जुड़ा मामला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर / कूरेभार-** कस्बे में एक किराए के मकान में नाबालिग हिंदू युवती के साथ एक मुस्लिम युवक मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने युवक और युवती को हिरासत में ले लिया। यह मामला अंतरधार्मिक संबंधों से जुड़ा बताया जा रहा है। हिंदू संगठन के पदाधिकारियों को इस संबंध में जानकारी मिली थी। उन्होंने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थानीय पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक शकील और नाबालिग युवती को हिरासत में ले लिया। कूरेभार थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला अयोध्या जनपद के इनायतनगर थाना क्षेत्र से संबंधित पाया गया। इसके बाद इनायतनगर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग युवती और युवक को अपनी अभिरक्षा में लिया। उन्होंने मामले में आवश्यक विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि दोनों युवक और युवती उनके थाना क्षेत्र के निवासी हैं। युवती नाबालिग है और दोनों अलग-अलग समुदायों से संबंधित हैं। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सीओ बल्दीराय आशुतोष कुमार ने बताया का आज थाना कूरेभार क्षेत्र में इनायत नगर जनपद अयोध्या



की एक नाबालिग लड़की और एक भिन्न समुदाय के लड़के के साथ रहने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही कूरेभार पुलिस टीम मौके पर पहुंची और साथ ही इनायत नगर पुलिस को सूचना दी गई। इनायत नगर पुलिस द्वारा दोनों को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए ले जाया गया है। इस संबंध में मौके पर कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है। '

## संक्षिप्त खबरें

### दस वर्षीय बालक लापता, तलाश में जुटी पुलिस

**कोंच (जालौन)-** दस वर्षीय एक बालक के लापता हो जाने का मामला सामने आया है। खोजबीन के बाद जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने कोतवाली रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस उसकी खोजबीन में लग गई है। कस्बे की कांशीराम कॉलोनी निवासी जगदीश वर्मा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 10 वर्षीय बेटा आयुष्मान उर्फ उमंग 15 जून को घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान वह अचानक कहीं चला गया और देर तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन बालक का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम बालक की तलाश में जुटी हुई है।

### बगैर विकास कार्य कराए ही लाखों रुपए डकारने का लगाया आरोप, एसडीएम से की शिकायत

**कोंच(जालौन)-** विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपये बिना काम कराए ही डकार जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामला ग्राम खैरी का है जिसमें गांव के रहने वाले दीपेश कुमार पुत्र नरेंद्र पाल उर्फ राहुल तथा ग्राम कैथी निवासी प्रदीप कुमार पुत्र परमलाल ने बुधवार को एसडीएम को शिकायती पत्र देकर मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि ग्राम पंचायत खैरी में क्षेत्र पंचायत द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान कई विकास कार्य कराए जाने का दावा किया गया, जबकि वास्तविकता में मौके पर कोई कार्य नहीं हुआ। इसके बावजूद संबंधित कार्यों का भुगतान निकाल लिया गया। शिकायत करने वालों ने विशेष रूप से जलरोक बांध निर्माण कार्य का उल्लेख करते हुए बताया कि गोपाल के खेत से देवगांव मेड़े तक जलरोक बांध निर्माण का कार्य दर्शाया गया है, जिसका वर्क आईडी 3138006 डब्ल्यूसी/95848625582413374 7 है। इस कार्य के नाम पर लगभग 5.02 लाख रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उन्होंने इस मामले की पूर्व में भी शिकायत की थी, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास कार्यों के नाम पर फर्जीवाड़ा कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने प्रदेश स्तरीय टीएससी अथवा चीफ टीएससी से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है, ताकि कथित भ्रष्टाचार की वास्तविक स्थिति सामने आ सके और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई हो सके।

### कालापहाड़ के पास कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**टाटा टियागो चालक पर मुकदमा दर्ज, पुलिस ने शुरू की तलाश**

दुर्घटना/हादसा

**ललितपुर।** ललितपुर- चंदेरी मार्ग पर ग्राम कालापहाड़ के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत चंदेरी की गांधीनगर कॉलोनी निवासी राहुल बाल्मीकि पुत्र अशोक कुमार बाल्मीकि ने बताया कि उनका भाई अरुण बाल्मीकि बीती 1 जून को अपनी होंडा मोटरसाइकिल संख्या एमपी-67-जेई-7514 से ललितपुर से चंदेरी लौट रहा था। जब वह कालापहाड़ के समीप पहुंचा, तभी सामने से आ रही टाटा टियागो कार संख्या यूपी-94-क्यू-1515 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्ण ढंग से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और अरुण गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी ललितपुर पहुंचे। पुलिस ने मामले में मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281, 125(बी), 324(2), 106 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

# मारकंडेश्वर से पंचानन तक 10 मीटर चौड़ी सड़क निर्माण हेतु विधायक ने किया भूमि पूजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच (जालौन)-** नगर में आवागमन विकास को नए आयाम देते हुए मारकंडेश्वर तिराहे से लेकर पंचानन स्थित सरदार पटेल चौक तक 6 करोड़ रुपए की लागत से 2 किमी लंबी और 10 मीटर चौड़ी सड़क के प्रस्तावित निर्माण कार्य का बुधवार को क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने भूमि पूजन कर कार्य का शुभारम्भ कराया।

मारकंडेश्वर तिराहे पर आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक मूलचंद्र निरंजन एवं विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल आदि ने उच्चारित मंत्रोच्चार के बीच नारियल फोड़कर और पूजन कर कार्य का शुभारम्भ कराया। प्रतीक स्वरूप विधायक ने फावड़ा भी चलाया। इस मौके पर अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि इस प्रमुख सड़क के निर्माण कार्य के लिए वह निरंतर शासन स्तर पर पैरवी कर रहे थे। मुख्यमंत्री के कुशल निर्देशन में नगर क्षेत्र के हित में उनकी इस मांग को पूरा करने पर वह मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि यह नगर की सबसे अधिक व्यस्त और प्रमुख सड़क है। गल्ला मंडी, ब्लॉक कार्यालय, वन कार्यालय, राजकीय बीज गोदाम, महिला महाविद्यालय, पब्लिक स्कूल, कई पेट्रो पंप, कृषि यंत्र प्रतिष्ठान, विवाह घर के अलावा रेलवे स्टेशन और बाजार जाने के लिए बाईपास मार्ग इसी सड़क मार्ग इसी सड़क से होकर जाता है। वर्तमान में तमाम गड्ढों के बीच सकरी सड़क होने से हादसे भी होते रहते हैं लेकिन 7 मीटर के बजाए अब 10 मीटर सड़क बनकर तैयार होगी। उन्होंने कहा कि सुगम आवागमन के लिहाज से कोंच सहित समूची विधानसभा क्षेत्र में एक भी जर्जर सड़क नहीं रहने दी जाएगी, प्राथमिकता के साथ शेष बची नई सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा। पालिकाध्यक्ष एवं भाजपा नगर अध्यक्ष ने कहा कि इस प्रमुख सड़क की दशा सुधरने में विधायक की पहल निश्चित रूप से अभिनंदनीय है जिसके लिए वह नगर की जनता की ओर से विधायक का आभार व्यक्त करते हैं। इससे पूर्व विधायक सहित अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता नंदकिशोर, हेमंत कुमार, सुनील सहित सभासद सुनील शर्मा, महेंद्र सोनी, रविकांत कुशवाहा, दंगल यादव, माधव यादव, सीमा अहिरवार, शिवप्रसाद निरंजन, सोनू पटेल बोहरा, विकास पटेल, डॉ केशवनाथ सिंह, अनिल अग्रवाल दतिया वाले, अनिल कपूर, ओपी कुशवाहा, मनीष नगरिया, राजेश्वरी यादव, शिवसिंह कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### रोंग साइड से आए ट्रैक्टर ने कार में मारी टक्कर, दो महिलाएं घायल

**झांसी-ललितपुर हाईवे पर हादसा, बिना नंबर ट्रैक्टर चालक पर मुकदमा दर्ज**

**ललितपुर।** झांसी-ललितपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम खांदी के पास एक बिना नंबर के ट्रैक्टर द्वारा कार में टक्कर मारने से दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने नामजद ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ललितपुर नगर के इलाइट चौराहा क्षेत्र निवासी शैलेंद्र जायसवाल पुत्र अनिल कुमार जायसवाल सोमवार की शाम करीब 6.30 बजे अपनी होंडा बीआरवी कार संख्या यूपी-94-एस-0999 से परिवार के साथ ललितपुर से झांसी जा रहे थे। जब उनकी कार झांसी-ललितपुर हाईवे पर ग्राम खांदी स्थित जियो पेट्रोल पंप के समीप पहुंची, तभी सामने के कट से एक ईंटों से भरा ट्रैक्टर गलत दिशा से अचानक सड़क पर आ गया। आरोप है कि ट्रैक्टर चालक लापरवाही एवं तेज गति से वाहन चला रहा था। रोंग साइड से आए ट्रैक्टर ने कार में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार शैलेंद्र जायसवाल की माता कल्पना जायसवाल तथा चाची प्रिया जायसवाल गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया।

### आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने की बैठक, अदानी परियोजना का जताया विरोध



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन/सोनभद्र।** विकास खण्ड कोन के ग्राम सभा ब्रहमोरी में मंगलवार को आदिवासियों के अधिकारों एवं उनके विस्थापन के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित अदानी कंपनी की परियोजना के कारण आदिवासी परिवारों के सामने बेघर होने का खतरा मंडरा रहा है, जिससे क्षेत्र में व्यापक आक्रोश व्याप्त है। बैठक के दौरान कांग्रेस नेताओं ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी जमीन, जंगल और अधिकारों की रक्षा के लिए पार्टी हर स्तर पर संघर्ष करेगी। नेताओं ने कहा कि आदिवासियों की सहमति के बिना किसी भी परियोजना को जबरन लागू करना उचित नहीं है। यदि ग्रामीणों के अधिकारों का हनन हुआ तो कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेगी। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने किया। उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेसी बब्बू तिवारी, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी, ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सेतराम केशरी, ओबीसी कांग्रेस के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष दिनेश कुमार यादव तथा यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मृदुल मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष मदन गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बड़ी संख्या में आदिवासी ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं और आशंकाओं को कांग्रेस नेताओं के सामने रखा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा उनकी प्राथमिकता है और किसी भी कीमत पर उन्हें अन्याय का शिकार नहीं होने दिया जाएगा। बैठक के अंत में प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीणों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## कोर्ट के आदेश के ढाई साल बाद भी नहीं हुई जमीन की फ़ाटबन्दी

**● कानूनगो व लेखपाल द्वारा की जा रही हीलाहवाली**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश –**कोर्ट के आदेश के ढाई साल बाद भी जमीन की फ़ाटबन्दी नहीं हुई। सिर्फ कानूनगो व लेखपाल द्वारा हीलाहवाली की जा रही है। पीड़ित महिला ने डीएम सोनभद्र व डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए महिला को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। पीड़ित महिला मंजू देवी पुत्री सदाफल चौहान निवासी ग्राम मधुपुर, परगना अहरौरा, तहसील व थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र ने 16 जून 2026 को डीएम को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि डिप्टी कलेक्टर रॉबर्ट्सगंज के न्यायालय ने 31 अक्तूबर 2023 को मौजा मधुपुर स्थित पिताजी की आराजी नम्बर 856/1 रकबा 0.2920 हेक्टेयर जमीन फ़ाटबन्दी का स्पष्ट आदेश पारित किया गया है। जिसमें राजस्व निरीक्षक व लेखपाल को टीम के साथ मौके पर जाकर सीमांकन करने को कहा गया था। बावजूद इसके ढाई साल बीत जाने के बाद भी कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है, बल्कि कानूनगो व लेखपाल द्वारा आदेश की अवहेलना की जा रही है। इतना ही नहीं पिताजी की शिकायत पर राजस्व निरीक्षक द्वारा एक जून 2026 को नोटिस जारी की गई थी, जिसमें मधुपुर के प्रधान के साथ 8 जून 2026 को सुबह 8 बजे नापी के लिए पहुंचने को निर्देशित किया गया था। लेकिन मौके पर राजस्व निरीक्षक व लेखपाल नहीं पहुंचे, जब फोन कर नापी के लिए बुलाया गया तो तरह तरह का बहाना बनाकर लगातार हीलाहवाली की जा रही है। पिताजी बीमार हैं, जिसकी वजह से महिला होकर पैरवी करनी पड़ रही है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र कार्यालय में बुधवार को पीड़ित महिला मंजू देवी ने एक शिकायती पत्र देकर कोर्ट के आदेश का अनुपालन कराए जाने की मांग की है।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, सोनभद्र के महामंत्री राजेंद्र कुमार यादव एडवोकेट ने कहा कि महिला के शिकायती पत्र को एसोसिएशन ने संज्ञान में लिया है। महिला को न्याय दिलाने के लिए कटिबद्ध है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के मीडिया प्रभारी राजेश कुमार यादव एडवोकेट ने कहा कि न्यायालय के आदेश की खुली अवमानना है तथा एक गरीब महिला को न्याय से वंचित करने का प्रयास है। पूर्व महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य एड ने कहा कि उक्त प्रकरण में तत्काल हस्तक्षेप कर न्यायालय के आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। यहाँ एसोसिएशन स्पष्ट करता है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो अधिवक्ता समाज पीड़िता के समर्थन में विधिक एवं लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन के लिए बाध्य होगा। न्याय में देरी अन्याय के समान है। इस अवसर पर एडवोकेट पवन कुमार सिंह, टीटू गुप्ता, मृगराज सिंह, अमित वर्मा, संतोष कुमार यादव, किरन सिंह, आदर्श देव पांडेय, शाहनवाज आलम खान आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## विकसित सोनभद्र की नई उड़ान विकास प्रदर्शनी में दिखी प्रगति, नवाचार और आत्मनिर्भर भारत की झलक

**● प्रधानमंत्री के सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित चार दिवसीय भव्य प्रदर्शनी में उमड़ी जनभागीदारी**

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास के 12 वर्ष पूर्ण, भव्य प्रदर्शनी में झलकी आत्मनिर्भर भारत और विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पंचायत रिसोर्स सेंटर, सोनभद्र में आयोजित चार दिवसीय भव्य विकास प्रदर्शनी जनपद की विकास यात्रा, औद्योगिक प्रगति, तकनीकी नवाचार तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का सजीव दस्तावेज बनकर उभरी है। प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता कर विकास की बदलती तस्वीर को नजदीक से देखा। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विधायक घोरावल डॉ. अनिल कुमार मौर्य, विधायक सदर भूपेश चौबे, अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार, जिलाधिकारी चर्चित गौड़, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, भाजपा जिला प्रभारी अनिल सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद रामसकल, पूर्व सांसद नरेन्द्र सिंह कुशवाहा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर राज्य मंत्री श संजीव कुमार गौड़ ने कहा कि कभी पिछड़े जनपदों में गिना जाने वाला सोनभद्र आज ऊर्जा उत्पादन, औद्योगिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल सेवाओं एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त कर प्रदेश के अग्रणी जनपदों में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जनपद में विकास की नई धारा प्रवाहित हुई है तथा तकनीकी नवाचारों और औद्योगिक निवेश के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। राज्य मंत्री श्री संजीव कुमार गौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश की सबसे तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। मजबूत कानून-व्यवस्था, बेहतर आधारभूत संरचना और निवेश अनुकूल वातावरण के कारण प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति मिली है, जिससे युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। चार दिवसीय विकास प्रदर्शनी का उद्देश्य आमजन को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, विकास परियोजनाओं, तकनीकी प्रगति एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनकी भूमिका से अवगत कराना है। प्रदर्शनी में उमड़ी जनभागीदारी यह दर्शाती है कि विकास और नवाचार के प्रति लोगों का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि यह विकास प्रदर्शनी केवल उपलब्धियों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि जनपद की परिवर्तनकारी विकास यात्रा का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सोनभद्र ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, डिजिटल सेवाओं, कृषि और उद्योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य विकास की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। जिलाधिकारी ने युवाओं से नवाचार, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं तथा सुशासन की उपलब्धियों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया। आगंतुकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ लाभार्थियों की सफलता की कहानियों को भी साझा किया गया। प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण आधुनिक तकनीकों और नवाचारों पर आधारित तकनीकी वीथिकाएं रहीं। यहां ड्रोन तकनीक, 3डी प्रिंटिंग, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ब्लूटूथ नियंत्रित वाहन, लाइन फॉलोइंग रोबोट, ऑब्स्टेकल अवॉइडिंग रोबोट तथा औद्योगिक ऑटोमेशन आधारित मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। इन नवाचारों ने युवाओं एवं विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक की असीम संभावनाओं से परिचित कराया। कृषि क्षेत्र में तकनीक के बढ़ते उपयोग को भी प्रदर्शनी में प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया। किसानों को ड्रोन आधारित कृषि सर्वेक्षण, कीटनाशक छिड़काव, स्मार्ट कृषि उपकरणों तथा आधुनिक खेती की तकनीकों की



जानकारी दी गई, जिससे कृषि उत्पादकता बढ़ाने एवं लागत कम करने के उपायों को समझाया जा सके। प्रदर्शनी में जनपद की औद्योगिक क्षमता और आर्थिक योगदान को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। एनसीएल, आवादा ग्रुप, अदाणी समूह, हिंडालको, ओबरा तापीय परियोजना एवं अल्ट्राटेक जैसी प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाइयों ने अपनी परियोजनाओं, उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं को प्रस्तुत किया। इन प्रदर्शनों ने यह दर्शाया कि सोनभद्र प्रदेश एवं देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित अटल टिंकरिंग लैब की गतिविधियों को भी प्रदर्शनी में विशेष स्थान दिया गया। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए नवाचार आधारित मॉडल और तकनीकी परियोजनाएं आकर्षण का केंद्र रहीं। इससे यह संदेश मिला कि सरकारी विद्यालय अब केवल पारंपरिक शिक्षा के केंद्र नहीं रह गए हैं, बल्कि नवाचार, शोध एवं कौशल विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। यह प्रदर्शनी केवल उपलब्धियों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने की दिशा में सोनभद्र के बढ़ते कदमों का प्रेरक उदाहरण है।

## सोनभद्र साइबर पुलिस की बड़ी सफलता, झारखंड से जुड़े अंतरराज्यीय साइबर ठगी नेटवर्क का खुलासा

**● अंतर्राज्यीय साइबर अपराधी गिरोह का भंडाफोड़ः फेसबुक पर पेंशनर सम्बन्धी फर्जी विज्ञापन दिखाकर 12 लाख रुपये की ठगी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा के निर्देशन में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण में साइबर अपराधों के प्रभावी अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए थे। साइबर क्राइम पुलिस थाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0-10/2026, धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2) बीएनएस एवं 66-डी आईटी एक्ट से संबंधित प्रकरण में पुलिस टीम ने 12 लाख रुपये की साइबर ठगी का सफल अनावरण करते हुए अंतरराज्यीय साइबर अपराधी गिरोह के दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। वादी डॉ. प्रेम बहादुर गौतम पुत्र स्व0 रामधनी भगत निवासी बर्रा थाना बरदह जनपद आजमगढ़, वर्तमान पता सीएमओ कार्यालय परिसर, जिला चिकित्सालय सोनभद्र द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि वादी के फेसबुक अकाउंट पर इंडसइंड बैंक के नाम से पेंशनर सम्बन्धी फर्जी विज्ञापन एवं लिंक प्रदर्शित हुआ था। बैंक की आधिकारिक सेवा समझकर वादी ने उक्त लिंक को खोला क्योंकि पीडित का खाता इंडसइंड बैंक मे था तथा अपनी बैंकिंग एवं व्यक्तिगत जानकारी साझा कर दी। साइबर अपराधियों ने प्राप्त सूचनाओं का दुरुपयोग करते हुए इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से 05-05 लाख रुपये के दो तथा 02 लाख रुपये का एक ट्रांजेक्शन कर कुल 12 लाख रुपये की अवैध निकासी कर ली। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा तत्काल साइबर क्राइम टीम को सक्रिय करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों के बैंक खातों का गहन विश्लेषण, मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल एवं लोकेशन ट्रैकिंग, डिजिटल एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का संकलन, सर्विलांस तथा मुखबिर तंत्र की सहायता से अभियुक्तों की पहचान सुनिश्चित की गई। जिसकी गिरफ्तारी हेतु निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार चौधरी के नेतृत्व मे साइबर थाना व साइबर सेल संयुक्त टीम झारखण्ड रवाना की गयी थी जिसमे पुलिस ने सफलता प्राप्त करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण आम जनमानस को विभिन्न प्रलोभन देकर उनका केवाईसी (चङ्घ्रष्ट) विवरण प्राप्त करते थे तथा उनके नाम से बैंक खाते खुलवाते थे। खाता खुलवाने के उपरांत पासबुक की प्रति संबंधित व्यक्तियों को दे दी जाती थी, जबकि खाते से संबंधित डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड तथा अन्य बैंकिंग विवरण अपने कब्जे में रखते थे। इसके पश्चात अभियुक्त विभिन्न व्यक्तियों के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी कर उनसे प्राप्त धनराशि को उक्त बैंक खातों में स्थानांतरित कराते थे तथा अपने पास रखे डेबिट कार्ड एवं क्रेडिट कार्ड के माध्यम से धनराशि की निकासी कर लेते थे, जिससे वास्तविक लाभार्थी एवं अपराधी की पहचान छिपी रहे। इसके अतिरिक्त अभियुक्तगण सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर पेंशनरों एवं संबंधित बैंकों से जुड़े फर्जी विज्ञापन (Fake Advertisement) प्रसारित करते थे। उक्त भ्रामक विज्ञापनों के माध्यम से लोगों को झांसे में लेकर उनकी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी प्राप्त कर उनसे साइबर धोखाधड़ी (Cyber Fraud) करते थे।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण क्रमश :-धीरज कुमार पुत्र कृष्णा सोनेकार निवासी धरगाँव फुलवारिया थाना नवलशाही जनपद कोडरमा, झारखंड, हाल पता स्वर्णकार अपार्टमेंट जयनगर, कोडरमा, झारखंड, रवि मेहता पुत्र झारखण्डे मेहता निवासी बिगहा फुलवारिया थाना नवलशाही जनपद कोडरमा, झारखंड। अभियुक्तगण के पास से 01अदद पीओएस मशीन, 01 अदद चार पहिया वाहन संख्या JH01DK5814, दर्जनों क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड 4) 04 अदद एन्ड्रोयड मोबाइल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में नि0धीरेन्द्र कुमार चौधरी प्रभारी साइबर थाना/साइबर सेल सोनभद्र, हे0 का0 शिवनन्दन सिंह, हे0 का0 योगेश यादव, हे0 का0 संजय कुमार वर्मा, का0 सुनील रावत शामिल रहे।

### सोनभद्र पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप गैंगस्टर एक्ट के 03 अभियुक्तों को 02-02 वर्ष के कारावास की सजा

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन, वाराणसी के निर्देशन, पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र, मिर्जापुर के कुशल पर्यवेक्षण तथा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के नेतृत्व में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे Operation Conviction अभियान के क्रम में सोनभद्र पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। सोनभद्र पुलिस की प्रभावी विवेचना, सुदृढ़ साक्ष्य संकलन एवं अभियोजन पक्ष की सशक्त पैरवी के फलस्वरूप थाना पन्नूगंज पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में माननीय न्यायालय एएसजे/ एफटीसी/ स्पेशल गैंगस्टर न्यायालय (14वाँ), सोनभद्र द्वारा 03 अभियुक्तों को दोषसिद्ध कर दण्डित किया गया। **थानाः** पन्नूगंज, जनपद सोनभद्र मु0अ0 सं0 : 07/2023 धारा : 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम02-02 वर्ष के कठोर कारावास* एवं 5,000/- (पाँच हजार रुपये) अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### बीजपुर थाने में 'मिशन शक्ति केंद्र' का भव्य शिलान्यास

**● महिलाओं को मिलेगी सुरक्षा, सम्मान और सहायता की नई पहचान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बीजपुर/ सोनभद्र-** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में बुधवार को बीजपुर थाना परिसर में 'मिशन शक्ति केंद्र' भवन का भव्य शिलान्यास किया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने विधिवत भूमि पूजन एवं नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि थाना परिसर में मिशन शक्ति केंद्र की स्थापना महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी। केंद्र के माध्यम से उन्हें त्वरित सहायता, कानूनी परामर्श, सुरक्षा संबंधी सहयोग तथा अपनी समस्याओं के समाधान हेतु एक सुरक्षित और सहज वातावरण उपलब्ध होगा। इससे महिलाएं बिना किसी संकोच के अपनी बात रख सकेंगी और उन्हें आवश्यक सहायता समयबद्ध तरीके से प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति केंद्र महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी कदम है, जो महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में एनटीपीसी रिहंद के लॉ ऑफिसर प्रदीप कुमार, प्रबंधक पवन कुमार मिश्रा, राजेंद्र शाह, मुकेश कुमार, पवन दुबे, मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी उपनिरीक्षक कमलाकांत पांडे, महिला आरक्षी प्रियंका एवं निहारिका पांडे सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा तथा उपस्थित लोगों ने मिशन शक्ति केंद्र की स्थापना को महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए एक सराहनीय एवं दूरगामी पहल बताया।

### दोस्तों से मिलने गए युवक पर धारदार हथियार से हमला

**ललितपुर।** शहर के मुहल्ला डोडाघाट तालाबपुरा में दोस्तों से मिलने गए एक युवक पर चार लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुहल्ला घुसयाना निवासी आलोक कुमार पुत्र वीरवल प्रसाद ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उनका छोटा भाई अखिल उर्फ पई रविवार की रात करीब 11.30 बजे डोडाघाट तालावपुरा स्थित अपने दोस्तों से मिलने गया था। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद नेहरू नगर निवासी केहर अहिरवार, पिसनारी निवासी मौसम तथा चौकाबाग निवासी माखन और साहिल ने अखिल के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब अखिल ने गाली-गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए और जाते-जाते धमकी दी कि यदि पुलिस या कानूनी कार्रवाई की गई तो जान से मार देंगे। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 352, 115(2), 118(1), 351(3) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा




**कानपुर।** अनुपम कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जनपद झांसी भ्रमण दौरान जनप्रतिनिधियों, व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ गोष्ठी कर जनसहभागिता के माध्यम से कानून- व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा पुलिस एवं जनता के मध्य बेहतर समन्वय बनाए रखने पर चर्चा की गई। अवसर पर उपस्थित गणमान्यों से शांति, सौहार्द एवं सुरक्षित सामाजिक वातावरण बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। इसके उपरान्त मीडिया बन्धुओं से भेंट कर संवाद स्थापित किया गया तथा जनहित एवं सुरक्षा सम्बन्धी विषयों पर विचार-विमर्श करते हुए सकारात्मक समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। इस दौरान बी0 बी0 जी0 टी0 एस0 मूर्ति, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद झांसी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक पुस्तकालयों को मिलेगा सरकारी अनुदान, 20 जुलाई तक करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** राजकीय जिला पुस्तकालय के पुस्तकालयाध्यक्ष नसरत अली ने बताया है कि उत्तर प्रदेश सरकार की सार्वजनिक पुस्तकालयों को अनुदान योजना तथा राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान, कोलकाता की अनुदान योजनाओं के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये प्रदेश में नगरीय, ग्रामीण, अल्पसंख्यक बाहुल्य एवं अनुसूचित जाति, जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में संचालित सार्वजनिक पुस्तकालयों को पुस्तकीय सहायता, फर्नीचर एवं संग्रहण सामग्री आदि की सहायता के रूप में अनावर्तक अनुदान हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। संबंधित जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय/राजकीय जिला पुस्तकालय में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 जुलाई है। आवेदन पत्र का प्रारूप संबंधित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय/राजकीय जिला पुस्तकालय से प्राप्त किया जा सकता है। प्रतिष्ठान की योजनाओं हेतु आवेदन प्रतिष्ठान की वेबसाइट www.online.rrrlf.gov.in माध्यम से आन-लाईन किया जाना है।

### मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में स्टेडियम ए टीम विजई हुई



**प्रतापगढ़।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में स्टेडियम की टीमों के बीच एक मैत्रीपूर्ण मैच हुआ जो कि 20-20 ओवरों का खेला गया। स्टेडियम ए ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 132 रन बने जिसमें अनूप सरोज ने 50 रन आदर्श दुबे ने 13 रन और रुस्तम ने 35 रन बनाए। स्टेडियम बी की तरफ से प्रियांशु गौतम ने 5 विकेट और आशुतोष ने 3 विकेट लिया। जवाब देने उतरी स्टेडियम बी की टीम 15.5 ओवर में 105 ही बना सके और पूरी टीम ऑल आउट हो गई। स्टेडियम बी की तरफ से इमदाद ने 23 रन रेहान ने 12 रन और अंशुमान ने 15 रन बनाए। स्टेडियम ए की तरफ से संस्कार ने 3 विकेट गोविंद ने 3 विकेट और रितिक ने 3 विकेट के लिए।मैच में स्टेडियम टीम ए विजई रही। इस मैच के निर्णायक दुर्गेश तिवारी रहे।

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस शिविर 21 जून को

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.swatantraprabhat.com
स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष योग शिविर 21 जून को सुबह 06:00 बजे से सायं 07:30 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर लोटन बाजार में आयोजित है। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा के लोटन मंडल अध्यक्ष डा0 संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि 'करो योग, रहो निरोग' के संकल्प के साथ सभी लोग मिलकर कार्यक्रम का हिस्सा बनें और स्वस्थ जीवन की ओर आगे बढ़ें।

# महिला आयोग सदस्य ने सीएचसी गौरा का किया निरीक्षण, मरीजों से जाना स्वास्थ्य सेवाओं का हाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने बुधवार को सीएचसी गौरा का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखी। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवा वितरण व्यवस्था, प्रसूति सेवाओं तथा मरीजों को दी जा रही अन्य सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधीक्षक डॉ. ए.के. सिंह ने बताया कि सीएचसी में वर्तमान में चार चिकित्सक कार्यरत हैं तथा 30 बेड की सुविधा उपलब्ध है। प्रतिदिन लगभग 150 से 200 मरीजों का उपचार किया जाता है। अस्पताल में 238 प्रकार की आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं तथा डेंगू, मलेरिया और टीबी समेत विभिन्न बीमारियों की जांच की सुविधा भी संचालित है। उन्होंने बताया कि एक्स-रे मशीन उपलब्ध होने के बावजूद तकनीकी कर्मचारी के अभाव में उसका संचालन नहीं हो पा रहा है।

वहीं अल्ट्रासाउंड जांच के लिए अस्पताल को अनिकेत अल्ट्रासाउंड सेंटर से संबद्ध किया गया है, जहां मरीजों को भेजा जाता है।

महिला आयोग सदस्य ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से बातचीत कर उपचार व्यवस्था, चिकित्सकों की उपलब्धता और अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मरीजों से मिले फीडबैक के आधार पर उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को सेवाओं में और अधिक संवेदनशीलता तथा तत्परता बरतने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे। राज्य महिला आयोग की सदस्य गौरा ब्लाक में आयोजित जनसुनवाई एवं चौपाल कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। उन्होंने जनसुनवाई कर पीड़ित महिलाओं की समस्याएं सुनी और महिला उत्पीड़न के मामलों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित रूप से करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक धीरज ओझा, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा, नायब तहसीलदार पवन कुमार सिंह, उपायुक्त जिला उद्योग एसएस रावत, सीएचसी प्रभारी अधीक्षक डॉ एसके सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजपत्रित अधिकारियों के साथ बैठक में साइबर सुरक्षा और जन शिकायतों पर अधिक जोर



**कानपुर।** अनुपम कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जनपद झांसी भ्रमण दौरान रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी/थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी कर साइबर अपराध, अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, महिला एवं बाल सुरक्षा, लंबित विवेचनाओं, प्रभावी अभियोजन, अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाहियों तथा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी की गयी। समीक्षा गोष्ठी के दौरान साइबर अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित अनावरण, जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, संवेदनशील प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं निरंतर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी चुनौतियों एवं प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को सतर्कता, उत्तरदायित्व एवं समन्वय के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात् उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## राधा कृष्णा मेमोरियल एजुकेशन सेंटर की क्विज़ प्रतियोगिता में, हर्षल शुक्ला गौरव सिंह बने विजेता







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता को विकसित करने और उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राधा कृष्णा मेमोरियल एजुकेशन सेंटर, मेहरबान सिंह का पुरवा, कानपुर में आयोजित भव्य क्विज़ प्रतियोगिता के परिणाम घोषित कर दिए गए। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा होते ही विजेता विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस वर्ष की क्विज़ प्रतियोगिता में हर्षल शुक्ला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी उत्कृष्ट सफलता पर उन्हें पुरस्कार स्वरूप साइकिल प्रदान की गई। हर्षल की उपलब्धि पर उनके अभिभावकों, शिक्षकों और सहपाठियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं वहीं प्रतियोगिता में त्रिशा यादव ने द्वितीय स्थान हासिल किया। उन्होंने विभिन्न चरणों में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें जूसर पुरस्कार प्रदान किया गया। त्रिशा की सफलता ने यह साबित किया कि मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है प्रतियोगिता में निशांत गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने भी पूरे आत्मविश्वास और ज्ञान के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया और पुरस्कार स्वरूप टोस्टर प्राप्त किया। आयोजकों ने निशांत के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया प्रतियोगिता में केवल शीर्ष तीन विजेताओं ने ही नहीं, बल्कि अन्य अनेक विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेरिट सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया। मेरिट सूची में शामिल विद्यार्थियों में गर्वा मिश्रा, आराधक गौतम, दीपक कुमार, अंशिका तिवारी, तेजस सैनी, पलक शर्मा, आदित्य यादव, हर्ष शुक्ला, अंकित गुप्ता, आयुष कुमार, मोहित कश्यप, दीपांश कुमार, कार्तिक तिवारी, प्रशांत सिंह, अनंत गुप्ता, अनुष्का यादव, मोहित यादव, रितिक सिंह एवं प्रतिक्षा शर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## सिद्धार्थनगर में छत पर सोए हुए युवक की गला रेतकर हत्या: पुलिस ने चार को हिरासत में लिया



● मुंबई से एक सप्ताह पहले लौटा था मृतक मुकेश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के ग्राम दुल्हा सुमाली के टोला पिपरहवा गांव में मंगलवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। मकान के छत पर सो रहे 23 वर्षीय युवक की अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। बुधवार सुबह खून से सना शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मुंबई से एक सप्ताह पहले पहले लौटा था 23 वर्षीय युवक पिपरहवा गांव निवासी मुकेश (23) पुत्र रामदेव जीविकापार्जन के लिए मुंबई में रहता था। करीब एक सप्ताह पहले ही वह घर लौटा था। स्वजन के अनुसार मंगलवार रात वह प्रतिदिन की तरह भोजन करने के बाद घर की छत पर सोने चला गया था। सुबह पड़ोसी जब अपने मकान की छत पर पहुंचे तो मुकेश को खून से लथपथ पड़ा देखा।

यह दृश्य देखकर उन्होंने शोर मचाया। सूचना मिलते ही स्वजन छत पर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।घटना की खबर फैलते ही गांव में बड़ी संख्या में लोग जुट गए। हत्या की सूचना पर मोहाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में युवक की हत्या धारदार हथियार से गला रेतकर किए जाने की आशंका जताई जा रही है। नेपाल सीमा के निकट हुई इस वारदात ने क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस पारिवारिक, सामाजिक और अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। इस मामले में मोहाना थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि युवक का शव उसके घर की छत पर खून से लथपथ अवस्था में मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। नामजद तहरीर मिली है। चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## बर्डपुर में पंचायत सहायकों ने एडीओ पंचायत को ज्ञापन सौंपा




**सिद्धार्थनगर।** बर्डपुर ब्लॉक परिसर में बुधवार को एडीओ पंचायत को क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायत में कार्यरत पंचायत सहायकों ने चार सूत्री ज्ञापन सौंपकर समस्या समाधान कराने की मांग की। पंचायत सहायकों ने कहा कि ग्राम पंचायत में प्रतिदिन काम करने वाले पंचायत सहायक पूरे दिन विभाग के निर्देश के क्रम में कार्य का संपादन करते हैं, उन्हें प्रतिदिन विभागीय काम के अलावा कोई अन्य कार्य करने का मौका नहीं मिलता। अल्प मानदेय मिलने से तमाम तरह की दुश्वारियां का सामना उन्हें करना पड़ता है। इसलिए मानदेय को दैनिक कुशल मजदूरी के अनुसार धनराशि का निर्धारण किया जाए, साथ ही यह भी कहा कि मानदेय भुगतान में हो रही देरी की समस्या का भी निस्तारण हो और पंचायत सहायकों का शोषण बंद किया जाए। पंचायत सहायकों के निष्कासन में जिलाधिकारी की अनुमति अनिवार्य की जाए। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष नसीम, मोहित पटेल, सत्येंद्र, रीना, गोल्डी, सरिता, प्रमोद, अंशिका, नसीमा, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## किसान दिवस में गूंजीं किसानों की समस्याएं, डीएम ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित किसान दिवस में किसानों ने अपनी समस्याएं और सुझाव खुलकर रखे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि किसानों एवं आमजन की शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में भारतीय किसान यूनियन (महिला प्रकोष्ठ) की जिलाध्यक्ष पम्मी सिंह ने किसान दिवस की सूचना समय पर किसानों तक न पहुंचने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पर्याप्त जानकारी के अभाव में किसानों की भागीदारी कम रहती है, जिससे कार्यक्रम का उद्देश्य प्रभावित होता है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उप कृषि निदेशक को आगामी किसान दिवस का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा सभी विकास खंडों के किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राममोहन मीना को निर्देशित किया कि 30 जून को पुनः किसान दिवस आयोजित किया जाए। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों में डुग्गी और मुनादी के माध्यम से किसानों को सूचना दी जाए, ताकि अधिक से अधिक किसान अपनी समस्याएं और सुझाव प्रशासन तक पहुंचा सकें।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि किसान दिवस में अपनी समस्याये एवं सुझाव लिखित रूप से उपलब्ध कराये, जिससे उनका निस्तारण सम्बन्धित विभाग से समय से कराया जा सके। किसान दिवस में जेठवारा के अनंत सिंह तोमर ने भूलेख नक्शा उपलब्ध कराने और चकमार्ग पर हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग उठाई। वहीं पम्मी सिंह ने उसरी गांव में स्वीकृत पशु चिकित्सालय का निर्माण शुरू न होने और गोबरी-जगेसरगंज में दो वर्षों से बंद धान एवं गेहूं क्रय केंद्र को पुनः संचालित कराने की मांग रखी। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। दिलीपपुर की शीला पाल ने भैंस पालन के लिए टीन शेड निर्माण की मांग की, जिस पर डीएम ने मनरेगा के तहत कार्य कराने के निर्देश दिए। सहेरूआ गांव के रजनीकांत ने चकबंदी के बाद भूमि कब्जा एवं अंश निर्धारण की लंबित कार्रवाई का मामला उठाया, जिस पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने किसानों को जानकारी दी कि प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए 20 जून को प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में जनपद में एक वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राममोहन मीना, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में नवागत जिला क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह यादव का हुआ भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** नवागत जिला क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह यादव का बुधवार को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्धार्थनगर में भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत कार्यक्रम ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित हुआ जिसमें जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव सोनू गुप्ता, खो-खो के अंतरराष्ट्रीय अंपायर रविंद्र गुर्जर तथा ब्लॉक व्यायाम शिक्षक राजकुमार यादव सहित कई खेल प्रेमी और पदाधिकारी मौजूद रहे।इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह यादव ने कहा कि सिद्धार्थनगर में यह उनका दूसरा कार्यकाल है। इससे पूर्व वह वाराणसी, जौनपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।उन्होंने कहा कि सिद्धार्थ नगर जनपद में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और प्रदेश सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए संचालित सभी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा जाएगा ताकि अधिक से अधिक खिलाड़ियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जिले के पूर्व खिलाड़ियों एवं विभिन्न खेल संघों के सहयोग से खेलों और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य किया जाएगा।

खो-खो के अंतरराष्ट्रीय निर्णायक रविंद्र गुर्जर ने कहा कि सिद्धार्थनगर के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। यदि उन्हें बेहतर सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं तो अधिक से अधिक खिलाड़ी उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं में जिले का परचम लहराएंगे और खेल के माध्यम से विभिन्न विभागों में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कार्यक्रम के दौरान इब्राहिम बाबा, जिला व्यायाम शिक्षक उपेन्द्रनाथ उपाध्याय, कमल बाबू, प्रेम,अजय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अधिवक्ता के पिता का निधन, प्रमोद व मोना समेत साथियों ने जताया दुःख

**लालगंज, प्रतापगढ़।** भोजपुर तिवारी का पुरवा निवासी समाजसेवी हरिश्चंद्र तिवारी 84 का बुधवार की सुबह बीमारी के चलते निधन हो गया। वह तहसील में वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव तिवारी के पिता भी थे। साथी के पिता के निधन की जानकारी मिलने पर तहसील में शोक छा गया। इधर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने शोकाकुल परिजनों से फोनिक वार्ता कर संवेदना प्रकट की। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, देवी प्रसाद मिश्र, अनिल महेश, अजय शुक्ल गुड्डू, विपिन शुक्ल, अभिषेक शुक्ल, रामअभिलाष यादव, बालेन्द्र त्रिपाठी, रामकुमार पाण्डेय आदि अधिवक्ताओं ने साथी अधिवक्ता के घर पहुंचकर संवेदना प्रकट की। वहीं फूलचंद्र पाण्डेय, अधिवक्ता सुजीत तिवारी, सुधीर तिवारी, संजीत तिवारी, पंकज शुक्ला, हरिश्चंद्र अग्रहरि आदि ने भी स्व0 हरिश्चंद्र तिवारी के निधन को सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में अपूर्णनीय क्षति कहा है।

## पुलिस ने साइबर जागरुकता अभियान के तहत लोगों को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** साइबर जागरूकता अभियान के तहत सीगरहा गांव में लोगों को वर्तमान मे हो रहे पैसों की धोखाधडी/साइबर फ्राड/ व सोशल मीडिया (व्हाट्स एप्प फेसबुक,ट्वीटर जैसे सोशल प्लोटफार्म) पर अनावश्यक रूप से अवैध कमेंट/आपत्तिजनक वीडियो और व्यक्तिगत जानकारियों के दुरूपयोग जैसे अपराधों और साइबर अपराध के प्रति लोटन कोतवाली पुलिस द्वारा जागरूक किया गया। बुधवार को थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा के नेतृत्व में साइबर सेल टीम ने सिगरहा गांव के लोगों को साईबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत साइबर अपराधों से बचने के सम्बन्ध मे जानकारी दी गयी। अपराधों के रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 और एनसीआरपी पोर्टल पर रिपोर्टिंग निर्देशों से अवगत कराया गया। सभी ऑनलाइन खातों के लिए एक ही पासवर्ड का उपयोग करने से बचें। व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी कभी भी किसी अज्ञात फोन कॉल या ईमेल पर साझा न करें। अज्ञात स्रोतों से आए लिंक पर क्लिक करने या अटैचमेंट खोलने से बचें। अपने सभी उपकरणों पर एंटी-वायरस सॉफ्टवेयर इंस्टॉल करें और उसे अपडेट रखें।सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में सावधानी बरतें। ऑनलाइन खरीददारी के लिए केवल सुरक्षित वेबसाइट्स का ही उपयोग करें। इस दौरान कास्टेबल शिवपाल सिंह यादव, महिला कास्टेबल पूजा वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से पिता-पुत्र घायल, पिता की हालत गंभीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुर बावली चौराहे के पास तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से लालगंज ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। जेठवारा थाना क्षेत्र के डेरवा पंडित का पुरवा निवासी ओम प्रकाश शर्मा 60 पुत्र ननकू लाल अपने पुत्र प्रदीप कुमार 25 के साथ किसी रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। इसी दौरान रामपुर बावली चौराहे के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।लोगों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर घायलों को लालगंज ट्रॉमा सेंटर भेजवाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद ओम प्रकाश शर्मा की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं प्रदीप कुमार का उपचार ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है।

## कानपुर में ओवर स्पीड वाहनों पर बड़ी कार्यवाही, तीन मार्गो पर 359 वाहनों के चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग- 34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 3 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

आज दिनांक 17.06.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 73 ट्रक, 6 बस, 95 चार पहिया/ दो पहिया 174 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया।

राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 4 ट्रक, 07 बस, 104 चार पहिया/दो पहिया 115 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 70 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर ने आम जनमानस से अपील की है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिनें से करें। यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलायें। नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है।

## प्रेशर ट्राली की चपेट में आने से युवक की मौत, मचा कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** प्रेशर ट्राली से अचानक दब जाने से युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची तब परिजनो में कोहराम मच गया। उदयपुर थाना क्षेत्र के सेमरा गांव में मंगलवार की रात लगभग ग्यारह बजे जेसीबी मशीन से मिट्टी की खुदाई की जा रही थी। गांव के सुशील 18 पुत्र राम गरीब ट्रैक्टर चला रहा था। अचानक प्रेशर काम नहीं करने से ट्राली ऊपर रह गयी। इस बीच चालक सुशील नीचे आकर प्रेशर ठीक करने लगा। तभी प्रेशर ट्राली के नीचे गिरने से चालक दब गया। गंभीर दशा में उसे परिजन सांगीपुर सीएचसी ले गये। वहां चिकित्सको ने चालक को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी घर पहुंची तब परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पर उदयपुर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव के पीएम की कार्रवाई का प्रयास किया किंतु ग्रामीणों के आक्रोश के चलते वह वापस लौट गयी। मृतक तीन भाईयो में छोटा था। थानाध्यक्ष दीप नारायण का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## नवाबगंज में नव-निर्मित पेट्रोल पंप का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**नवाबगंज (उन्नाव)।** क्षेत्रवासियों को बेहतर ईंधन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नवाबगंज में नव-निर्मित पेट्रोल पंप का शुभारंभ महेंद्र सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। यह पेट्रोल पंप ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह, अमरेश सिंह एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रमोद सिंह (सिंडिकेट) के भाई प्रवेश सिंह द्वारा स्थापित कराया गया है। उद्घाटन समारोह में विधायक बृजेश कुमार रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पेट्रोल पंप के संचालन से नवाबगंज एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। अब क्षेत्रवासियों को पेट्रोल एवं डीजल के लिए भल्ला फार्म या अजगैन तक नहीं जाना पड़ेगा। ईंधन की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने से समय और संसाधनों दोनों की बचत होगी। स्थानीय लोगों ने नव-निर्मित पेट्रोल पंप के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्रीय विकास और जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। लोगों का कहना है कि इससे न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के आर्थिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### असिस्टेंट कमिश्नर जनरल ने डिस्ट्रिक्ट ऑफिस से जुड़े माननीय कोर्ट में पेंडिंग केस के स्टेटस का रिव्यू किया



**नवांशहर-** डिप्टी कमिश्नर गुलप्रीत सिंह औलाख के निर्देशों के अनुसार, असिस्टेंट कमिश्नर (जनरल) रमनजीत ने आज डिप्टी कमिश्नर ऑफिस, SDM, तहसील और दूसरे ऑफिस से जुड़े माननीय कोर्ट में पेंडिंग केस के रिव्यू के लिए एक स्पेशल मीटिंग की। मीटिंग के दौरान, अलग-अलग माननीय कोर्ट में पेंडिंग केस की जांच की गई और केस के मौजूदा स्टेटस के बारे में जानकारी ली गई। असिस्टेंट कमिश्नर जनरल ने अधिकारियों को कोर्ट के आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अलग-अलग कोर्ट में जवाब, क्लेम और फाइलें समय पर जमा की जाएं ताकि किसी भी मामले में एडमिनिस्ट्रेशन की तरफ से कोई कमी न रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को माननीय कोर्ट में पेंडिंग केस की सुनवाई के लिए तय तारीखों पर हाज़िरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। केस के निपटारे में देरी के कारणों का भी रिव्यू किया गया और भविष्य में ऐसी देरी से बचने के लिए सही इंतज़ाम करने को कहा गया।

### दिल्ली के साकेत में 20 दिन से नलों में आ रहा सीवर जैसा काला पानी

दिल्ली। साकेत के सैदुलाजाब इलाके में पिछले 20 दिनों से लोग दूषित जलापूर्ति की समस्या से जूझ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि घरों में दिल्ली जल बोर्ड की ओर से गंदे, बदबूदार और सीवर जैसे काले पानी की आपूर्ति की जा रही है। इससे एक तरफ जहां लोगों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हैं, वहीं दूषित जलापूर्ति से बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। लोगों के मुताबिक इस संबंध में कई बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। सैदुलाजाब गली नंबर-3 के निवासियों के अनुसार पिछले करीब 20 दिनों से गंदा पानी मिल रहा है। पानी में इतनी भीषण बदबू है कि इसे किसी काम में नही लाया जा सकता है। कई बार तो सीवर के जैसा गंदा और बदबूदार पानी पहुंच रहा है। लोगों ने मजबूरन जल बोर्ड की ओर से मिल रहे पानी को इस्तेमाल करना छोड़ दिया है और बाजार से पानी खरीदकर और टैंकर मंगवाकर जरूरतें पूरी कर रहे हैं। इससे एक तरफ जहां जेब पर भार बढ़ा हुआ है वहीं आए दिन टंकी में गंदा पानी पहुंचने से कई बार उसकी सफाई भी करानी पड़ती है।

### दिल्ली के पॉश इलाके चाणक्यपुरी के एक रेस्तरां में आग, समय रहते टला बड़ा हादसा

**दिल्ली।** चाणक्यपुरी स्थित एक रेस्तरां में बुधवार सुबह आग लग गई। दमकल विभाग को इसकी सूचना सुबह करीब 6:09 बजे मिली, जिसके बाद आनन-फानन में मौके पर पांच गाड़ियों को भेजा गया और करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। हादसे में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ है। अभी तक आग लगने की वजह का भी पता नहीं चल सका है। मामले की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले, मंगलवार दोपहर को उत्तरी दिल्ली के शास्त्री नगर मेट्रो स्टेशन के सामने स्थित एक फैक्ट्री में आग लग गई थी। आग लगने की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर दमकल विभाग की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

**NOTICE**

It is informed to the general public that I, BAHARUL HOQUE CHOUDHURY, Date of Birth-12-03-1978, S/O. Late Abdul Malik Choudhury, a permanent resident of- Vill. Cachar Sugar Mill Colony, P.O. & P.S. Ratabari, Dist. Sribhumi (Karimganj), Assam, I am citizen of India by birth and permanent resident of the above mentioned address. That I am the holder of Passport vide No.E1127307. That my actual and correct name is Baharul Hoque Choudhury. That in my aforesaid Passport my name has been recorded as Mohammed Baharul Hoque Choudhury instead of my actual and correct name Baharul Hoque Choudhury. That both Baharul Hoque Choudhury & Mohammed Baharul Hoque Choudhury are the names of same and one person i.e. my name. That my father's actual & correct name is Abdul Malik Choudhury. That in my aforesaid Passport my father's name has been recorded as Md. Abdul Malik Choudhury instead of Abdul Malik houdhury. That both Abdul Malik Choudhury & Md. Abdul Malik Choudhury are the names of same & one person i.e. my father's name.

# सलमान खान की वजह से हुई गुरु रंधावा के जिम पर फायरिंग, दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में शूटर ने उगला सच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार में पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा के '24 ॥श्ह्वह्व्र फिटनेस जिम' के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग के मामले में क्राइम ब्रांच ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो शूटरों को बहादुरगढ़ से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सोनीपत के रेवारा गांव के अरमान और तुषार उर्फ टाशू उर्फ पिंकू के रूप में हुई है। इन्होंने अमेरिका में बैठे लॉरेंस गिरोह के गैंग्सटर अनिल पंडित के निर्देश पर फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस दोनों आरोपितों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है और फरार उनके दो साथियों की तलाश में जुटी है। क्राइम ब्रांच के विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल के मुताबिक, 11 जून की सुबह करीब चार बजे पश्चिम विहार में पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा के '24 Hours फिटनेस जिम' के बाहर फायरिंग की गई थी। जांच में पता चला कि मोटरसाइकिल पर सवार दो हमलावरों ने जिम पर फायरिंग की। हालांकि इस वारदात में कोई घायल नहीं हुआ था। स्थानीय पुलिस को मौके से सात खाली कारतूस जब्त किए और केस दर्ज कर जांच शुरू की।

**सलमान खान से नजदीकी बढ़ने पर करवाई थी फायरिंग**

बाद में, लॉरेंस गिरोह के अनिल पंडित की एक इंस्टाग्राम पोस्ट इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुई। इस पोस्ट में उसने जिम में हुई फायरिंग की घटना की जिम्मेदारी ली। पोस्ट में आरोप लगाया गया कि गुरु रंधावा बालीवुड एक्टर सलमान खान के बहुत करीब आ रहे थे। उसने यह भी दावा किया कि उन्होंने पहले ही रंधावा को सलमान खान से दूर रहने की चेतावनी दी थी, जिसे वे अपना दुश्मन मानते हैं। आरोपितों को पकड़ने के लिए मामला क्राइम ब्रांच को सौंपा गया और एसीपी एमेश बर्थवाल की देखरेख में और इंस्पेक्टर राकेश कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने हमलावरों के भागने के रास्ते का पता लगाया और लगभग 100 किलोमीटर के दायरे में उनकी गतिविधियों को ट्रैक किया और दिल्ली और हरियाणा में मुखबिरों से जानकारी जुटा साहिल, सागर, अरमान और तुषार की पहचान की। इसके बाद 15 जून को गुप्त सूचना पर बहादुरगढ़ से अरमान और तुषार को गिरफ्तार कर लिया।

**साहिल और सागर का चचेरा भाई है अरमान**

पूछताछ में पता चला कि अरमान 10वीं तक पढ़ा है और 2022 में पिता की निधन के बाद अपनी मां व बहन के साथ तिलक नगर में रह रहा था। वह शूटर साहिल और सागर का चचेरा भाई है। तुषार 12वीं तक पढ़ा है। उसके माता-पिता ने 2008 में आत्महत्या कर ली थी। वह 2023 में स्टडी वीजा पर रूस गया था और वहां केएफसी में काम करता था। 31 मई को देश लौटने के बाद वह साहिल-सागर के संपर्क में आया और जिम के बाहर फायरिंग की साजिश में शामिल हो गया।

## परिवारिक विवाद में चचेरे भाई के सीने में दागीं 6 गोलियां, दिल्ली के संगम विहार में सुबह-सुबह गूंजीं गोलियां

**दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के संगम विहार में शिव मंदिर के पीछे 16 नंबर गली में बुधवार सुबह पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। 25 वर्षीय चचेरे भाई भूरा की छह राउंड गोलियां दागकर हत्या कर दी गई। आरोपी इंद्रजीत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार, दोनों परिवार आसपास ही रहते हैं और लंबे समय से उनके बीच छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार सुबह विवाद बढ़ गया, जिसके बाद इंद्रजीत ने भूरा पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। घटनास्थल पर ही भूरा की मौत हो गई। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने बताया है कि दोनों परिवारों के बीच पुरानी रंजिश थी, जो समय-समय पर झगड़ों में बदल जाती थी। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी इंद्रजीत को जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया गया है।

## 'अल्फा' का ट्रेलर देख याद आए 'धुरंधर' के जमील जमाली, रणवीर की फिल्म को नहीं भूला पाए फैंस; आलिया को किया ट्रोल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




आलिया भट्ट की फिल्म 'अल्फा' के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। हालिया रिलीज 'अल्फा' के ट्रेलर को नेटिजंस ने जिस तरह से ट्रोल किया है, वह मेकर्स के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकती है। दरअसल, सोशल मीडिया पर कई यूजर्स 'अल्फा' की तुलना फिल्म 'धुरंधर' से कर रहे हैं। बता दें कि 'धुरंधर' और 'अल्फा' दोनों ही स्पाई एक्शन फिल्म हैं। जानिए, 'अल्फा' को ट्रोल करते हुए सोशल मीडिया यूजर्स क्या कह रहे हैं।

**'धुरंधर' के जमील जमाली को बताया बेस्ट स्पाई**

'अल्फा' के ट्रेलर में आलिया भट्ट एक स्पाई के रोल मे हैं। वह एक्शन सीन्स करती दिख रही हैं। लेकिन उनका यह अंदाज दर्शकों को कुछ खास नहीं जमा है। इसके बजाय 'धुरंधर 2' में बिना एक्शन किए ही जमील जमाली ने बेस्ट स्पाई बनकर दिखाया था, यह बात फैंस के जेहन से नहीं उतर रही है। इसी बात को लेकर फैंस 'धुरंधर 2' फिल्म से जमील जमाली के किरदार के सीन सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं, इन्हें 'अल्फा' से बेहतर बता रहे हैं। वहीं रणवीर सिंह कई सीन्स को भी दर्शक मास्टरपीस बोल रहे हैं। फैंस 'धुरंधर 2' की दीवानगी में ऐसे खोए हैं कि उन पर 'अल्फा' के ट्रेलर का कोई असर नहीं हो रहा है।

**अरशद पप्पू जैसे छोटे किरदार भी 'अल्फा' के ट्रेलर पर भारी**

फिल्म 'धुरंधर 2' में अरशद पप्पू नाम का एक छोटा किरदार था, जो ल्यारी का एक बदमाश था। उसके सीन्स को भी फैंस 'अल्फा' के ट्रेलर से बेहतर बता रहे हैं। वहीं कुछ यूजर्स 'अल्फा' के डायलॉग्स का भी मजाक बना रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स 'धुरंधर' के हिट डायलॉग सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं। और 'अल्फा' के डायलॉग्स को बिल्कुल हल्का बता रहे हैं।

फिल्म 'अल्फा' में आलिया भट्ट, शरवरी के अलावा बॉबी देओल और अनिल कपूर अहम भूमिकाओं में हैं। ट्रेलर में ऋतिक रोशन की झलक भी दर्शकों को मिली है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह फिल्म में कैमियो करेंगे। यह फिल्म 03 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'अल्फा' यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म है।

## ड्रग-फ्री इंडिया कैंपेन एडिशनल डिप्टी कमिश्नर ने अधिकारियों को शपथ दिलाई

**● एडमिनिस्ट्रेशन ने 16 से 26 जून तक ड्रग्स के खिलाफ स्पेशल कैंपेन शुरू किया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शहीद भगत सिंह नगर-** ड्रग-फ्री इंडिया कैंपेन के तहत, शहीद भगत सिंह नगर के डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने एक अहम पहल की है। इस कैंपेन के तहत, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (ADC) संजीव शर्मा की लीडरशिप में डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ड्रग्स के खिलाफ डटकर खड़े होने और समाज को ड्रग-फ्री बनाने की शपथ दिलाई गई। यह कैंपेन पंजाब सरकार के सोशल सिक्योरिटी, महिला और बाल विकास डिपार्टमेंट की कोशिशों से चलाया जा रहा है।ष्ठष्ट संजीव शर्मा ने कहा कि ड्रग-फ्री इंडिया कैंपेन के तहत लगातार अवेयरनेस एक्टिविटीज़ की जा रही हैं। इस बार 16 जून से 26 जून तक एक स्पेशल एक्शन प्रोग्राम बनाया गया है, जिसमें ऑनलाइन मास प्लेज कैंपेन, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और निबंध कॉम्पिटिशन ऑर्गनाइज़ किए जाएंगे। इस कैंपेन का मुख्य मकसद युवाओं को ड्रग्स के दलदल से निकालकर स्पोर्ट्स और दूसरी क्रिएटिव एक्टिविटीज़ की ओर मोटिवेट करना है। ये सभी एक्टिविटीज़ कॉलेज और अलग-अलग डिपार्टमेंट के साथ मिलकर डिस्ट्रिक्ट, ब्लॉक और गांव लेवल पर की जाएंगी ताकि डिस्ट्रिक्ट को पूरी तरह से ड्रग फ्री बनाया जा सके। इस दौरान अलग-अलग डिपार्टमेंट के ऑफिसर मौजूद थे।

## रेड फोर्ट आतंकी हमला: अलफलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक जवाद अहमद सिद्दीकी ने मांगी बेल



**दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने रेड फोर्ट आतंकी हमले के आरोपी और अलफलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक जवाद अहमद सिद्दीकी की जमानत याचिका पर एन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) से जवाब मांगा है। सिद्दीकी ने अपनी पत्नी के कैंसर इलाज के आधार पर जमानत की मांग की है। कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर याचिका पर अपना पक्ष रखने को कहा है। जवाद अहमद सिद्दीकी पर रेड फोर्ट पर हुए आतंकी हमले के मामले में संलिप्तता का आरोप है। सिद्दीकी लंबे समय से जेल में हैं।

## कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने अलग-अलग गांवों के विकास के लिए 1.5 करोड़ रुपये जारी किए

**● BDPO ऑफिस में चेयरमैन, वाइस चेयरमैन और कमेटी मेंबर के साथ खास मीटिंग**

**पंजाब सरकार गांवों के हर तरह के विकास के लिए पूरी तरह तैयार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**होशियारपुर-** पंजाब सरकार की तरफ से गांवों के हर तरह के विकास और लोगों को बेहतर बेसिक सुविधाएं देने के मकसद से पंजाब के जेल और ह्रक्रढ्ढ मामलों के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने आज लोकल BDPO ऑफिस में एक खास मीटिंग की, जिसमें कहा कि पंजाब सरकार गांवों की सूरत बदलने के लिए बड़े कदम उठा रही है। मीटिंग के दौरान, ब्लॉक-1 के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन और सभी कमेटी मेंबर से बात करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने ब्लॉक के तहत अलग-अलग गांवों में चल रहे विकास कामों का रिव्यू किया। कैबिनेट मंत्री ने भविष्य में किए जाने वाले विकास प्रोजेक्ट के बारे में डिटेल में चर्चा की। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पंजाब सरकार ने ब्लॉक-1 के अलग-अलग गांवों के विकास कामों में और तेजी लाने के लिए पंचायतों को 1.50 करोड़ रुपये की रकम जारी की है। उन्होंने कहा कि इन फंड का इस्तेमाल गांवों में सड़कें, गलियां, नालियां, पीने का साफ पानी, स्ट्रीट लाइट और दूसरी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। डॉ. रवजोत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार गांवों के विकास को पूरी प्राथमिकता दे रही है।

सरकार का मकसद गांवों को हर तरह से मजबूत और विकसित बनाना है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने पहले भी कई ऐतिहासिक विकास के फैसले लिए हैं, जिनका सीधा फायदा आम लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों और समिति सदस्यों के साथ मीटिंग करके विकास कामों का रिव्यू करने का मकसद गांवों की समस्याओं को गहराई से जानना और उनका जल्द से जल्द समाधान पक्का करना है। मीटिंग के दौरान मौजूद कमेटी के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन और सदस्यों ने भी पंजाब सरकार और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का धन्यवाद किया और कहा कि



सरकार गांवों के विकास के लिए रिकॉर्ड लेवल पर फंड जारी कर रही है, जिससे विकास कामों को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि लोगों की भलाई के लिए समर्पित सरकार की नीतियों की वजह से गांवों में इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हो रहा है और लोगों की लंबे समय से पेंडिंग मांगें पूरी हो रही हैं। कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों से विकास के कामों की क्वालिटी पक्का करने की अपील की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पंजाब सरकार आने वाले समय में भी गांवों के विकास के लिए इसी तरह कोशिश करती रहेगी और हर सेक्टर का चौतरफा विकास पक्का किया जाएगा। कैप्शन - पंजाब जेल और NRI मामलों के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह B.D., P.O. ऑफिस में प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग करते हुए।

## PCS ऑफिसर पूनम सिंह ने मानसा में एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (जनरल) का चार्ज संभाला

**● 2014 बैच की अनुभवी ऑफिसर ने मानसा, बठिंडा और लुधियाना में अहम एडमिनिस्ट्रेटिव पदों पर काम किया है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मानसा-** अमृत पाल सिद्धू और गौरव सिद्धू द्वारा सीनियर पंजाब सिविल सर्विसेज़ (PCS) ऑफिसर पूनम सिंह, जो 2014 बैच की एक जानी-मानी सदस्य हैं, ने ऑफिशियली मानसा में एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (जनरल) का पद संभाल लिया है। एडमिनिस्ट्रेटिव अनुभव और साबित ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, सिंह जिले में डायनैमिक लीडरशिप लाने के लिए तैयार हैं। पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में पूनम सिंह के करियर में कई बड़े जिलों में अहम काम किए गए हैं। इस रोल से पहले, उन्होंने मानसा जिले के सरदूलगढ़ सबडिवीजन में सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (SDM) के तौर पर काम किया, जहाँ उन्होंने सरकारी पहलों को लागू करने और स्थानीय चिंताओं को दूर करने में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा, पूनम सिंह ने मानसा में असिस्टेंट कमिश्नर का पद भी संभाला है, जिससे जिले के एडमिनिस्ट्रेटिव फ्रेमवर्क के बारे में उनकी समझ और मजबूत हुई है। उनके प्रोफेशनल सफर में बठिंडा और लुधियाना में एडिशनल डिप्टी कमिश्नर के तौर पर भी खास समय शामिल है, जहाँ उन्होंने कई ज़रूरी ज़िम्मेदारियाँ निभाईं। इन भूमिकाओं में उनकी लीडरशिप की खासियत असरदार गवर्नेंस और डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक पूरा करने पर फोकस थी। ऑफिस संभालने के बाद ब्क्र सिद्धू से बात करते हुए, सिंह ने मानसा के डेवलपमेंट के लिए अपना विज़न बताया। उन्होंने चल रहे डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स और अलग-अलग सरकारी वेलफेयर स्कीम्स को असरदार तरीके से लागू करने के अपने कमिटमेंट पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, 'मेरी सबसे पहली प्राथमिकता जिले के पूरे डेवलपमेंट के लिए काम करना है, साथ ही लोगों की शिकायतों को तुरंत दूर करना है।' सिंह ने



ट्रांसपेरेंट और लोगों पर केंद्रित गवर्नेंस के महत्व पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने यह पक्का करने के लिए सभी डिपार्टमेंट्स के साथ मिलकर काम करने का वादा किया कि एडमिनिस्ट्रेशन नागरिकों की ज़रूरतों के प्रति रिस्पॉन्सिव बना रहे। उन्होंने आगे कहा, 'लोगों की समस्याओं को हल करना और अच्छा गवर्नेंस देना हमारी कोशिशों का मुख्य हिस्सा होगा।' एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (जनरल) के तौर पर पूनम सिंह की नियुक्ति से मानसा की एडमिनिस्ट्रेटिव मशीनरी में नया फोकस और एनर्जी आने की उम्मीद है। उनके बहुत ज़्यादा अनुभव और पब्लिक सर्विस के प्रति लगन से पॉजिटिव बदलाव आने और जिले की पूरी तरक्की में योगदान मिलने की उम्मीद है।

## विद्यासागर कॉलेज की एनएसएस इकाई का 'दाना-पानी अभियान', पक्षियों के संरक्षण का दिया संदेश

**● भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए आगे आए छात्र, अभियान से जगाई संवेदनशीलता**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गर्मी के मौसम में पक्षियों को भोजन और पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विद्यासागर कॉलेज ऑफ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 'दाना-पानी अभियान' का आयोजन किया गया। अभियान के तहत कॉलेज परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों में पक्षियों के लिए दाना और स्वच्छ पानी की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक डॉ. बिजय कुमार झा, यूथक्रिया ग्लोबल ऑर्गेनाइजेशन के संस्थापक एवं गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष राघब चंद्र नाथ, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रंगलाल बिस्वास, शिक्षक मोहम्मद नासिर उद्दीन तथा एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर डॉ. झा ने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान पक्षियों को भोजन और पानी की कमी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में समाज के छोटे-छोटे प्रयास भी उनके जीवन की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। राघब चंद्र नाथ ने विद्यार्थियों एवं आम



नागरिकों से अपने घरों, छतों और बालकनियों में मिट्टी के बर्तनों में पानी तथा दाना रखने की अपील की। उन्होंने कहा, 'जीव दया ही सच्चा धर्म है। पक्षियों का संरक्षण कर हम प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में योगदान दे सकते हैं।' अभियान के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने मिट्टी की परातों और कुल्हड़ों में पानी भरकर कॉलेज परिसर के विभिन्न स्थानों पर रखा तथा लोगों को भी पक्षियों के प्रति संवेदनशील होकर ऐसे प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार की सामाजिक एवं पर्यावरणीय गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा, संवेदनशीलता और प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित की जा रही है।

## दिल्ली के डीएम कार्यालय में मुख्यमंत्री ने किया सिटिजन लाउंज और लर्निंग सेंटर का उद्घाटन

**दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को नई दिल्ली जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) कार्यालय परिसर में नवनिर्मित सिटिजन लाउंज-कम-न्यू एज लर्निंग सेंटर और आधुनिक शौचालय ब्लाक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आधुनिक सिटिजन लाउंज, लाइब्रेरी एवं रीडिंग कार्नर का भी अवलोकन किया। उन्होंने इस पहल को सुशासन और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा कि प्रशासनिक कार्यालयों में आने वाले नागरिकों को सम्मानजनक, सुविधाजनक और सकारात्मक अनुभव मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुड गवर्नेंस का अर्थ केवल योजनाओं तक सीमित रहना नहीं है, बल्कि नागरिकों को सहज सेवाएं उपलब्ध कराना भी है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यह परिसर केवल एक वेटिंग लाउंज या लाइब्रेरी नहीं, बल्कि नई सोच और बेहतर प्रशासन का एक बड़ा प्रतीक भी है। यहां आसपास की बस्तियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के बच्चे भी आकर आसानी से अध्ययन कर सकेंगे। इसे युवाओं और विद्यार्थियों के लिए एक बड़े ज्ञान एवं कौशल विकास केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां कानून, प्रशासन, करियर मार्गदर्शन और प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण पुस्तकें उपलब्ध हैं। साथ ही डिजिटल संसाधनों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कंप्यूटर भी स्थापित किए गए हैं।

## सीलापथार के 15वीं राष्ट्रीय राजमार के विद्युतपृष्ठ होकर एक बुजुर्ग की मौत



**धेमाजी असम।** आज संध्या करीब 7बजे सिलापथार से सिलागांव के राष्ट्रीय राजमार्ग 15 पर बिजली का झटका लगने से एक आदमी की मौत हो गई। पीड़ित की पहचान 1नंबर सिलागांव के 58 साल के गणेश दास के रूप में हुई है। घटना उस समय हुआ जब गणेश ने रस्ते पार करते समय स्ट्रीट लाइट के खंभे को स्पर्श करते ही विद्युतपृष्ठ हखर मौत हो गई। लोग अब सवाल उठ रहे हैं कि गलती किसकी थी। बिजली विभाग की या सड़क बनाने वाली कंपनी की? हमेशा व्यस्त रहने वाली जगह पर कई स्कूल हैं,यहां स्कूल के छात्रों और आम लोगों का आना-जाना लगा रहता है। पीड़ित की मृत देह सिलापथार पुलिस ने को मौके से बरामद कर ली गई है लेकिन असली राज पुलिस जांच के बाद ही पता चलेगा।

## 'ट्रंप से तीन भारतीयों की हत्या पर बात करें मोदी', केजरीवाल का केंद्र पर हमला; नीट पेपर लीक पर भी घेरा

**● केजरीवाल ने होर्मुज जहाज हमले में भारतीयों की मौत पर पीएम मोदी से ट्रंप के सामने नाराजगी जताने की अपील की है। उन्होंने नीट पेपर लीक और टेलीग्राम प्रतिबंध पर भी केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए, आरोप लगाया कि पेपर लीक का धंधा अरबों का है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** होर्मुज में जहाज पर हुए हमले में तीन भारतीयों की हत्या पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमलावर हैं। केजरीवाल ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने तीन भारतीयों की हत्या को लेकर कड़ी नाराजगी जताने की प्रधानमंत्री मोदी से अपील की है। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक वीडियो संदेश एक्स पर साझा कर कहा कि प्रधानमंत्री फ्रांस में ट्रंप से मिल रहे हैं, केजरीवाल ने




उम्मीद जताई कि तीन भारतीयों की हत्या पर भारत का सख्त विरोध और गुस्सा उन तक पहुंचाएंगे।

**टेलीग्राम पर प्रतिबंध लगाने पर उठाए सवाल**

वहीं, केजरीवाल केजरीवाल ने नीट परीक्षा को लेकर 22 जून तक टेलीग्राम एप पर पूरे भारत में प्रतिबंध लगाने को लेकर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की पेपर लीक रोकने की नीयत ही नहीं है। इसलिए इस तरह के बेतुके कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने कहरा कि सेना के जहाज़ों से पेपर ट्रांसपोर्ट करने और टेलीग्राम बंद करने से पेपर लीक होना नहीं रुकेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक का धंधा अरबों का है, पैसा टाप तक जाता है। उन्होंने तंज कसा कि पेपर लीक बंद कर दिए तो एमएलए और एमपी खरीदने के पैसे कहां से आएंगे।

# इटली: सोशल मीडिया ने ले ली 12 साल की बच्ची की जान

**● माता-पिता ने Meta और Tiktok पर ठोका मुकदमा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रोम।** इटली की 12 साल की रोसेला रोजेरो उगुएस की जिंदगी सोशल मीडिया एल्गोरिदम की गिरफ्त में आकर खत्म हो गई। उसकी मां आइरीन ने बताया कि बेटी के व्यवहार में अचानक बदलाव आया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लगातार उसे खुद को नुकसान पहुंचाने वाले कंटेंट दिखा रहा था, जिसके बाद रोसेला ने आत्महत्या कर ली।

**फेक अकाउंट से डिप्रेशन का शिकार**

रोसेला की मौत के बाद माता-पिता ने जब उसका मोबाइल और लैपटॉप खोला तो पता चला कि वह जितना सोचते थे, रोसेला उससे कहीं ज्यादा सोशल मीडिया इस्तेमाल कर रही थी। उसने 'Just a dead pers0n' नाम से फेक इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया था, जिसके यूजर नेम में 'O' की जगह '0' (जीरो) का इस्तेमाल किया गया था। सितंबर 2023 में डिप्रेशन से जुड़े कंटेंट देखना शुरू करने के बाद महज पांच महीने बाद ही उसकी मौत हो गई। उत्तरी इटली के एस्टी शहर में रॉयटर्स से बात करते हुए आइरीन ने कहा, 'एक समय लगा जैसे यह सब अपने आप बढ़ता जा रहा हो। उसने उसकी खुशमिजाज और मिलनसार व्यक्तित्व को पूरी तरह दबा दिया।' उन्होंने इसे अचानक आई विनाशकारी बीमारी की तरह बताया।

**माता-पिता का ने किया केस**

रोसेला के माता-पिता उन कई परिवारों में शामिल हैं जिन्होंने इटली में पहली बार इंस्टाग्राम-फेसबुक की मालिक कंपनी मेटा और टिकटॉक के खिलाफ सामूहिक मुकदमा दायर किया है। परिवार नाबालिगों की पहुंच पर सख्त पाबंदी और जोखिमों के प्रति जागरूकता की मांग कर रहे हैं। मेटा के प्रवक्ता ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि कंपनी टीन अकाउंट्स और सुरक्षा उपायों के जरिए किशोरों की सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रही है। टिकटॉक ने भी दावा किया कि वह 99 प्रतिशत से ज्यादा हानिकारक कंटेंट हटा देता है और सुरक्षा में निवेश जारी रखे हुए है।

**यूरोप में बढ़ती चिंता**

पूरे यूरोप में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की जांच तेज हो रही है। ब्रिटेन ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाने की योजना बनाई है।

यूरोपीय संघ डिजिटल सर्विसेज एक्ट के तहत सोशल में मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर दबाव बना रहा है। वकील स्टेफानो कोमोडो ने कहा, 'मकसद सोशल मीडिया के फायदों को नकारना नहीं, बल्कि सबसे कमजोर यूजर्स के लिए नुकसानदेह तकनीकी और मार्केटिंग तरीकों को हटाना है।' माता-पिता का कहना है कि प्लेटफॉर्म्स की सुरक्षा व्यवस्था काफी नहीं है। बच्चे आसानी से फिल्टर बायपास कर लेते हैं।